YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-122 ❒ मंगलवार, 03 जून 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



आतंकवाद के खिलाफ़ अभियान पर भारत का संदेश दुनिया तक पहुँचाने के मिशन में हूं लेकिन यह खेदजनक है कि देश में कुछ लोग राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के गुणभाग में लगे हैं। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है। सलमान खुर्शीद

विमानन क्षेत्र में वैल्यू चेन लीडर के रूप में उभरेगा भारत : मोदी 11

मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से पूर्ण करें: नीतीश कुमार 12

## संक्षेप

### नीट-पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

### मई 2025 में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** देश के डिजिटल भुगतान में मई 2025 में जबरदस्त तेजी देखी गयी और इस महीने में यूनिफाइड पेंमेट इंटरफ़ेस (यूपीआई) के माध्यम से लेनदेन बढ़कर 25.14 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस महीने में दैनिक लेनदेन 81106 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार यूपीआई ने मई 2025 में मजबूत रिकवरी दर्ज की, जिसमें 18.68 अरब लेनदेन संसाधित किए गए, जो अप्रैल 2025 में 17.89अरब से अधिक है। मई के आंकड़े पिछले साल इसी महीने में 14.03 अरब लेनदेन की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ो के अनुसार मूल्य के हिसाब से मई 2025 में यूपीआई लेनदेन बढ़कर 25.14 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल 2025 के 23.95 लाख करोड़ रुपये से 5 प्रतिशत अधिक है। यह मई 2024 में 20.45 लाख करोड़ रुपये से 23 प्रतिशत अधिक है। औसत दैनिक लेनदेन की मात्रा 60.2 करोड़ रही, जबकि औसत दैनिक लेनदेन मूल्य 81,106 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। अप्रैल 2025 में गिरावट के बाद मई में फिर से उछाल आया है। इस वर्ष मार्च में यूपीआई लेनेदने की मात्रा 18.3 अरब पर आ गया था। इस नरमी का कारण कई सेवाओं में व्यवधान था, जिससे भुगतान प्रवाह प्रभावित हुआ।

### शैलेश सी मेहता एफएआई के अध्यक्ष निर्वाचित

**नयी दिल्ली।** उर्वरक उद्योग के सार्वजनिक उपक्रमों, संयुक्त उपक्रमों और निजी क्षेत्र की संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष संस्था भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) ने दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड और महाधन एग्रीटेक लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शैलेश सी मेहता को अपना नया अध्यक्ष निर्वाचित किया है। उद्योग में चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ श्री मेहता ने पांच वर्षों से अधिक समय तक भारतीय उर्वरक संघ (पश्चिमी क्षेत्र) के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं।

## अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा-2

# आयोजन आज से, तैयारियां पूरी

एजेंसी

- ❒ राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान राम दरबार समेत परकोटे की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समेत चार कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री
- ❒ मां सरयू जन्मोत्सव, ट्रस्ट अध्यक्ष के जन्मोत्सव व विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होने की संभावना
- ❒ राम मंदिर व हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई है छाया की व्यवस्था
- ❒ कार्यक्रम व हीट स्ट्रोक को देखते हुए जिले के सभी अस्पतालों में 10-10 बेड किये गए रिजर्व



अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना सहित परकोटे में स्थित छह अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह समारोह 5 जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर अपने चरम पर पहुंचेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वीवीआईपी शामिल होंगे।

अनुष्ठान का शुभारंभ सोमवार शाम सरयू तट से शुरू होने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। यह यात्रा वीणा चौक, रामपथ, सिंगारहाट और रंगमहल बैरियर से होते हुए राम जन्मभूमि मंदिर परिसर पहुंची। 3 और 4 जून को सुबह 6:30 बजे से 12 घंटे तक पूजा-अनुष्ठान होंगे, जिसमें 1975 मंत्रों के साथ अग्नि देवता को आहुति दी जाएगी। इसके साथ ही रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा और अन्य भक्ति भजनों का पाठ किया जाएगा। मुख्य समारोह 5 जून को होगा, जिसमें राम दरबार (श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समारोह में चार प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अनुष्ठान के अलावा मां सरयू त्रयोदशी जन्मोत्सव, ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस बार उन संतों और गृहस्थों को आमंत्रित किया गया है, जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो सके थे।

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह छाया की व्यवस्था की गई है। पेयजल व शौचालय के भी इंतजाम किए गए हैं।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि गर्मी और हीट स्ट्रोक को ध्यान में रखते हुए छाया और पेयजल की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी अस्पतालों में 10-10 बेड विशेष रूप से आरक्षित करा दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में विश्राम स्थल और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। ओआरएस के पाउच का भी वितरण कराया गया है। मंदिर परिसर व चौकी और थानों पर भी ओआरएस के पैकेट बटवाये गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई प्राण प्रतिष्ठा के अलावा पुष्प वाटिका में पौधरोपण, ट्रस्ट अध्यक्ष के जन्मोत्सव व सरयू महोत्सव में भी शामिल होंगे।

एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि आगामी कार्यक्रम को लेकर डीएम के साथ कई बार स्थलीय निरीक्षण किया गया है। लगातार जारी भी है। हमारे लिए वीआईपी के अलावा सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। ● शेष पेज 11 पर

### चंपत राय ने की अपील, प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। वही लोग अयोध्या आएं जिन्हें राम लला का दर्शन करना होगा। अभी मौसम भी अनुकूल नहीं है। राम दरबार व परकोटे में बनाए गए मंदिरों का दर्शन श्रद्धालु अभी कुछ महीने नहीं कर पाएंगे। राम मंदिर निर्माण की बाधाएं अभी सामने आ रही हैं। राम दरबार परकोटे में बनाए गए मंदिरों का दर्शन श्रद्धालु अभी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने जन्मदिन पर पांच जून को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में नवनिर्मित मन्दिरों व प्रथम तल पर श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित रहेंगे। यह एक संयोग है कि उनका जन्मदिन और गंगा दशहरा भी इसी दिन है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया है कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 5 जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। बड़ा कार्यक्रम करना मौसम के कारण सम्भव नहीं है।आप सभी लोग अपनी परिस्थिति के अनुसार आते हैं उसी अनुसार आये।

# ‘अगली कोविड महामारी’ अभी खत्म नहीं हुई : दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में कहा कि ‘‘अगली कोविड महामारी’’ अभी खत्म नहीं हुई है।

उच्च न्यायालय ने नमूने एकत्र करने, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए केंद्र सरकार की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि यह आशा है कि इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे और प्रोटोकॉल लागू होंगे, लेकिन फिर भी संबंधित अधिकारियों को इसे रिकॉर्ड पर लाना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, ‘‘यह देखते हुए कि अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है और वास्तव में, समुदाय के बीच सक्रिय है। आज खबरों के अनुसार, 30 मई, 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों को लेकर कोई कमी है, तो यह एक गंभीर मुद्दा है। अदालत के 28 मई के आदेश में कहा गया, आज की तारीख में समुदाय में कोविड-19 के सक्रिय होने की व्यापक रिपोर्ट के मद्देनजर निश्चित रूप से यह अत्यावश्यक है; इसलिए, प्रतिवादी से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह उपायों को निश्चित रूप प्रदान करें ताकि ये एसओपी लागू हो सकें और बैठक में जो भी निर्णय लिया गया था, वह अपने उचित निष्कर्ष पर पहुंच सके। अदालत डॉ. रोहित जैन द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा 27 जनवरी, 2023 को पारित आदेश का अधिकारियों द्वारा पालन नहीं किया गया। पीठ ने इस मुद्दे पर जैन की याचिका का ● शेष पेज 11 पर

### देश में कोराना के 3961 सक्रिय मामले, पिछले 24 घंटे में चार मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं, सोमवार सुबह तक कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3961 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गयी है।
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर आज सुबह साढ़े आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 3961 सक्रिय मामले हैं। अभी तक 2188 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 32 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 203 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 370 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गयी। राष्ट्रीय राजधानी के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है।
स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं ● शेष पेज 11 पर

# सबसे अधिक राजस्व मामले निस्तारित कर लखनऊ अव्वल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ राजस्व वादों के मामलों के तेजी से निस्तारण के सीएम योगी के निर्देशों का दिख रहा असर
- ❒ जिला न्यायालयों में जौनपुर ने मारी बाजी
- ❒ कुल राजस्व मामले के निस्तारण में जौनपुर दूसरे और प्रयागराज तीसरे पायदान पर जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व मामलों के निस्तारण में जौनपुर पहले

लखनऊ। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है।

सीएम योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में राजस्व मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। राजधानी में सबसे अधिक कुल 15,137 मामले निस्तारित किये गये मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की मई की रिपोर्ट के अनुसार मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किए गए, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद जौनपुर 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जनपद स्तरीय न्यायालयों में जौनपुर ने मारी बाजी, सबसे अधिक 563 मामले किये निस्तारित जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की मई की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है। इसका प्रतिशत 225.20 है। इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में ● शेष पेज 11 पर

# पराग्वे लैटिन अमेरिका महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक : मोदी

एजेंसी



❒ भारत और पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

नयी दिल्ली। भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। श्री मोदी ने कहा, आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास ● शेष पेज 11 पर

# यूरिया के ज्यादा इस्तेमाल से है मिट्टी, फसल और इंसान की सेहत को खतरा : विशेषज्ञ

एजेंसी



नयी दिल्ली। विशेषज्ञों का कहना है कि यूरिया के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल से है मिट्टी, फसल और इंसान की सेहत को खतरा है।

इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) के एग्रीकल्चर पॉलिसी, सस्टेनेबिलिटी एंड इनोवेशन (एपीएसआई) प्रकोष्ट द्वारा आज यहां आयोजित ‘बेहतर फसल और मानव पोषण के लिए मिट्टी की सेहत को सुधारने’ विषय पर परिचर्चा में विशेषज्ञों ने यह बता कही। इस परिचर्चा का उद्देश्य भारत में मिट्टी की सेहत से जुड़ी मौजूदा चुनौतियों और उसके खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करना था। इसमें विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसमें यह बात सामने आई कि अत्यधिक सब्सिडी वाले यूरिया का अंधाधुंध इस्तेमाल मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचा रहा है और साथ ही जल स्रोतों को भी प्रदूषित कर रहा है, जिससे खेती की स्थिरता और जनस्वास्थ्य दोनों खतरे में हैं। चर्चा में प्रतिभागियों ने 1960 के दशक में ‘शिप-टू-माउथ’ अर्थव्यवस्था से निकलकर भारत के दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक बनने की यात्रा पर चर्चा की और इस बदलाव से पर्यावरण को हुए नुकसान को भी स्वीकार किया। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्षों से यूरिया जैसे सस्ते नाइट्रोजन उर्वरकों के बेहिसाब उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता गिरी है, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी आई है, जल स्रोत प्रदूषित हुए हैं और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ा है। जबकि भारत सरकार हर साल 22 अरब डॉलर से अधिक की उर्वरक सब्सिडी देती है, फिर भी केवल 35 से 40 ● शेष पेज 11 पर

# हर नागरिक को मिलेगा सुरक्षा का वातावरण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी आईजीआरएस को और मजबूत करेंगे
- ❒ सभी की शिकायतों का तुरन्त समाधान होगा एआई का इस्तेमाल बढ़ाया जाएगा
- ❒ पुलिसकर्मियों को इसकी ट्रेनिंग देंगे नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने गिनाई अपनी प्राथमिकताएं



लखनऊ। नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को कहा कि यूपी में हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा। कानून का राज दिखेगा और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवांस रिड्रेसेल सिस्टम) को और मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस को तकनीक रूप से मजबूत किया जाएगा।

आर्टिफिशियल इंटेजीलेंस (एआई) का इस्तेमाल बढ़ाया जाएगा। इसके लिए एआई की ट्रेनिंग पुलिस

कर्मियों को दी जाएगी। डीजीपी राजीव कृष्ण ने ये प्राथमिकताएं प्रदेश पुलिस के मुखिया बनने के बाद पहली बार मीडिया से रूबरू होकर बताईं। 31 मई को ही उन्होंने निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार से पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। डीजीपी ने अपनी कई और प्राथमिकताओं को साझा किया। संगठित अपराध पर बड़ी कार्रवाई होगी डीजीपी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा। इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। ऐसा करते हुए ही सभी नागरिकों को सुरक्षित वातावरण दिया जाएगा ताकि वह खुद को पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर सके। नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना सर्वोच्च प्राथमिकता में होगा। हर स्तर पर सभी शिकायतों का निपटारा करने के लिए संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। कोशिश रहेगी कि सभी नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उसका शीघ्र समाधान किया जाए। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं डीजीपी ने सख्ती से कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने की पूरी कोशिश होगी। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। हर कीमत पर कानून का राज दिखेगा और प्रदेश के हर हिस्से में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश रहेगी। साइबर अपराध का मुकाबला किया जाएगा डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि साइबर अपराध बड़े खतरे के रूप में सामने हैं। इससे निपटने के लिए बेहतर तकनीक का इस्तेमाल होगा। साथ ही लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि पुलिस की ओर से नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं को बेहतर किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि पुलिस की सेवाएं नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से सुलभ और उत्तरदायी हों। पुलिस कर्मियों को भी मिलेगी सुविधाएं डीजीपी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े इस पुलिस महकमे के हर कर्मचारी को भी कई तरह की सुविधाएं दी जाएगी। उनके कल्याण पर भी फोकस रहेगा। यह भी प्राथमिकता में शामिल रहेगा ताकि पुलिसकर्मी अपने काम को करने के लिए उत्साहित दिखें। पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कई प्रतिभाशाली पुलिस अधिकारी व कर्मचारी है। इनके कौशल व ज्ञान की पहचान कर उनका उपयोग किया जाएगा ताकि पुलिस फोर्स के भीतर उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। पुलिस कर्मियों को बेहतर ट्रेनिंग दी जाएगी हाल ही में भर्ती हुए 60244 पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग शुरू होने वाली है। इनके और पहले से काम कर रहे पुलिस कर्मियों को बेहतर ट्रेनिंग दी जाएगी। डीजीपी ने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण से ही इतने बड़े महकमे की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। अक्सर ट्रेनिंग का पहलू अधूरा रह जाता है। नागरिकों को बेहतर सेवा दिलाने के लिए पुलिस कर्मियों की समय-समय पर ट्रेनिंग जरूरी है। इनसेट कोशिश होगी ई-रिक्शा ट्रैफिक व्यवस्था में बाधा न बने प्रदेश में ई-रिक्शा ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ी बाधा बने हुए हैं? इस सवाल पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि ई-रिक्शा की वजह से ट्रैफिक न गड़बड़ हो, इसके प्रयास पहले से हो रहे हैं। अब इस दिशा में और प्रयास होंगे। साथ ही कुछ ऐसे कदम उठाए जाएंगे जिससे ये ई-रिक्शा ट्रैफिक व्यवस्था में बाधा न बने। इसके लिए वह जल्दी ही ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के साथ चर्चा करेंगे।

# अगले एक साल में देश को 10 लाख एआई एक्सपर्ट्स की जरूरत होगी : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ उत्तर प्रदेश में एआई नवाचार की शुरुआत: 100 करोड़ की सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रोजेक्ट्स



लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) क्रांति पर विस्तृत विचार साझा करते हुए कहा कि AI सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर भविष्य का इंजन है। Stanford AI Index 2024 के अनुसार, भारत का AI स्किल स्कोर 2.8 है जो अमेरिका (2.2) और जर्मनी (1.9) से भी आगे है। 2016 से 2023 के बीच भारत में इक्र वर्कफोर्स 14 गुना बढ़ी है, और 2026 तक 10 लाख पेशेवरों की आवश्यकता होगी। भारत जेनरेटिव AI में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है, जहाँ 80% कंपनियाँ इक्र को प्राथमिकता दे रही हैं।

विधायक ने आगे जोड़ा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने नीति निर्माण और शिक्षा में AI को केंद्र में रखा है। AICTE के अनुसार, B.Tech सीटों में 14.9 लाख तक की वृद्धि हुई है और भारत का AI बाजार 2025 तक $28.8 बिलियन तक पहुँचने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 100 करोड़ की लागत से इक्र उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की जा रही है और 184 पॉलिटेक्निक संस्थानों में AI प्रशिक्षण शुरू हो चुका है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि सरोजनीनगर को AI उत्कृष्टता का मॉडल क्षेत्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। यहाँ 20 एकड़ क्षेत्र में उत्तर भारत की पहली AI सिटी विकसित हो रही है। अब तक 31 कॉलेजों में डिजिटल इंटरएक्टिव पैनल, 30 में डिजिटल लाइब्रेरी और 14 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। उनका लक्ष्य है कि 50,000 युवाओं को AI और डिजिटल स्किल्स में निःशुल्क प्रशिक्षित किया जाए।

डॉ. सिंह ने कहा, जहां दुनिया संभावनाएं देख रही है, भारत समाधान दे रहा है। आज AI का अर्थ है आकांक्षी भारत, प्रगतिशील भारत और आत्मनिर्भर भारत। उनके नेतृत्व में सरोजनीनगर, तकनीकी समावेशन और युवा सशक्तिकरण के माध्यम से डिजिटल भारत की पहचान बन रहा है।

## बरसाती मेंढक बहुजन समाज का नहीं कर सकते भला : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आजाद समाज पार्टी के मुखिया व नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा आकाश आनंद पर किए गए वार पर सोमवार को पलटवार किया है। मायावती ने चंद्रशेखर आजाद को बरसाती मेंढक बताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बसपा को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन और दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद या मंत्री क्यों ना बन जाएं, इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं। समाज को ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को लखनऊ में पार्टी के कार्यक्रम में मायावती पर हमला बोलते हुए कहा था कि आकाश आनंद को जनता नकार चुकी है और उन्हें मजबूरी में पार्टी में रखा व निकाला जा रहा है। बसपा सुप्रीमो सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद के बचाव में उतरी और चंद्रशेखर आजाद पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बसपा बहुजन हित की एकमात्र अंबेडकरवादी पार्टी है।

# बिजली व्यवस्था भाजपा सरकार ने चौपट कर दी है : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है. समाजवादी सरकार ने पावर प्लांट और बिजली उत्पादन बढ़ाने का कार्य किया था। अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में बिजली उत्पादन बढ़ाने, पारेषण के लिए काम नहीं ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। ग्रामीण इलाके और छोटे शहरों में बिजली कटौती से आमजन त्रस्त है। भाजपा सरकार ने आम जनता के हित में कोई काम नहीं किया। जनता बिजली, पानी के संकट से जूझ रही है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। लोगों में आक्रोश है। लोग जगह-जगह उपकेन्द्रों पर सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है। भाजपा सरकार का पूरा फोकस कमीशनखोरी पर है। विभागों को बेचना और बदले में कमीशन खाना ही सरकार का एक मात्र ध्येय रह गया है। भाजपा सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। भाजपा सरकार ने बिजली के साथ पूरी व्यवस्था को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है।

# 16 जिलों में बनेंगे 1000 मीट्रिक टन क्षमता तक के गोदाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### किसान सीधे बाजार में उचित समय और उचित मूल्य पर उपज बेच सकेंगे

लखनऊ। योगी सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एक बड़ी योजना को अमल में लाने का निर्णय लिया है। प्रदेश के 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाए जाएंगे। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत संचालित की जा रही है। इस योजना से किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। जिससे उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। इसके अलावा इन गोदामों से कृषि उद्योग तथा रोजमर्रा की वस्तुओं के वितरण और विक्रय का भी सशक्त प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

लखनऊ समेत इन जिलों को मिलेगा सीधा लाभ : लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है।

विक्रय में आएगी पारदर्शिता व कुशलता : राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों में 500 से 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही इन गोदामों से किसानों को उनकी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा भी मिलेगी। इन गोदामों के जरिये कृषि उपज और रोजमर्रा की वस्तुओं के विक्रय में पारदर्शिता व कुशलता आएगी। भंडारण सुविधा मिलने से किसान सीधे बाजार में उचित समय और उचित मूल्य पर उपज बेच सकेंगे, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाएगी।

## यूपी स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क थ्री के जरिए ई-गवर्नेंस के 'नए युग' में प्रवेश करेगा प्रदेश

# बेहतर कनेक्विटी का माध्यम बनेगा UPSWAN 3.0

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में ई-गवर्नेंस प्रक्रिया के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण पर फोकस कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि प्रदेश में ई-गवर्नेंस प्रक्रिया में शामिल विभिन्न प्रणालियों को न केवल धरातल पर उतारा जाए, बल्कि आधुनिकता का समावेश करते हुए उसे भविष्य की जरूरतों के अनुरूप अपग्रेड किया जाए। इससे न केवल सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि गुड गवर्नेंस का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

इसी कड़ी में एक बड़े प्रयास के तौर पर जल्द ही प्रदेश में उत्तर प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (UPSWAN 3.0) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि UPSWAN 3.0 प्रदेश में पहले से लागू UPSWAN 2.0 का आधुनिक वर्जन है जो कि राज्य में ई-गवर्नेंस के लिए आधारभूत संचार अवसंरचना के रूप में कार्य करता है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP) के तहत शुरू किया गया UPSWAN पूरे राज्य में शासकीय स्तर पर सरकारी कार्यालयों को संचार से जोड़ने में सहायक रहा है। वहीं, UPSWAN 3.0 के जरिए बेहतर सुरक्षा प्रणाली समेत कई खूबियों से लैस करने की तैयारी है जिससे कनेक्टिविटी, मॉनिटरिंग व पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसे लागू करने के लिए आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस क्रम में, उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को नोडल एजेंसी नियुक्त करते हुए प्रदेश भर में इंप्लीमेंटेशन का जिम्मा सौंपा गया है।

प्रदेश में UPSWAN 3.0 के जरिए शासकीय स्तरों पर सरकारी कार्यालयों को उन्नत इंटरफ़ेस, बेहतर सिक्योरिटी व उत्तम कनेक्टिविटी से जोड़ने की तैयारी है। इस कड़ी में, यूपीडेस्को की ओर से एक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अनुसार, पूरे राज्य में UPSWAN 2.0 से



जुड़ने से वंचित रह गए कार्यालयों को जोड़ने की तैयारी है। प्रदेश में स्टेट हेडक्वॉर्टर, कमिश्नरेट ऑफिसेस व जिला मुख्यायल पहले ही जोड़े जा चुके हैं। जबकि, प्रदेश के 351 तहसील मुख्यालयों में से 235 तथा 828 ब्लॉक मुख्यालयों में से 574 को जोड़ने में सफलता मिली है। ऐसे में, UPSWAN 3.0 के जरिए 116 तहसील मुख्यालयों, 254 ब्लॉक मुख्यालयों तथा 75 विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी है।

UPSWAN 3.0 का उद्देश्य शासन में आईटी सॉल्यूशंस के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देकर विभागों में डिजिटल विभाजन को कम करना है। यह इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स को लागू करने के साथ ही उन्नत तकनीकों को प्रभावी बनाकर एक स्केलेबल, कॉन्फ़िगर करने योग्य व भविष्य की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। यह स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क तकनीक को एकीकृत करेगा ताकि मल्टीप्रोटोकॉल स्विचिंग (एमपीएलएस) और इंटरनेट लीज्ड लाइन्स (आईएलएल) में डायनामिक ट्रैफिक रूटिंग सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे वर्तमान और भविष्य की दोनों मांगों को पूरा करने का फ्रेमवर्क तैयार होगा। यह सेंट्रलाइज्ड मैनेजमेंट, ऑटोमेशन, रेगुलर मॉनिटरिंग, ईजी टू डिप्लॉय व एंड प्वॉइंट डिटेक्शन एंड रिस्पॉन्स (ईडीआर) से युक्त होगा।

महत्वपूर्ण सरकारी अनुप्रयोगों को कनेक्विटी देने का बनेगा जरिया

UPSWAN 3.0 का उन्नत नेटवर्क फ्रेमवर्क उत्तर प्रदेश राज्य डेटा सेंटर (यूपीएसडीसी) में होस्ट किए गए महत्वपूर्ण सरकारी अनुप्रयोगों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जो ई-ऑफिस और अन्य मिशन-महत्वपूर्ण ई-गवर्नेंस प्रणालियों जैसी आवश्यक सेवाओं का समर्थन करेगा। यह सरकारी संचालन और नागरिक सेवाओं दोनों की बदलती जरूरतों के अनुकूल होगा।

इसके जरिए इनक्रिप्टेड कम्यूनिकेशन, एंड टू एंड डाटा एनक्रिप्शन, नेक्स्ट जेनरेशन फायरवॉल्स (एनजीएफडब्ल्यू), इंट्रूजन डिटेक्शन प्रिवेंशन सिस्टम (आईएस-आईपीएस) तथा एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी) प्रोटेक्शन जैसी साइबर रक्षण प्रणालियां लागू हो सकेंगी। यह नई सुविधाओं को जोड़ने, एकीकृत करने, हाइब्रिड कनेक्टिविटी ऑप्शंस को बढ़ावा देने, स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल्स का इस्तेमाल करने और नेटवर्क ऑपरेशंस के सरलीकरण को बढ़ावा देकर ईजी एक्सेस को प्रमोट करेगा।

# गाँव को टी.बी. मुक्त कराने को लगा स्वास्थ्य विभाग, लगाया कैम्प

### मुख्य चिकितसाधिकारी और जिला क्षय रोग अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित हो रहे है कैम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। टीबी बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफ़ी सक्रिय हैं जिसको लेकर 2 जून को मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ज़िला क्षय रोग अधिकारी गोरखपुर के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट के अंतर्गत ग्राम पंचायत जंगल सखनी एवं भैरवा में सीएचसी अधीक्षक डॉ अविनाश कुमार के नेतृत्व में संस्था हिल फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ सुमन ने बताया कि ग्रामवासियों को स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाये उपलब्ध कराई गई। ऐसे में टीबी0 जैसे बीमारी को गंभीरता से लेते हुए उससे संबंधित लक्षणो की स्क्रीनिंग की गई एव उनका एक्सरे , एच आइवी, आरबीएस , बीपी , एवं एचबी की जांच भी कराई गई। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सद्दाम हुसैन ने बताया कि शिविर के दौरान 102 लोगो का एक्सरे किया गया जिसमे 9 संभावित रोगियों के बलगम नमूने जांच के लिए भेजे गए । साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भैरवा इस इस वर्ष टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का अवार्ड प्राप्त कर चुका हैं हमारा प्रयास हैं कि अगले वर्ष भी यह अवार्ड प्राप्त करें। साथ ही ग्राम पंचायत जंगल सखनी को टीबी0 मुक्त के लिए चिन्हित किया गया है। मानको में कोई कमी न हो इसलिए यहाँ कैम्प की व्यवस्था किया गया ताकि ग्रामवासियों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा लोगो कि स्क्रिनिग कर इस गाँव को टीबी0 मुक्त किया जा सके।स्वास्थ्य कैम्प के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ सुमन लता , डॉ अरुण कुमार ,सी0 एच0 ओ0 श्री अभिषेक , कु0 प्रीति पाण्डेय, एएनएम कुमारी सपना , श्रीमती अंजू, कार्यक्षेत्र की समस्त आशा एवं हिल फाउंडेशन से एक्सरे टेक्निशियन अली हुसैन के नेतृत्व में उनकी टीम उपस्थित रहे ।

# रक्तदान शिविर का आयोजन, एम. ए. एकेडमी के निदेशक ने रक्तदान कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। धरा धाम प्रमुख एवं मानद कुलपति ज़िम्बाबवे यूनिवर्सिटी, सनातन सम्राट सौहार्द शिरोमणि संत डॉक्टर सौरभ पांडेय जी और उनकी पत्नी मिसेज़ इंडिया डॉक्टर रागिनी पांडेय जी के वैवाहिक वर्षगांठ पर, संत जी के स्पलीक देहदान से प्रभावित होकर सनराईज़ एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर एसोसिएशन (सेवा) के संस्थापक , एम. ए. एकेडमी के निदेशक एवं युवा समाजसेवी मोहम्मद आकिब अंसारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं एम. ए. एकेडमी के प्रबंध निदेशक डॉ. एहसान अहमद एवं वाटर मैन हाजी जलालुद्दीन कादरी जी के सानिध्य में आज एम्स गोरखपुर में रक्तदान करते हुए कहा कि धरा धाम प्रमुख जी के लिए मेरी दृष्टि में यह उपहार श्रेयस्कर होगा। मोहम्मद आकिब अंसारी ने अपना 15वां रक्त दान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल देश की राजधानी काठमांडू में दान करके अपने पूरे देश भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# सहकर्मी की मृत्यु से दु:खी नगर पंचायत ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । नगरपंचायत बड़हलगंज द्वारा संचालित कृष्णा गौशाला में गौवंशो के केयर टेकर विजय नाथ की असामयिक मृत्य से दुःखी नगरपंचायत कर्मियों ने श्रीविश्वनाथ उमर सभागार में एकत्र होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।बता दें कि नगरपंचायत कर्मी 51 वर्षीय विजय नाथ की असामयिक मृत्यु रविवार को हो गई, जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को बड़हलगंज के सरयू तट स्थित मुक्तिपथ पर किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के सभी कर्मियों सहित चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर भी मौजूद रहे और विजय नाथ के अंतिम संस्कार में सहयोग किया।मुक्तिपथ पर दाह संस्कार के बाद नगर पंचायत कर्मियों में नगरपंचायत कैंप कार्यालय स्थित विश्वनाथ उमर सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने चेयरमैन प्रीति उमर की तरफ से भी शोक संवेदना प्रकट किया। उन्होंने विजय नाथ की कर्तव्यनिष्ठा और गौसेवा की भावना की सराहना करते हुये उनके परिजनों को आश्वस्त किया कि वे उनकी हर संभव सहायता करेंगे।इस अवसर पर सुरेश उमर, कृष्ण कुमार, लिपिक सुनील कुमार, सफाई नायक सुरेश सोनकर, उमेश यादव, उमा यादव, रंजीत, नीलेश, रायचंद, राजेश, उमा यादव, सच्चिदानंद, नियाज़, राहुल सोनकर, देशराज, अखिलेश, आशीष उमर, शैलेश तिवारी, उषा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत 135 ग्रामों में आयोजित होंगी गोष्ठियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु शासन के निर्देश पर 29 मई 2025 से 12 जून 2025 के मध्य संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 को जनपद में सफलतापूर्वक संचालित किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी नोडल तथा उप निदेशक कृषि को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अभियान अन्तर्गत 03 टीमों द्वारा प्रतिदिन 09 निर्धारित ग्रामों में अलग-अलग समय पर प्रातः प्रातः 08:00 बजे 11:00 बजे तक, अपरान्ह 1:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा अपरान्ह 3:00 बजे सांय 6:00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस प्रकार जनपद में 135 ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) के संस्थानों, केवीके, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकगण तथा प्रदेश सरकार के कृषि, इफको, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य सहकारिता, रेशम, सिंचाई/नलकूप एवं लीड बैंक मैनेजर/सीडीएम नाबार्ड संस्थाओं के अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षक की भूमिका में उपस्थित होकर शासन की किसानोन्मुखी योजनाओं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सम्बन्ध में किसानों को जागरुक करेंगे साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, इन्टीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किसानों के बीच उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों जैसे-बीज उपचार, जैव उर्वरकों का प्रयोग, उन्नत बुवाई पद्धतियां, प्राकृतिक खेती की जागरुकता के लिये जानकारी उपलब्ध करायेंगे जिसमें इस प्रणाली से होने वाले लाभ एवं शासन की नीतियों के बारे में कृषकों जागरूक हो सकें। कार्यक्रम में कृषकों को आई.एन.एम., आई.पी.एम., संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी, उन्नत सिंचाई पद्धतियां, कृषि निवेश व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में किसानों को जागरुक किया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसानों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करायी जायेगी।डीएम मोनिका रानी ने कृषि अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में स्वयं तथा न्यायपंचायत/ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायें। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक, बीटीएम, एटीएम, उद्यान विभाग के उद्यान निरीक्षक, पशुधन प्रसार अधिकारी, अन्य सहवर्ती विभाग के स्थानीय कार्मिक एवं कामन सर्विस सेन्टर के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय।

# कार का शीशा तोड़कर भागे मनबढ़ घटना सीसीटीवी में कैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । भटहट में रविवार की देर रात्रि को बाइक पर सवार दो मनबढ घर के सामने खडी कार का शीशा तोड़कर फरार हो गये।कार मालिक नें पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्यवाही की माँग की है।पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार भटहट रामजानकी नगर निवासी ऋषि गुप्ता भटहट सड़क चौड़ीकरण के दौरान हुए गड्ढे के कारण अपनी वैगनार कार घर के सामने खडा किया था ।बीती रात करीब 12:30 के करीब बाइक पर दो अज्ञात सवारों नें कार का शीशा मारकर तोड़ दिया एवं फरार हो गए ।घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है ।फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है ।

### ट्रक की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

गोरखपुर। सोमवार सुबह लगभग 6:15 बजे सहजनवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्नपूर्णा हार्डवेयर दुकान के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक सत्येंद्र शर्मा, निवासी ग्राम बाहिलपार, को तत्काल गंभीर अवस्था में सीएचसी सहजनवा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान सत्येंद्र शर्मा की मृत्यु हो गई।सत्येंद्र शर्मा आईजीएल कंपनी में कार्यरत थे और रात्रि पाली की ड्यूटी पूरी कर के अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अन्नपूर्णा हार्डवेयर के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों ने प्रशासन से अज्ञात ट्रक चालक और मालिक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। वार्ड कन्हैया माधवपुर प्रथम में बालागंज से एकता नगर चौराहे तक चलाये गए अभियान में अवैध रूप से लगे ठेले, और अस्थाई दुकानें हटाई गयीं और सड़कों पर अवैध रूप से रखे कई सामानो को जब्त किया गया। इसके अलावा जोन-7 में मुंशीपुलिया से माही मेडिकल तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाते हुए कई ठेले, ठेलियाँ, गुमटी, काउंटर आदि हटाये गए और चिनहट में 2 रैंप भी तोड़े गए। इस मौके पर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी भी दी गई। अभियान जोनल अधिकारियों, कर अधीक्षकों, ई.टी.एफ. और 296 टीम के साथ सफलतापूर्वक चलाया गया। मौके पर मौजूद अधिकारीयों ने बताया की नगर निगम का यह प्रयास शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आगे भी जारी रहेगा।

# बिना मिशन के विजन अधूरा : डॉ. गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ मे आज साइबर एवं फॉरेंसिक विषयों पर विशेषज्ञता हासिल करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल के राजपत्रित अधिकारियों के लिए एक साप्ताहिक कोर्स का शुभारम्भ किया गया।

प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ संस्थापक निदेशक डॉ जी. के. गोस्वामी की अध्यक्षता में जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी लखनऊ के महानिरीक्षक श्री बी वेंकटेश्वर राव ने किया द्य इस अवसर पर डॉ जी. के गोस्वामी ने महानिरीक्षक बी वेंकटेश्वर राव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जी. के.गोस्वामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मिशन का होना आवश्यक हैद्य बिना मिशन के आपका विजन अधूरा होगा और अधूरे विजन से जीवन का मिशन पूर्ण करना संभव नहीं हो सकता है इसलिए आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य को स्थापित कर सदैव कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिये डॉ गोस्वामी ने कहा कि जुलाई 2024 से हमारे तीन नये कानून लागू हुए है, पहले गंभीर घटना स्थलों पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट का जाना अनिवार्य नहीं था लेकिन अब इसे अनिवार्य कर दिया गया है इसलिए हमें अपने कार्यशैली में भी बदलाव लाना होगा अन्यथा कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर उप महा निरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने कोर्स और संस्थान के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया द्य उन्होने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के लिए यह एक अनोखा मौका है, इस कोर्स को यूपीएसआईएफएस के अधिकारीगण एवं फ़ेकल्टी ने आपकी नवीन उपयोगिता के दृष्टिगत डिजायन किया है। इस अवसर पर महा निरीक्षक आरपीएफ श्री बी वेंकटेश्वर राव ने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि हमे यूपी एसआईएफएस में प्रशिक्षण का मौका मिला है हमें यहां से बहुत कुछ सीख कर जाना हैद्य आज की तारीख में साइबर सिक्योरिटी और साइबर फॉरेंसिक हमारे कार्यों का एक अभिन्न हिस्सा है, इन विषयों में ज्ञान हासिल करना अपने संस्थान एवं व्यक्तिगत दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

## एलडीए ने अपार्टमेंट्स में कैंप लगाकर जमा किए 43.23 लाख

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए ने फ्लैट आवंटियों से अनुरक्षण शुल्क जमा कराने के लिए अपार्टमेंट्स में विशेष कैंप का आयोजन किया। रविवार को गोमती नगर के पारिजात अपार्टमेंट और जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर–जे में सृष्टि अपार्टमेंट में लगाए गए कैंप में कुल 43.23 लाख रुपये का अनुरक्षण शुल्क जमा हुआ। अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी ने बताया कि आवंटियों की मांग पर उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार यह कैंप आयोजित किए गए। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले इन कैंपों में सृष्टि अपार्टमेंट से 30,49,752 रुपये और पारिजात अपार्टमेंट से 12,73,704 रुपये जमा किए गए। प्राधिकरण के अभियंत्रण, लेखा एवं वित्त अनुभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे। आवंटियों की सुविधा के लिए आगामी शनिवार और रविवार को भी इसी तरह के कैंप लगाए जाएंगे, ताकि शुल्क जमा करने की प्रक्रिया को और आसान किया जा सके।

## त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड गोसाईगंज नगर अमेठी के राम जानकी मंदिर में त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में पूर्व जिला सहसंयोजक विश्वास मिश्रा की उपस्थिति में त्रिशूल दीक्षा संपन्न कराई गई।इस मौके पर बजरंग दल वरिष्ठ कार्यकर्ता आयुष ठाकुर प्रखंड उपाध्यक्ष ,शिवकुमार मिश्र गोसाईगंज मंडल उपाध्यक्ष, विपिन सक्सेना , आशीष ठाकुर व नगर के सभी दायित्व धारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसेवा की अनुपम मिसाल बनी प्याऊ स्थापना

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गर्मियों की तीव्र तपिश में जब राहगीरों को एक घूंट ठंडे पानी की दरकार होती है , ऐसे समय में बाबू सुन्दर सिंह फाउंडेशन ने समाजसेवा की एक नई मिसाल कायम की है। सोमवार को बाबू सुन्दर सिंह ग्रुप ऑफ़ इन्स्टीट्यूशन्स के मुख्य द्वार के बाहर एक भव्य प्याऊ का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस जनकल्याणकारी प्रयास का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन आनंद शेखर सिंह एवं डॉ. ए. के. रावत ने संयुक्त रूप से किया। इस पहल का उद्देश्य केवल प्यास बुझाना ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को भी साकार करना है। प्याऊ की विशेषता यह है कि यहाँ न केवल राहगीरों के लिए शुद्ध और ठंडे पेयजल की व्यवस्था है, बल्कि पक्षियों के लिए दाना–पानी तथा पशुओं के लिए स्थायी जल स्रोत भी उपलब्ध कराए गए हैं। यह पहल ञ्सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के भाव को चरितार्थ करती है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आलोक कुमार शुक्ला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह प्याऊ हमारी संस्था के सामाजिक उत्तरदायित्व का एक प्रतीक है, जो सेवा को शिक्षा के साथ जोड़ने का प्रयास है। बाबू सुन्दर सिंह फाउंडेशन की यह पहल निःसंदेह समाज में सेवा, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करती है। यह कार्य उस परंपरा को जीवंत करता है, जहाँ सेवा को सर्वोपरि धर्म माना गया है। आयोजन का समुचित समन्वय अनामिका मौर्य एवं अमित सिंह ने बखूबी निभाया।

## भाई ने ही भाई को उतारा मौत के घाट आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो जून को वादिनी द्वारा थाना जानकीपुरम मे तहरीर दी गई की आपसी झगड़े मे बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी इस सूचना पर मौके पर पहुंची जानकीपुरम पुलिस ने बड़े भाई अमित मिश्रा उर्फ़ बाला को अपनी गिरफ्त मे लेते हुए मृतक अनुज मिश्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उक्त घटना की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बताया कि मामला संज्ञान मे आने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है उन्होंने बताया कि आज सुबह वादिनी जो मृतक और आरोपी की माँ है उनकी तहरीर पर ये कार्यवाई की गई है हत्या की वजह की पड़ताल की जा रही है।

## बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

निगोहां , लखनऊ। आगामी बकरीद पर्व को लेकर निगोहा थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने किया । बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी, धर्मगुरु,ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य आदि मौजूद रहे। बैठक में एसीपी रजनीश वर्मा ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। सभी लोग पर्व को शांति और सहयोग के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए, इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और वातावरण भी प्रभावित होता है। कुर्बानी के बाद उत्पन्न अवशेष को गड्ढों में ही निस्तारित किया जाए, इसे किसी भी हालत में खुले में न फेंका जाए, साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर नजर रखने की अपील भी की गई। थाना अध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या या संदेह हो, तो वह सीधे थाना प्रशासन से संपर्क करें।

# टूटी सड़कें, भरा जल और टूटा विश्वास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- लखनऊ ठाकुरगंज के फरीदीपुर में हर कदम खतरे से खाली नहीं
- नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से नारकीय हालात, आमजन त्रस्त




ठाकुरगंज लखनऊ। राजधानी लखनऊ जहां एक ओर स्मार्ट सिटी की दिशा में आगे बढ़ने की बात कर रही है। वहीं दूसरी ओर फरीदीपुर जैसे इलाके आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। लखनऊ नगर निगम जोन-6 के अंतर्गत वार्ड कन्हैया माधोपुर द्वितीय का फरीदीपुर क्षेत्र खुद को उपेक्षित और असुरक्षित महसूस कर रहा है।

सोमवार को हाजी टिंबर स्टोर के पास एक रिक्शा सड़क में बने गहरे गड्ढे में पलट गया। जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह कोई पहली घटना नहीं थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह जर्जर सड़क रोजाना स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुज़ुर्गों और दुपहिया चालकों के लिए एक खतरा बनी रहती है। जलभराव, कीचड़ और खुले गड्ढे लोगों की जान के लिए जोखिम बन चुके हैं।

फरीदीपुर की जनता इस समस्या से वर्षों से जूझ रही है। न जाने कितनी बार नगर निगम अधिकारियों, क्षेत्रीय पार्षद, विधायक और सांसद तक इस मुद्दे को पहुंचाया गया। कभी लिखित में, कभी मौखिक रूप से, तो कभी फोन पर। मगर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी कोई शिकायत होती है। तो नगर निगम के अधिकारी कभी-कभार सड़क पर मलबा गिरवाकर फोटो खिंचवा लेते हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर खुद की पीठ थपथपाई जाती है। लेकिन हकीकत में सड़क और जनता की हालत जस की तस बनी रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना का दावा किया जा रहा है। मगर फरीदीपुर में बुनियादी सुविधाएं तक मौजूद नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, 15वें वित्त के अंतर्गत करीब 190 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया था। जिसमें फरीदीपुर की सड़क और नालों का प्रावधान था। लेकिन बजट को अब तक मंजूरी नहीं मिल सकी है। जिससे कोई कार्य आरंभ नहीं हो पाया है। इलाके की स्थिति इतनी बदतर है कि आपातकाल में यदि किसी मरीज को अस्पताल ले जाना हो। तो एम्बुलेंस का पहुँचना तक संभव नहीं होता। बच्चे स्कूल जाते समय कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरते हैं। और कई बार गिरने से घायल हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, बल्कि भेदभाव की भावना भी इसमें साफ झलकती है। उनका कहना है कि चूंकि यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से प्रभावशाली नहीं है, इसलिए इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। यह सवाल अब हर फरीदीपुरवासी की जुबान पर है। टूटी सड़कों और टूटी उम्मीदों के बीच, लोग अब सरकार से नहीं बल्कि किसी चमत्कार से जवाब चाह रहे हैं। वर्षों से उम्मीद की डोर थामे बैठे नागरिक अब सिर्फ कार्रवाई देखना चाहते हैं । एक ऐसी कार्रवाई जो केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि ज़मीन पर दिखाई दे।

### पार्षद की सफाई, लेकिन समाधान नहीं

जब इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद बादशाह गाजी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि फरीदीपुर की मुख्य सड़क और दोनों ओर जलनिकासी के लिए नाले के निर्माण का प्रस्ताव लखनऊ महापौर सुषमा खड़कवाल के समक्ष रखा गया है। पार्षद ने यह भी कहा कि बिगरिया और अहिरनखेड़ा जैसे अन्य क्षेत्रों का भी प्रस्ताव की फाइल सम्मिलित है। परंतु अब तक उसे स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

## 188 एकड़ में बनेंगे सेंट्रल पार्क और गोल्फ कोर्स



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी महत्वाकांक्षी आईटी सिटी योजना के तहत 188 एकड़ जमीन पर सेंट्रल पार्क और गोल्फ कोर्स बनाने का काम शुरू कर दिया है। सोमवार को एलडीए की टीम ने मौके पर सेक्टर डेवलपमेंट का काम शुरू किया। किसानों ने भी इस प्रोजेक्ट का समर्थन करते हुए खुद भूमि पूजन किया और एलडीए अधिकारियों को मिट्टी सौंपी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और किसान पथ के बीच 2,858 एकड़ जमीन पर आईटी सिटी विकसित की जाएगी। इसके लिए मोहनलालगंज तहसील के कई गांवों जैसे बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़ नगर टिकरिया, रकीबा बाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। इस योजना में 72 से 200 वर्गमीटर के करीब 5,000 आवासीय प्लॉट होंगे, साथ ही ग्रुप हाउसिंग के बड़े प्लॉट भी बनाए जाएंगे। इस साल दीवाली पर इस योजना को लॉन्च करने की तैयारी है। आईटी सिटी को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि निजी निवेश को आकर्षित किया जा सके। इसके लिए 445.65 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल काम और 260 एकड़ जमीन व्यावसायिक गतिविधियों के लिए रखी गई है। इससे नौकरियों के नए अवसर बनेंगे। साथ ही 200 एकड़ में ग्रीन बेल्ट और गोल्फ सिटी बनेगी और 15 एकड़ में वाटर बॉडी होगी जो पर्यावरण को भी बेहतर करेगी। एलडीए की टीम ने संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह के नेतृत्व में मोहारी खुर्द और मोहारी कला गांवों में 200 बीघा जमीन पर कब्जा लिया और दो सेक्टरों में विकास का काम शुरू किया। इस दौरान किसानों ने भी उत्साह दिखाया और भूमि पूजन कर एलडीए को समर्थन दिया। सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि लैंड पूलिंग नीति से किसानों को बड़ा लाभ होगा। उदाहरण के तौर पर, मोहारी खुर्द में जमीन का सरकारी रेट 8 लाख रुपये प्रति बीघा है। मुआवजे में चार गुना मिलने पर भी किसान को 32 लाख रुपये मिलेंगे। लेकिन लैंड पूलिंग में अपनी पूरी जमीन देने वाले किसान को 25% विकसित आवासीय जमीन मिलेगी यानी 6,800 वर्गफीट जिसकी कीमत 3 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। इससे किसानों को कई गुना फायदा होगा। यह योजना लखनऊ में बेहतर आवास, रोजगार और कनेक्टिविटी के नए अवसर लेकर आएगी।

# नगर निगम में शोक सभा और विदाई समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में एक ओर जहां आठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई तो वहीं दूसरी ओर कर्मचारी संघ के महामंत्री और लेखा विभाग के कर्मचारी स्वर्गीय राम अचल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। त्रिलोकीनाथ सभागार में आयोजित शोक सभा में सैकड़ों कर्मचारियों और अधिकारियों ने भावुक माहौल में उन्हें याद किया। स्व. राम अचल का 31 मई 2025 को एक दुखद सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। शोक सभा में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने उनके सेवाभाव, ईमानदारी और समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके निधन से नगर निगम को अपूरणीय क्षति हुई है। ट्रेड यूनियन नेताओं राजेश सिंह, राजेश भारती, सय्यद कैसर रज़ा, सुनील धानुक आदि ने भी उनके योगदान की सराहना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शासकीय व्यस्तताओं के कारण उपस्थित न हो पाने के बावजूद स्व. राम अचल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### आठ कर्मचारियों को दी गई विदाई

शोक सभा के बाद विदाई समारोह में 31 मई को सेवानिवृत्त हुए आठ कर्मचारियों—संपत्ति विभाग के प्रथम श्रेणी लिपिक प्रदीप कुमार सेठ, स्वास्थ्य विभाग के सफाई नायक अजय कुमार शुक्ला, उद्यान विभाग के माली अर्जुन प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग की सफाई कर्मी प्यारी, रजनी, सुरेश, बेला और अभियंत्रण विभाग की अनुचर नीलम सिंह—को स्मृति चिन्ह, शॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उनके योगदान की प्रशंसा की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर निगम परिवार ने इस दोहरे आयोजन में शोक और सम्मान का संतुलन बनाते हुए अपने कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता और संवेदना व्यक्त की।

# सैरपुर में दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, अवैध निर्माण पुनः सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज करते हुए सोमवार को सैरपुर में बड़ी कार्रवाई की। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 और जोन-4 की टीमों ने सैरपुर के घुवैला कमलाबाद में दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि बलराम रावत, राजकिशोर चौबे और अन्य द्वारा लगभग 2 बीघा में अनधिकृत प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह राजेश रावत और अन्य द्वारा भी कमलाबाद में 2 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृति के बिना किए जा रहे इन कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। एलडीए का यह अभियान शहर में अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गोसाईंगंज में अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स भी सील

लखनऊ। एलडीए की टीम ने सोमवार को गोसाईंगंज के दुलारमऊ में अवैध व्यावसायिक निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कॉम्पलेक्स को पुनः सील कर दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राकेश सिंह, प्रशांत सिंह और अन्य द्वारा किसान पथ के पास 300 वर्गमीटर के भूखंड पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा था। इसे पहले विहित न्यायालय के आदेश पर सील किया गया था, लेकिन सील तोड़कर निर्माण और फिनिशिंग कार्य जारी रखा गया। स्थल निरीक्षण के दौरान यह गड़बड़ी पकड़े जाने पर प्रवर्तन टीम ने पुलिस सहयोग से बिल्डिंग को दोबारा सील कर दिया।एलडीए का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

# निःशुल्क चिकित्सा और जागरूकता शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समनान गार्डन, कैंपबेल रोड, लखनऊ में किया गया जिसमें लगभग 400 लोगों का स्वास्थ्य एवं निःशुल्क जांच और 100 लोगों को कानूनी मार्गदर्शन और भारत सरकार की योजनाओं में शामिल किया गया। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड तथा आभा कार्ड बनवाए गए। इसमें विभिन्न रोगों के इलाज के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हुए जिसमें डॉ सरताज आलम, डॉ अदनान अज़ीज़, डॉ युसुफ फ़ौज़ान, डॉ नईम, डॉ नसीम, डॉ फतेह अली खान, डॉ सद्दाम, डॉ अबरार,डॉ मुजीब, डॉ शमसाद शामिल हुए और महिला एवं प्रसूति रोग के लिए डॉ मारिया और डॉ आयशा ने यह जिम्मेदारी अदा की। आवश्यकतानुसार जांचें कराकर मुफ़्त दवाएं वितरित की गईं।

कानूनी मार्गदर्शन और जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी स्किल इंडिया ट्रस्ट से जुड़े एडवोकेट मोहम्मद फैजान द्वारा अदा की गई। श्री मोहम्मद फैजान ने लोगों की समस्या सुनकर उन्हें सही कानून की जानकारी दी और लोगों को भारत सरकार की योजनाओं से जोड़ा एवं आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड तथा पेंशन कार्ड बनवाए। इस काम में नामचीन संस्था इख्रऋक्र्ट्ट की पूरी टीम का सहयोग लिया गया जिसका नेतृत्व श्री सैफ चौधरी ने किया। स्किल इंडिया ट्रस्ट से जुड़े डॉ फतेह अली खान ने बताया कि इस तरह के शिविर आने वाले प्रत्येक माह में आयोजित किए जाते रहेंगे तथा मौक़े पर मौजूद सभी डॉक्टर ने इससे सहमति जताई। इस शिविर में शादाब खान और रिज़वान बेग जी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में सभी धर्मों के लोग सम्मिलित हुए और सभी ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समय समय होने चाहिए जिससे आम जन मानस को बहुत लाभ मिलता है।

# हर हाल में किसानों के साथ न्याय होगा : कौशल किशोर

**लवल गाँव में चकबन्दी के विरोध में लामबन्द हुए सैकड़ों किसान**

**किसानों के पक्ष में उतरे पूर्व सांसद और क्षेत्रीय विधायक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । शेरपुरलवल गांव में सोमवार को चकबन्दी विभाग के अधिकारियों को कब्जा परिवर्तन के लिए आना था। जिसकी भनक किसानों को लगी तो सैकड़ो की संख्या में किसान गाँव के बाहर टेंट लगाकर चकबन्दी के विरोध में चौपाल लगाकर बैठ गए। जब इसकी जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों को लगी तो विधायक अमरेश कुमार तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर किसानों के पक्ष में उतर आए। चौपाल में बातचीत के दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि गांव के किसानों के चक में जाने का पूरा रास्ता है। 95 प्रतिशत किसान चकबन्दी नही चाहते है। वहीं सूचना पर न्यायिक एसडीएम रमेश सिंह मौके पर पहुचे और किसानों को समझाया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा सबकी बात रखी जाएगी सभी बिंदुओं को डीएम के सामने रखेंगे।वहीं विधायक ने किसानों से कहा कि अगर चकबन्दी अधिकारी नही माने तो इसका जवाब सदन में देंगे। वहीं ग्रामीणों का तर्क था कि कुछ सफ़ेदपोश और बिल्डर अपने निजी हितो के लिए चकबंदी अफसरों पर चकबंदी करानें का दबाव बना रहे है और चकबंदी कराने को लेकर दबाब बनाने के लिए कुछ लोगों पर फर्जी मुकदमें दर्ज कराने के लिए धमकाया भी जा रहा हैं। जिस पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि, जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से ग्रामीणो संग मिलकर शिकायत कर चकबंदी कराने पर तुले अफसरो समेत सफ़ेदपोशो की सम्पत्ति की जांच कराई जाएगी।

# अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक जोड़े की शादी पर मिलेगा 100000 का आर्थिक सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बड़े पैमाने पर सुधार और द्वितीय वृद्धि की गई है। शासन स्तर से हाल ही में जारी आदेश के अनुसार अब इस योजना के तहत प्रति जोड़े की शादी पर कुल 100000 तक का खर्च किया जाएगा । इससे पहले मात्र 51000 ही था। नव विवाहित जोड़ों को दिए जाने वाले उपहारो की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि की गई है ।यह बदलाव न केवल विवाह समारोह को भव्य बनाने में मदद करेगा बल्कि नव विवाहित जोड़ों को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होगा। जिला प्रशासन की कोशिश है कि इस योजना के माध्यम से अधिक से अधिक गरीब परिवारों को लाभ मिले और उनकी बेटियों के विवाह की सामाजिक तथा आर्थिक जिम्मेदारी को सरकार की ओर से पूरा किया जा सके ।समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह के मुताबिक अब कन्या के बैंक खाते में 60000 रुपए की सहायता राशि सीधे डिजिटल भुगतान के माध्यम से भेजी जाएगी। यह राशि शादी के बाद दंपति के जीवन में खुशहाली के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी इसके अतिरिक्त सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ के लिए ?15000 खर्च किए जाएंगे। भोजन ,पांडाल ,फर्नीचर, पेयजल, विद्युत समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबंध होगा। पहले यह राशि आधी थी लेकिन अब इसे दोगना कर दिया गया है। कार्यक्रम का स्तर और बेहतर होगा ।इस योजना के तहत नव विवाहित जोड़ो को दिए जाने वाले उपहारों की लागत भी बढ़कर 25000 कर दी गई है । उपहार सामग्री अब ब्रांडेड और गुणवत्ता वाली होगी जोड़ों के लिए उपयोगी और टिकाऊ साबित होंगी । योजना का लाभ अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के परिवारों की बेटियां प्राप्त कर सकेंगी ।

# डीएम ने सीतापुर-लखीमपुर राज्य मार्ग पर हरगांव के निकट निर्माणाधीन चार लेन रेल उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण

**निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये : जिलाधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सीतापुर-लखीमपुर राज्यमार्ग पर सम्पार फाटक संख्या-99ए पर हरगांव के निकट निर्माणाधीन 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सेतु के निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने रेलवे एवं सेतु निगम के अधिकारियों से सेतु के कार्य पूर्ण होने से संबंधित कार्ययोजना की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराया जाये। उन्होंने निर्माण कार्यों के संबंध में समस्याओं के विषय में भी सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि रेलवे द्वारा किये जाने वाले कार्य को 15 जून तक पूर्ण कराया जाये। साथ ही पुल की एक लेन को शीघ्र शुरू करने की व्यवस्था के साथ दूसरी लेन भी शीघ्र तैयार करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि पुल के निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री प्रयोग की जाये। निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि यह सेतु सीतापुर लखीमपुर खीरी राज्य मार्ग पर स्थित है और लखीमपुर को जोड़ता है, इसलिए इसका निर्माण समयबद्ध रूप से किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। जिलाधिकारी ने पुल के निर्मित हो चुके भाग के ऊपर भी जाकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, रेलवे के डिप्टी एक्स ईएन (कंस्ट्रक्शन) मुनेन्द्र कुमार, सेतु निगम के अधिशाषी अभियंता कैसर मंसूर अंसारी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऐप्जा के शीर्ष नेतृत्व ने अभिषेक शुक्ला को बनाया लोक सारथी बोर्ड का खीरी जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शहर में आयोजित ऐप्जा (ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के पत्रकार सम्मान समारोह के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। समारोह में ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवीन्द्र मिश्रा द्वारा वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक शुक्ला को 'ऐप्जा लोक सारथी बोर्ड' का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

यह घोषणा होते ही समारोह में उपस्थित सभी पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों के साथ अभिषेक शुक्ला का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। अभिषेक शुक्ला की निष्ठा, निष्पक्षता और जमीनी स्तर पर सक्रियता को देखते हुए यह ज़िम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। रवीन्द्र मिश्रा ने कहा कि ऐप्जा लोक सारथी बोर्ड पत्रकारों और समाज के बीच सेतु का कार्य करेगा और अभिषेक शुक्ला जैसे कर्मठ साथी के नेतृत्व में यह और भी प्रभावशाली ढंग से काम करेगा। उनहोनें कहा कि पत्रकारों के समस्याओं को लेकर अभिषेक शुक्ला हर समय गभीर रहे है। इसके अलावा उन्होंने संगठन के को लेकर कई उत्कृष्ट कार्य भी किये है जिसके फलस्वरूप आज उन्हें इस बड़ी जिम्मेदारी को सौपा गया है। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदारी संगठन को जनपद में और भी मजबूती मिलेगी और हम सभी अपनी समस्याओं को सशक्त रूप से शासन और प्रशासन के समक्ष रख सकेगे। इस मौके पर ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी, जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम नारायण शुक्ला समेत सैकड़ों पत्रकार साथी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में जोश और गर्व का माहौल रहा। यह आयोजन न सिर्फ पत्रकारों के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि एक नई दिशा में संगठनात्मक मजबूती का संकेत भी साबित हुआ।

# एक ही फोटो बार बार की जा रही अपलोड, लग रही फर्जी हाजरी

**विकास खण्ड महोली की ग्राम पंचायत प्रीतमपुर ग्रंट का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर ब्यूरो । मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसे प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक इसे अपनी कमाई का जरिया बनाये हुए है , जिसपर ब्लॉक सम्बंधित अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए है। उत्तर प्रदेश सरकार मनरेगा योजना से मजदूरों की आय दोगुनी करने के प्रयास कर रही है लेकिन मजदूरो की आय दोगुनी होने के बजाय प्रधान , सचिव , रोजगार सेवक की आय दोगुनी होती जा रही है ।विकासखंड महोली की ग्राम पंचायत प्रीतमपुर ग्रंट में नाममात्र मजदूरों से कार्य करवा कर फर्जी हाजिरी लगाने का सिलसिला जोरों से चल रहा है।प्रतापपुर में प्राथमिक के पास वाले तालाब की खुदाई व सफाई कार्य करवाया जा रहा है। एक ही फोटो बार - बार फोटो अपलोड कर के फर्जी हाजरी लगाई जा रही है। वही जब ग्राम प्रधान से बात की गई तो बताया कि सभी अधिकारी मेरे यहाँ आते है, और मेरे यह हाजरी मैं नही लगता हूँ मेट लगाती है जिसकी मुझे जानकारी नही है ।

# दिव्यांगों की समस्याओं लेकर खैराबाद में हुई चर्चा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय के सभागार में मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने की। विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए दिव्यांगों ने अपनी-अपनी समस्याएं बताई जैसे दिव्यांगों को बैंक में संयुक्त खाता खुलने में आ रही समस्या ।जिले में मुख बधिर दिव्यांग का नहीं बन पा रहा दिव्यांग प्रमाण पत्र , आवास सर्वे में सर्वेयर के द्वारा की जा रही अनियमिताएं , दिव्यांगों का नहीं बन पा रहा राशन कार्ड, मनरेगा में दिव्यांगों को नहीं दिया जा रहा काम इत्यादि समस्या प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या को अवगत करवाया। प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या ने सभी को आश्वासन दिया है कि सभी समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक अवगत कराकर जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा । इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, मुन्ना, कौशल किशोर, हरिलाल, फूलमती, कालिंद्री, शान्ति , राम लखन, कलेक्टर , बृजरानी सहित सैकड़ो दिव्यांग जन पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## नमो भारत' से आसान हुई 'छोटा हरिद्वार' की यात्रा

गाजियाबाद। देश की पहली नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ व आसपास के लोगों के लिए यात्रा को काफी आसान, सुगम और सुविधाजनक बना दिया है। दिल्ली-एनसीआर से 'छोटा हरिद्वार' की यात्रा करना अब पहले से कहीं अधिक तीव्र और आसान हो गया है। सेमी हाई-स्पीड ट्रेन नमो भारत फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ रही है। इसी रूट पर- मुरादनगर नमो भारत स्टेशन है जहां से महज कुछ कदम की दूरी पर 'छोटा हरिद्वार' है।मुरादनगर स्थित 'छोटा हरिद्वार' दिल्ली के आनंद विहार से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके लिए नमो भारत से केवल 22-23 मिनट का समय लगता है। आनंद विहार से मुरादनगर स्टेशन तक स्टैंडर्ड कोच में सफर करने के लिए केवल 80 रुपये किराया लगता है, जबकि प्रीमियम में यह 95 रुपये होता है। वहीं, गाजियाबाद से इसकी दूरी लगभग 18 किलोमीटर है जिसके लिए स्टैंडर्ड में केवल 40 रुपये देने होते हैं।

# जनसुनवाई में डिजिटल क्रांति: पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा ऑनलाइन जनसुनवाई प्लेटफॉर्म की शुरुआत

**दूर-दराज़ के नागरिकों को सीधे न्याय से जोड़ने हेतु सीतापुर पुलिस की एक ऐतिहासिक पहल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद में पुलिसिंग को अधिक सुलभ, संवेदनशील और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने ऑनलाइन जनसुनवाई प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया।

इस अभिनव योजना के अंतर्गत अब जनपद के नागरिक विशेष रूप से ग्रामीण, पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रख सकेंगे, वह भी बिना थाना या जिला मुख्यालय आए। यह पहल न केवल पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सशक्त बनाएगी, बल्कि 'सुनवाई से समाधान तक' की दूरी को भी न्यूनतम कर नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी।पुलिस अधीक्षक द्वारा विकसित की गई यह डिजिटल जनसुनवाई प्रणाली एक बहुआयामी मॉडल पर आधारित है। जनपद के प्रत्येक क्षेत्राधिकारी कार्यालय को एक डिजिटल संवाद केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहाँ उच्च गुणवत्ता वाले कंप्यूटर, कैमरा, माइक्रोफोन, हेडफोन तथा सुरक्षित इंटरनेट सुविधा से युक्त एक विशेष कक्ष तैयार किया गया है। अब सप्ताह के निर्धारित दिन में इन केंद्रों पर उपस्थित होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे पुलिस अधीक्षक से संवाद कर सकेंगे। प्रत्येक शिकायत को सुनने के पश्चात संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे तथा कार्यवाही की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। लंभी दौड़भाग से मिलेगा निजात*इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को लंबी प्रशासनिक प्रक्रियाओं, अनावश्यक यात्रा, समय व संसाधनों की बर्बादी से मुक्ति दिलाकर उन्हें त्वरित और न्यायसंगत समाधान प्रदान करना है।

यह प्रणाली समाज के उन वर्गों के लिए विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगी, जो भौगोलिक, सामाजिक या आर्थिक कारणों से अपनी शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुँचा नहीं पाते थे जैसे महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, किसान, ग्रामीण महिलाएं एवं वंचित समुदाय।पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा कितकनीक को प्रशासनिक व्यवस्था से जोड़कर जनभागीदारी, पारदर्शिता और सुशासन को नई ऊँचाइयाँ दी जा सकती हैं।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आगामी बकरीद त्योहार को लेकर कस्बा खीरी चौकी पर क्षेत्राधिकारी लखीमपुर सदर रमेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना था।बैठक में तहसीलदार सदर, थाना खीरी के प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय, चौकी प्रभारी साधना यादव सहित स्थानीय पुलिस बल और क्षेत्र के सम्मानित नागरिक व पत्रकार बंधु मौजूद रहे।अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने सभी से अपील की कि कुर्बानी केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही की जाए। साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसी को भी असुविधा न हो और माहौल शांतिपूर्ण बना रहे।प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है और किसी भी प्रकार की अशांति या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।शांति समिति की इस बैठक में सामुदायिक एकता और भाईचारे को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया गया।

## श्रीविष्णु महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के चौथे दिन हुआ हवन-पूजन

बिसवां (सीतापुर)। श्री विष्णु महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के चौथे दिन सोमवार को सुबह पूजन आरती के बाद हवन शुरू हुआ। यज्ञमान संजीव कुमार रस्तोगी, शिवकुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार यादव, अर्जुन लाल रस्तोगी सपत्नीक गीतेश जायसवाल व डा0 कनिका विश्वास ने मंत्रोच्चार के बीच यज्ञकुंड में आहुतियां डालीं। हवन देर शाम तक चलता रहा। सांयकाल फिर वेदियों का पूजन और आरती हुई। यज्ञाचार्य पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री, देव कृष्ण शास्त्री,पं0 दीपक मिश्र, पं0आनंद मिश्र व पं0शोभित शुक्ल जब एक साथ यज्ञ में मन्त्रोच्चार करते हैं तो वातावरण भक्ति में हो जाता है। गांव व दूर दराज से भक्तगण यज्ञहवन में शामिल होने पहुंच रहे हैं और यज्ञ में आहुतियां डालकर अपने को धन्य कर रहे हैं।गत शुक्रवार से अनवरत भंडारा चल रहा है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों भक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

## बच्चों ने लोकगीत और कवितापाठ किया

बिसवां (सीतापुर)। सोमवार को कंपोजिट विद्यालय जहांगीराबाद में आयोजित होने वाले समर कैंप में बच्चों को रोज की तरह योगाभ्यास और खेलकूद के बाद रीडिंग कैंपेन के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से पुस्तक पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा बच्चों के द्वारा लोकगीत व कविता का भी पाठ किया गया। विद्यालय में उपस्थित बच्चों को भाषा वृक्ष बनाना बताया गया। जिसके माध्यम से बच्चों को किसी भाषा को सीखने का क्या क्रम होता है इस बारे में जानकारी दी गई। अंत में बच्चों को जलपान का वितरण कर आज के समर कैंप का समापन किया गया।

## कुंज गली सहित तमाम पुरातात्विक पौराणिक मंदिरों के ध्वस्तीकरण के खिलाफ 2023 की याचिका की सुनवाई स्थगित




प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वृंदावन में प्रस्तावित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर कोरिडोर के कारण भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला स्थल कुंज गली, पुरातात्विक धरोहर ठाकुर श्री राधा गोपाल जी महाराज, राधा मोहन मंदिर व ठाकुर श्री धन बिहारी जी मंदिर ध्वस्तीकरण के खिलाफ दाखिल याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 3 जुलाई नियत की है।कोर्ट ने कहा क्योंकि इसी मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है, इसलिए इस केस की सुनवाई स्थगित कर रहे हैं। तब तक राज्य सरकार अपना जवाब दाखिल करें। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने पंकज सारस्वत की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।याचिका में कुंज गली सहित लगभग 50 पौराणिक मंदिरों, हरिदास संप्रदाय के पूजा स्थल ध्वस्त न करने की मांग की गई है। याची का कहना है कि ऐसा करने से न केवल प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 अपितु अनुच्छेद 25, 26 व 49 का उल्लंघन किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि बलपूर्वक नहीं अपितु सहमति से नये अधिग्रहण कानून के तहत अधिग्रहण किया जाय।मुख्य स्थाई अधिवक्ता कुणाल रवि ने याचिका का विरोध किया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कोरिडोर योजना की अनुमति दे दी है और ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के फंड का इस्तेमाल अधिग्रहण के लिए करने की इजाजत दे दी है। सरकार मंदिर के चारों तरफ पांच एकड़ में पार्किंग व्यवस्था, टायलेट, विश्राम घर आदि सुविधाएं देना चाहती है। जो आधार इस याचिका में लिए गए हैं, उन्हीं आधारों पर देवेंद्र नाथ गोस्वामी व रसिक राज गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट के 15 मई 25 के आदेश को संशोधित करने की अर्जी दी है। जिसमें कहा गया है कि योजना लागू की गई तो धार्मिक स्थल की अपूरणीय क्षति होगी। वृंदावन का धार्मिक स्वरूप बदल जायेगा।

# फूलबेहड़ पुलिस ने वारंटी अभियुक्त रामेन्द्र कश्यप को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फूलबेहड़ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना फूलबेहड़ पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त रामेन्द्र कश्यप पुत्र कामता, निवासी ग्राम सुन्दरवल, थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार किया है।इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना फूलबेहड़ के प्रभारी निरीक्षक द्वारा किया गया, जो पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।रामेन्द्र कश्यप के विरुद्ध मु0अ0सं0 2462/14, अपराध संख्या 337/8, धारा 401 भादवि (ऋ्ए) के तहत मामला दर्ज था और वह लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक पवन प्रताप सिंह, कांस्टेबल आनन्द प्रताप सिंह एवं कांस्टेबल मुकेश पाण्डेय की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर जनता में सकारात्मक संदेश गया है।

# राज्यपाल का विशेष दौरा: पलिया पहुंचते ही डीएम-एसपी ने किया भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश की मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज एक दिवसीय दौरे पर लखीमपुर खीरी जनपद के पलिया हवाई पट्टी पर राजकीय हेलीकॉप्टर से पहुंचीं। उनके आगमन पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।जैसे ही मा. राज्यपाल का हेलीकॉप्टर पलिया हवाई पट्टी पर उतरा, जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया।राज्यपाल श्रीमती पटेल के इस दौरे को जनपद के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थानों से जुड़ी गतिविधियों में भागीदारी की संभावना है, जिनका उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करना है।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मा. राज्यपाल विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी कर सकती हैं। उनके आगमन से जनपद में उत्साह का वातावरण है और लोगों में उनके स्वागत को लेकर खासा जोश देखा गया।

# आजमगढ़ के सरायमीर में जमीअत उलमा-ए-हिंद के 'अखिल भारतीय मदरसा सुरक्षा सम्मेलन' का आयोजन

**जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा सुप्रीमकोर्ट की रोक के बावजूद मदरसों के खिलाफ कार्रवाई न्यायालय की अवमानना के समान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर 21 अक्तूबर 2024 को पूर्व चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय बैंच ने इस्लामी मदरसों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी जो विभिन्न राजयों विशेष कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे और उसमें कहा गया था कि अदालत द्वारा नोटिस जारी किए जाने के समय तक इस संबंध में अगर कोई नोटिस या आदेश केंद्र या राजय सरकार की ओर से जारी होता है तो उस पर भी विधिवत रोक जारी रहेगी। सुप्रीमकोर्ट की इस रोक के बावजूद उत्तर प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बहुल ज़िलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और क़ब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है, और सूत्रों के अनुसार कई मदरसों को ध्वस्त भी किया जा रहा है। दुख की बात तो यह है कि वैध दस्तावेज़ होने के बावजूद यह अभियान जारी है जिसको लेकर मुसलमानों में गंभीर चिंता और भय की लहर फैल गई है। स्पष्ट हो कि जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाख़िल की गई याचिका पर ही सुप्रीमकोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी और अब मदरसों के खिलाफ जो नया दुष्ट अभियान शुरू हुआ है जमीअत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने और मदरसों के ज़िम्मेदारों की सलाह और परामर्श की रणनीति तय करने के उद्देश्य से आज आज़मगढ़ के सराय मीर में स्थित जामिआ शरइया फैजुल उलूम में ''मदरसा सुरक्षा सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। अहम बात यह है कि इस सम्मेलन में सभी मसलक के मदरसों के ज़िम्मेदारों और ओहदेदारों को शिरकत की। सम्मेलन के आयोजन और प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी को सौंपी गई थी। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि अफसोस कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिस अंदाज़ की राजनीति देश में हुई है इससे मुसलमानों को कोई लाभ नहीं हुआ, उल्टे मुसलमानों के साथ उनकी शिक्षण संस्थानों अर्थात मदरसों को भी निशाने पर ले लिया गया ताकि न केवल यह कि मुसलमानों को राजनीतिक रूप से कमज़ोर कर दिया जाए बल्कि उन्हें धार्मिक शिक्षा से भी संभव तरीक़े से वंचित रखा जाए, अथवा इस अभियान के पीछे राजनीति भी है। यह अभियान न केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन है बल्कि इसके द्वारा संविधान की उन धाराओं को भी पैरों तले रौंदने का प्रयास हो रहा है जिसमें अल्पसंख्यकों को अपने शिक्षण संस्थान स्थापित करने और उन्हें चलाने की पूरी आज़ादी दी गई है। संविधान की धारा 30 (1) के अंतर्गत सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को जहां सुरक्षा प्रदान की गई है वहीं धारा 25 के अंतर्गत अंतरात्मा की स्वतंत्रा और 26 के अंतर्गत अल्पसंख्यकों को अपने धार्मिक शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधन की पूरी आज़ादी दी गई है। सुप्रीमकोर्ट भी लगातार यह टिप्पणी करती रही है कि इन धाराओं के अंतर्गत अल्पसंख्यकों को जो अधिकार दिए गए हैं उसमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। 2014 मैं सुप्रीमकोर्ट की पाँच सदस्यीय बैंच ने यह फैसला दिया था कि शिक्षा का अधिकार क़ानून 2009 इन शिक्षण संस्थाओं पर लागू नहीं होगा जो अल्पसंख्यकों द्वारा चलाए जा रहे हैं और साथ ही उसकी धारा 1 (5) का कोई खंढ भी मदरसों, पाठशाला, गुरूकुल और इसी प्रकार की अन्य शिक्षण संस्थाओं पर लागू नहीं होगा। वास्तव में यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आज़ादी पर एक गंभीर हमला है। जमीअत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ क़ानूनी संघर्ष कर रही है और मदरसा सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन करके मदरसों के सभी ज़िम्मेदारों की सर्वसम्मति से मदरसों की सुरक्षा के लिए एक व्यापक और प्रभावी रणीनीति भी तैयार करने का प्रयास किया जाएगा(

## आजमगढ़ निजी बस-कार में भीषण टक्कर, मचा हाहाकार, कई घायल



आजमगढ़। जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के कोटिला के पास नेशनल हाईवे पर सोमवार को एक निजी लग्जरी बस और कार की टक्कर में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, गाजीपुर निवासी लाली देवी (65 वर्ष), भरत भूषण (45 वर्ष) और छोटेलाल (70 वर्ष) अपनी कार से वाराणसी से घर लौट रहे थे। कोटिला के पास पहुंचते ही आजमगढ़ से वाराणसी की ओर जा रही एक निजी बस ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सड़क किनारे खड्ड में चली गई, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस में सवार यात्री एक-दूसरे पर गिर पड़े, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जेसीबी की मदद से बस को खड्ड से बाहर निकाला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो शातिर टप्पेबाज गिरफ्तार

लालगंज,रायबरेली। कस्बे में हुई दो टप्पेबाजी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से नकदी समेंत चोरी में प्रयुक्त बाईक को भी बरामद किया है। इस सम्पबन्ध में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि कस्बे के बेहटा चौराहा के निकट दुकान से बीती 28 अपै्रल को दो बाईक सवार उचक्को ने कैलाश गुप्ता की दुकान से सरिया दिखाने के बहाने गल्ले से पैसे पार कर दिये थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई थी। पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि इसी बीच 29 मई को धनाभाद निवासी टिंकू गौतम के पैसे भी उचक्को ने बैंक से पार कर दिये। इस दौरान उच्चको ने पैसो के बदले कागजो की गड्डी उसे थमकार फरार हो गये। दोनो मामलो की पुलिस जांच ही कर रही थी कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डलमऊ ओवरब्रिज के पास से दो संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछतांछ शुरू की तो उपरोक्त दोनो घटनाओं को खुलासा हो गया। पुलिस के अनुसार पकडे गये आरोपी मो अजहरूद्दी पुत्र जमालुद्दीन निवासी कटरा अब्दुल गनी जीटी रोड फतेहपुर व मो अरमान पुत्र मो शकील निवासी सैयद बाडा थाना कोतवाली नगर फतेहपुर के रूप में हुई। आरोपियों के पास से पुलिस ने 16 हजार की नकदी समेंत चोरी में प्रयुक्त बाईक को भी पकड़ा है। पुलिस ने दोनो आरोपियो के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपियों पर फतेहपुर जनपद में भी अपराधिक मुकदमें दर्ज बताये गये है।

## ग्रामीणो ने युवक पर लगाया फर्जी अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप

लालगंज,रायबरेली। मोबाईल एप के माध्यम से लोगो के अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल किये जाने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। मामले में तीन लोगो को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मास्टरमाईंड गांव का ही युवक है जो मुबंई में बैठकर लोगो की छवि धूमिल कर रहा है। कोतवाली क्षेत्र के सरांय कुर्मी गांव निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोगो ने उसके अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने की सूचना दी। जानकारी करने पर पता चला कि गांव का ही प्रमोद मुंबई से बैठकर उक्त हरकतो को अंजाम दे रहा है। मामले की शिकायत गांव में रह रहे उसके परिजनो से करने पर वे अभद्रता करने लगें। विनोद के अनुसार आरोपी इससे पूर्व क्षेत्र के दर्जनो लोगो की फर्जी अश्लील तस्वीरे तैयार कर वायरल कर चुका है। जिससे गांव समेंत आसपास के लोग काफी परेशान है और उन्होने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मामला की गहनता से जांच की जा रही है। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## बिजली हुई नदारद, तपते बहुमंजिला भवन बने शोला

लालगंज,रायबरेली। भीषण गर्मी में बिजली ने उपभोक्ताओं को धोखा दे दिया है। दिन और रात लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। बीती रात तो बिजली की आपूर्ति न के बराबर ही रही। रातभर बिजली न मिलने से उपभोक्ताओं की नींद हराम हो गयी है। बिजली की लगातार अंधाधुंध कटौती से लालगंज अछूता नही है। दोपहर जब बहुमंजिली इमारतों में रहने वाले लोगों को बिजली की आवश्यकता रहती है उस दौरान बिजली की कटौती कर की जा रही है। उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली कटौती से मच्छर और गर्मी से न लोग पूरी तरह से प्रभावित हैं। उपभोक्ताओं ने कहा कि रात में आधी रात के बाद बिजली कटौती की जा रही है। शाम से प्रत्येक पांच मिनट में ट्रिपिंग का दौर शुरू होता है और वह सुबह तीन बजे तक जारी रहता है।

# आयुर्वेद व खानपान के संतुलन से शरीर को रखे निरोग

**होटल प्रताप पैलेस में ब्राईट फ्यूचर के तत्वाधान में आयोजित हुआ सेमिनार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लालगंज,रायबरेली। ब्राइट फ्यूचर की अनूठी पहल डायरेक्ट सेल्लिंग एक्सीलेटर के तत्वावधान में हेल्थ अवेरनेस प्रोग्राम व लीडर्स वर्कशॉप स्किल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम शुरु किया गया जिसमे रायबरेली, उन्नाव, फतेहपुर, सीतापुर के लीडर्स ने प्रतिभाग किया। आज कल खान पान की वजह से कॉमन लाइफ स्टाइल डिजीज हो रही है उनसे कैसे बचा जाए, लोग पीड़ित हो गए है आयुर्वेद के माध्यम से कैसे सुरक्षित किया जाए ऐसी विचारधारा के साथ कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ राधेश्याम शर्मा की अनूठी पहल तहसील स्तर पर अपने लीडर्स द्वारा यह मिशन चलाया जा रहा है कैसे बेरोजगारी से मुक्त हो और अपने परिवार को कैसे स्वथ्य रखे। इसके लिए डॉ चंचल हुसैन यूनिवर्सल क्राउन डायरेक्टर द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। घर मे अपने खानपान को चेंज करके लाइफ स्टाइल डिजीज से बच सकते है, भास्कर द्वारा अपने वक्तव्य मे कहा ब्राइट फ्यूचर मे सफल होने के लिए केवल टाइम इज मनी सिस्टम को फॉलो करके आप अपने ड्रीम फुलफिल कर सकते है इस क्रम में भास्कर उपाध्याय, रिजवी, राजू तिवारी, सौरभ सिंह के नेतृत्व में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम व हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम ऑर्गेनाइज्ड किया गया। जिसमें लगभग 125 लोगों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने बताया कि आज के समय मे शुगर, बीपी, गठिया, पाइल्स, अस्थमा, माईग्रेन जैसी बीमारियों से कैसे बचा जाए इसके बारे मे बताया गया और लोगो को बहुत कम समय मे ठीक किया गया। उसके टेस्टिमोनल के माध्यम से उनकी जुबानी सुना गया, हेल्थ व वेल्थ के मिशन पे लगातार लोग कार्य करके एक अच्छी इनकम के साथ साथ रेटिरमेंट जैसी सुविधा का लाभ इस मिशन से जुड़कर ले सकते है। इस कार्यक्रम मे वीनस लीडर भास्कर उपाध्याय, इलीट लीडर राजू तिवारी, रिजवी एमराल्ड लीडर सौरभ सिंह के अनुभवों को लोगो ने सुना। इस मौके पर विजय तिवारी, मुदित, राजकुमार गुप्ता, सुभाष सिंह, पिंकी तिवारी, ज्योत्सना त्रिपाठी, रंजना तिवारी, निधि, नूतन सिंह, राजेश सिंह, सतेंद्र सिंह, मनोहर सिंह, सोहन लाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, पिता व भाई घायल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद । थाना पचोखरा क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके पिता व भाई घायल हैं और अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।थानाध्यक्ष पचोखरा पारुल मिश्रा ने बताया कि वैसपुरा निवासी अशोक कुमार थाना उत्तर चैत्र के ककरऊ कोठी के पास कटिंग की दुकान हैं। आजसुबह वह अपने दो बेटों के साथ दुकान पर आ रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव आनंदपुर बंबा के पास पहुंची तभी अचानक एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। दुर्घटना देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान नरेन्द्र (23) ने दम तोड़ दिया। जबकि पिता अशोक व दूसरे भाई का उपचार जारी है। मृतक के शव को कब्जेमें लेकर फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्वच्छता समिति संग जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

**शौचायलयों की रेट्रो फिटिंग में प्रदेश में जनपद का दूसरा स्थान**

**अपशिष्ट प्रबंधन,शौचालय आवेदन,रिसोर्स रिकवरी सेंटर, सीएससी संचालन,अंत्येष्टि स्थल निर्माण समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यो की समीक्षा की गई।मंडलायुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सख्त निर्देश दिए कि रेट्रो फिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीपीआरओ सौम्य शील सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिससे पूरे प्रदेश में जनपद की रैंकिंग रिट्रोफिटिंग में दूसरी हो गई है।बैठक का मुख्य एजेंडा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित मॉडल ग्रामों की प्रगति, व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 के रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन की स्थिति, सीएससी संचालन की समीक्षा, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा आदि रहा। ठोस एवं तरंग प्रबंधन किये जा रहे कार्यो की प्रगति जानते हुए प्रबंधन में नवाचार को अपनाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्राप्त धन राशि के सापेक्ष कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश सभी एडीओ पंचायतो को दिया। उन्होंने ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदन में हुई कार्यवाही समय से पूरी कराई जाए। उन्होंने ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी एडीओ पंचायत के कार्यों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जाए। इनकी मोनिटरिंग भी की जाए। सीएचसी संचालन में ध्यान दिया जाए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति जानते हुए रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि ई-ग्राम स्वराज प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय,एसीएमओ डॉ अशोक, पीडी सतीश प्रताप मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य राघवेंद्र सिंह सहित सभी एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित डंपर ने दो महिलाओं को रौंदा, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। मौरंग से लदे एक अनियंत्रित डंपर ने सोमवार को दो महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई, जबकि चमत्कारिक रूप से 9 महीने का बच्चा बाल बाल बच गया।मामला सरेनी थाना क्षेत्र के धूरे मऊ चौराहा गल्ला मंडी के पास का है। मृतका के भाई अशोक कुमार ने बताया कि उसका भाई आलोक कुमार पुत्र शिवनाथ ग्राम बरुआ बाग मुजरा रमईपुर थाना सरेनी मोटर साइकिल से भाभी नीतू देवी(39) पत्नी अशोक कुमार व अंजू देवी (25) पुत्री शिवनाथ धुरेमऊ गाँव के पास सेमरी जाने वाले वाहन का इंतजार कर रहा था। अचानक एक तेज रफ्तार डंपर आया और उसने दोनों महिलाओं को कुचल दिया। जिससे उसकी भाभी व बहन की दर्दनाक मौत हो गई।उल्लेखनीय है कि, युवक सड़क किनारे मोटर साइकिल खड़ी करके लघुशंका करने बगल गया था, तभी यह हादसा हो गया। दोनों महिलाओं का शव



सड़क पर क्षत विक्षत हो गया। टक्कर के बाद महिला की गोद में 9 महीने के मासूम बच्चा छिटक कर दूर जा गिरा। जिससे उसकी जान बच गई। हादसे के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है। सरेनी थाना क्षेत्र प्रभारी शिवाकान्त पांडे ने बताया कि सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है जबकि एक बच्चा सुक्षित है। चालक की तलाश की जा रही है।

## कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर ट्रक की टक्कर से मासूम समेत दो बारातियों की मौत

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव के पास कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में बारह घंटे के अंदर फिर सड़क हादसे में एक मासूम समेत दो बारातियों की मौत हो गई। वहीं पांच अन्य बाराती घायल हो गए। हादसे की जानकारी होते ही शादी वाले घर में मातम पसर गया है। पुलिस ने सोमवार को शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जानकारी के अनुसार मारुति इको वैन हाइवे में ग्राम नारायण पुर के पास से गुजर रही थी तभी अज्ञात वाहन ने उसे ऐसी टक्कर मारी कि वैन चकनाचूर हो गई और उसमें सवार 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना सुमेरपुर पुलिस मौके पर पहुँची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने शोभित (11), पुत्र मस्तराम, निवासी इमिलिया खुर्द बांध, थाना कालपी, जनपद जालौन और सौरभ पाल (23), पुत्र जगदीश पाल, निवासी करियापुर, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात को मृत घोषित कर दिया।

# नवसृजित थाना चंदापुर में की गई पीस कमेटी की प्रथम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज,रायबरेली। आगामी बकरीद के त्यौहार में क्षेत्र के समस्त मुस्लिम भाई आपसी भाईचारा बनाकर मनाएं त्योहार,यदि किसी भी गांव में बिजली पानी या अन्य कोई भी समस्या हो तो थाना चंदापुर के सीयूजी नंबर पर सूचित करें । जिसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा यह उद्गार आज थाना चंदापुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी व्यक्ति कर रहे थे। बताते चले कि रायबरेली जिले के न्यायप्रिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना चंदापुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के मुस्लिम भाई व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि पीस कमेटी का मतलब यह होता है कि हम सभी क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव दें अपनी-अपनी बात रखें। यदि किसी भी प्रकार की किसी गांव में कोई समस्या हो तो तुरंत सूचित करें जिसका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाएगा। वहीं थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने यह भी बताया कि शासन के निर्देश है कि आप सभी लोग बकरीद का त्यौहार मिलजुल कर मनाएं और कुर्बानी को खुले स्थान पर ना करें एवं प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी करना सख्त मना है ऐसा करने वाले व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर विद्युत विभाग से रमेश शर्मा, एस एस आई प्रवीण कुमार सिंह, एस आई रवि पंवार, एस आई अशोक कुमार, मुंशी संतोष कुमार सहित थाने का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोग व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

हाथरस। आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोविंदपुर पुलिस चौकी के पास सोमवार को सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की।सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि कोतवाली सादाबाद अंतर्गत आज एक स्कूटी सवार युवक आगरा की ओर से आ रहा था। गोविंदपुर पुलिस चौकी के पास एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को सीएचसी सादाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सीओ ने बताया कि मृतक की पहचान कोतवाली चंदपा के गांव तुरसेन निवासी दयाशंकर (30) के रूप में हुई है। जानकारी में पता चला है कि मृतक आगरा से स्कूटी से अपने गांव लौट रहा था।

# युवक ने पिया विषाक्त, युवती के परिजनों पर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद । थाना सिरसागंज क्षेत्र में युवती से मिलने पहुंचे युवक की संदिग्धावस्था में टायलेट क्लीनर पीने से हालत बिगड़ गई। युवक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर जबरन पिषाक्त पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।थाना दक्षिण क्षेत्र के करबला निवासी अंकित की सिरसागंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत रहने वाली एक युवती से बीते दो साल से जान पहचान थी। दोनों परिवारों के बीच शादी के लिए भी बात हुई, लेकिन बाद में युवती के परिजनों ने किसी बात को लेकर इंकार कर दिया। रविवार रात अंकित युवती से मिलने सिरसागंज स्थित उसके घर पहुंच गया। युवती ने मिलने से इंकार कर दिया। इससे क्षुब्ध होकर युवक ने टायलेट क्लीनर पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख युवती के परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे आगरा रेफर कर दिया गया




है। युवक के पिता महेश ने सोमवार को युवती के परिजनों पर मारपीट और जबरन टायलेट क्लीनर पिलाने का आरोप लगाया।अपर पुलिस अधीक्षक देहात त्रिगुन बिसेन ने बताया कि युवक परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। लड़की के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बीएचयू में दिव्यांगों के अधिकार के लिए ज्ञापन सौंपा

वाराणसी । दिव्यांग पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कृपानंद महाराज ने दिव्यांग जनों के अधिकारों की रक्षा के लिए सोमवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मालवीय भवन में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन दिव्यांग छात्रों को योग साधना पाठ्यक्रम में आवेदन करने की अनुमति नहीं देता है तो यह उनके अधिकारों का घोर उल्लंघन है।उन्होंने कहा कि ल्योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आत्मिक विकास का भी माध्यम है। यदि दिव्यांग जनों को इससे वंचित किया गया, तो यह उनके साथ अन्याय है।ङ्क स्वामी कृपानंद महाराज ने योग साधना केंद्र के निदेशक (मालवीय भवन) को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए आन्दोलन की चेतावनी दी।

# ग्राम पंचायत सकरौर गांव में फर्जी हाजिरी दिखा कर बड़े स्तर पर फर्जी वाड़े का अंदेशा, जिम्मेदार अधिकारी कर रहे लीपापोती

**ब्लॉक परसपुर सकरौर,मरचौर गांव में मनरेगा में भ्रष्टाचार धरातल पर सिर्फ नौ कागज में 206**

**परसपुर ब्लॉक में मनरेगा में फर्जीवाड़े अगर जांच हो जाए तो डीसी मनरेगा,एपीओ आएंगे जांच के दायरे में**

**परसपुर ब्लॉक में मनरेगा में हो रहे फर्जीवाड़े के मास्टरमाइंड बताई जाते एपीओ: सूत्र**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। यह प्रश्न भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है.देश की जनता के पैसों पर अपनी शौक पूरा करने वाले काले ग्राम प्रधान बिषधर की तरह उस धन पर कुण्डली मारकर बैठने वाले जो भ्रष्टाचार की भट्टी पर अपनी- अप नी रोटियां सेंक रहे हैं वो सभी सलाखों के पीछे कब जायेंगे पूछ रही हैं जनता..? खून बहाकर देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों ने खादी पर आम नागरिकों का विश्वास जमाया था।लेकिन अगस्त 1947 के बाद अधिकाश सरकारी योजनाओं में हुई लूट के कारण खादी पर से लोगों का भरोसा उठता रहा है।लेकिन आम जनता करे भी तो क्या करे।चुनाव उनको आखिर खादी पहन ने वाले नेताओं और प्रधान को ही करना है।जबकि कुछ प्रधान को जहां मौका लगता है लूटने में लग जाते हैं।ऐसी ही लूट ब्लॉक परसपुर के सकरौर, मरचौर,बलमथर,और अंदुपुर गांव मनरेगा में लूट मची हुई है।गाव के बेरोजगारों को सौ दिन रोजगार योजना मनरेगा का लाभ दिलाने के बजाए ग्राम पं चायत के प्रधान व पंचायत सचिव फर्जी मस्टर रोल तैयार बेरोजगारों के हक को भी अपनी जेब मे भर रहे हैं।इस लूट में सकरौर और मरचौर,प्रधान के साथ पंचायत सचिव,मनरेगा के उच्च अधिकारी भी पीछे नहीं है।सकरौर में तीन मस्टर रोल में एकसाइड पर सिर्फ काम चल रहा है और फोटो कोई और अपलोड किया जा रहा है।वही मनरेगा योज ना में हो रहे भ्रष्टा चार के जिम्मे दार इसमें रोजगार सेवक की जिम्मेदारी होती है कि वह एन.एम.एम एस.द्वारा फर्जी हाजिरी लगाते हैं उसके बाद तक नीकी सहायक की जिम्मेदारी होती है कि वह फ र्जी एमबी कर देते हैं और प्रधान व सचिव की जि म्मेदारी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है पैसा स्वीकृत होकर श्रमिकों के खाते में पहुंच जाता है।मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े हैं बहुत गहरी व मजबूत मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े इतनी मजबूत है कि किसी भी ग्रामीण की इतनी हिम्मत नहीं होती की खुलकर इसका विरोध कर सके अगर किसी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आ वाज उठाई तो उसकी हर तरह से इतना प्रताड़ित व पीड़ित कर दिया जाता है,मरता क्या नहीं करता आखिर में वह थक हार कर घर पर बैठ जाता है।

## भ्रष्टाचार: मौके पर गए बिना जांच अधिकारी लगा दे रहे रिपोर्ट, शिकायतकर्ता ने लगाया आरोप




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के झंझरी विकास खंड की ग्राम पंचा यत भदुवा तरहर के रहने वाले शेष मणि मिश्रा ने मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील से शिकायत की है जिसमें कहा है कि ग्राम पंचायत से संतराम प्रजापति वर्ष 2010 से 2020 तक लगातार प्रधा न रहे हैं और वर्तमान में उनकी पत्नी किरण प्रधान हैं।आरोप लगाया है कि इन लोगों के द्वारा ग्राम नि धि व अन्य मदों से गांव में जो विकास कार्य कराए गए हैं,उनमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, स्कूल भवन निर्माण,सार्वजनिक शौचालय निर्माण, स्कूल बाउंड्री एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्य किए गए हैं जिसमें भ्रष्टाचार किया गया है। शेष मणि मिश्रा ने बताया कि इसके पहले वह जिला अधि कारी के यहां प्रधान की शिकायत किए थे,जिसमें जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जांच कमेटी गठित की थी, जिसकी जांच रिपोर्ट जिला कार्यक्रम अधिका री को दी गयी।उसमें तकनीकी जांच के सहयोग के लिए सहायक अभियंता लघु सिंचाई को भी लगा या गया था।इन लोगों के द्वारा पैसा लेकर कागज में ही जांच पूरी कर दी गयी।गांव में धरातल पर बि ना गए ही जांच कर दी गयी।

# सगाई समारोह से लौट रहे गोण्डा के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत, तीन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सगाई समारोह से लौट रहे गोण्डा जिले के चार लोगो की बाराबंकी में हुए सड़क हादसे में मौ त हो गई।जबकि,तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।ये लोग इंगे जमेंट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कानपुर ग ए थे।वहां से वापस लौटते समय हादसा हो गया। हादसे की सूचना पर घर के लोग बाराबंकी के लिए रवाना हो गए।वहीं मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है शहर के पीपल तिराहा निवासी राजवीर कुशवाहा उर्फ सुधीर 32 वर्ष उनकी पत्नी शांती सिंह उर्फ सुनीता 30 वर्ष बहनोई रमाशंकर मौर्या 40 वर्ष निवासी खिराभा कोतवाली नगर राजवीर के चचेरे भाई अवध नरेश की सगाई रस्म के लिए कानपुर गए थे।वाहन अयान 22 वर्ष चला रहा था।सगाई कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी लोग रविवार की देर शाम कानपुर से घर के लिए निकले थे। बाराबंकी के रामनगर के पास ट्रक से टक्कर हो गई,जिस मे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि रमाशंकर की पत्नी पूजा मौर्या 38 वर्ष पुत्र दक्ष उर्फ आयुष व राजवीर की बेटी अनवी पांच वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मि ली तो घर के लोग अवाक रह गए।राजवीर के वृद्ध पिता शंकर कुशवाहा फफक-फफक कर रो रहे हैं। रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग उन्हें ढांढस बंधा रहे थे।शंकर रोते हुए बोले- भगवान ये क्या कर दिया। बेटे-बहू दोनों को छीन लिया।मौत की सूचना मिल ते ही घर के कई लोग बाराबंकी रवाना हो गए। वहीं,खिराभा के प्रधान प्रतिनिधि बद्री विशाल पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रमाशंकर के परिवार के लोग बाराबंकी चले गए हैं।घर में सिर्फ रमाशंकर के बुजुर्ग मां-बाप ही हैं। शहर के इमामबाड़ा मोहल्ला निवासी वाहन चाल क अयान के घर पर मोहल्ले के लोग एकत्र थे।

घर के अंदर उसकी मां रुकसाना को महिलाएं ढांढस बंधा रही थीं।अयान के नाना ननकू ने बताया कि अयान घर का इकलौता था।उसके पिता की मौत बहुत पहले हो चुकी है।अयान की किसी तरह क माकर घर चलाता था।अब मां की देखभाल कौन करेगा।वही स्थानीय लोगों ने बताया कि राजवीर बहुत ही शांत स्वभाव के व्यक्ति थे।कानपुर जाने से पहले उनकी उनसे मुलाकात हुईं थी,पर किसी को ही पता था कि वह अब वापस नहीं लौटेंगे, पी पल तिराहे के पास पूरे इलाके में गमगीन माहौल है।

# नानपारा के दीप शेखर को जेईई एडवांस में मिली सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**नानपारा, बहराइच।** नानपारा इलाके में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत डॉ सूर्यबली सिंह के पुत्र दीप शेखर ने अपने नाना से प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन पाकर की जेईई एडवांस में चयनित होकर बढ़ाया अपने परिवार व माता पिता का मान। दीप शेखर ने जेईई एडवांस 2025 में पूरे देश में 886वाँ स्थान पाकर मिर्ज़ापुर जनपद का नाम रोशन किया है, पावन धरती श्री रामनगरी अयोध्या में जन्मे एवं प्रारंभिक शिक्षा जिंगल बेल स्कूल अयोध्या से किया उन्होंने सीबीएसई बोर्ड से कोटा राजस्थान से वर्ष 2023 में हाईस्कूल जिसमें 95.8 प्रतिशत अंक एवं 2025 में इंटरमीडिएट 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मूल रूप से निवासी एक छोटे से गांव रामपुर ढबई पोस्ट एकली (अहरौरा) चुनार , मिर्ज़ापुर के हैं । दीप शेषर के पिता डॉ सूर्य बली सिंह कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा बहराइच पर कार्यरत हैं दीप शेखर ने बताया कि उसका लक्ष्य अभी देश के सर्वोच्च संस्था से बीटेक करना है साथ ही उन्होंने बताया कि हमारी सफलता में मेरे परिवार के सभी लोगों का योगदान था । विशेष रूप से मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मेरी माता श्रीमती मधु सिंह एवं मेरे नाना जो रिटायर्ड प्रोफ़ेसर केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज डॉक्टर शीलवन्त सिंह एवं पूज्यनीय नानी जी का रहा है जिनके प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन एवं गुरूजनो द्वारा समय-समय पर डाउट एवं कठिन सवालों के समाधान से इस मुकाम को हासिल किया

## विकसित कृषि संकल्प अभियान द्वारा गाँव-गाँव पहुँच रहा तकनीकी ज्ञान



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा ल्लविकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गतङ्क जनपद के प्रतिदिन एक विकास खंड के अंतर्गत तीन ग्रामों जो क्रमशः विकास खंड बलहा के ग्राम परवतिया, सिलेटनगंज एव मऊसमा, विकास खंड नवाबगंज के ग्राम गोबिंदपुर, बनाकसेही, धर्मनगर, सिरसिया, जामदान एव मझगवां और विकास खंड महसी के चयनित ग्राम सिरसिया, बकैना, थैलियां एव मैकुपुरवा में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 पी के सिंह, सुनील कुमार, उमेश कुमार एवं संदीप कुमार गौतम ने ग्रामवासियों को संकल्प अभियान पर कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होने बताया कि यह अभियान, राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसे भारतीय कृषि के आधुनिकीकरण के लिये वैज्ञानिक प्रसार, स्थायी प्रथाओं और किसान सशक्तीकरण के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देस्य वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और स्थायी कृषि विकास को प्रोत्साहित करना भर है । केंद्र के वैज्ञानिकों ने कृषि में ड्रोन पद्धति पर चर्चा करते हुए बताया कि यह मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) का उपयोग कृषि कार्यों के लिए व यह तकनीक सटीक कृषि, फसल निगरानी, और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए इस्तेमाल की जाती है, ड्रोन मिट्टी की नमी, पोषक तत्वों और अन्य विशेषताओं का विश्लेषण करने के लिए डिज़ाइन किए गए होते हैं, और इनमें सेंसर होते हैं जो मिट्टी के डेटा एकत्र करते हैं। ये ड्रोन कीटनाशकों, शाकनाशी और उर्वरकों को छिड़कने के लिए डिज़ाइन किए गए होते हैं, और इनमें स्प्रेइंग सिस्टम होता है जो रसायनों को फसलों पर समान रूप से वितरित करता है. जिससे ड्रोन के उपयोग से कृषि में श्रम दक्षता बढ़ती है, उत्पादन लागत कम होती है और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है। वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ, जैसे कि सड़ी हुई वनस्पति, की मात्रा अधिक होनी चाहिए। यह मिट्टी के लिए पोषक तत्वों का एक स्त्रोत है और इसे उपजाऊ बनाता है. और मिट्टी में सूक्ष्मजीवों और अन्य जीवों की अच्छी मात्रा होनी चाहिए, जो पोषक तत्वों को साइकिल करते हैं और मिट्टी को स्वस्थ बनाते हैं , इसके अतरिक्त कृषि की विभिन्न विधाओं पर क्रमानुसार परिचर्चा करते हुए जनपद के कृषि विभाग के चयनित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सरकार की परियोजनाओ, किसान क्रेडिट कार्ड आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला ।

## खड़े ट्रेलर से टकराई डीसीएम, चालक की मौत व तीन घायल

वाराणसी । मिर्ज़ामुराद थाना क्षेत्र के रखौना ओवरब्रिज के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डीसीएम वाहन खड़े ट्रेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का चालक वाहन की केबिन में ही फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, वाहन में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना प्रयागराज-वाराणसी हाइवे पर हुई, जहां एक गिट्टी लदी ट्रेलर सड़क किनारे खड़ी थी। डीसीएम के भिड़ने से ट्रैफिक कुछ देर के लिए बाधित रहा। सूचना मिलने पर मिर्ज़ामुराद पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दबे चालक को बाहर निकलवाया। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल भेजा गया, जबकि मृत चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# जिला अस्पताल में तीमारदारों के साथ मारपीट करने पर डॉ.समेत 11 पर केस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। बीते पांच अगस्त 2024 को नगर कोतवा ली क्षेत्र के रहने वाले नबी अहमद पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी गरीबी पुरवा द्वारा ब्लड प्रेशर बढ़ने व बीपी नपवाने के लिए जि ला अस्पताल में रात दस बजे अपने भाई के साथ गया था जहां डॉक्टर अतुल मिश्रा, डॉक्टर एस के गुप्ता,डॉक्टर अजय,फार्मासिस्ट एस.के.आजाद सिंह, वार्ड बॉय अश्वनी कश्यप व अन्य छःअज्ञात द्वारा नबी अहमद व उसके भाई को लात घुसो और लोहे के राड से मारा पीटा तथा भाई को एक कमरे में घसीट कर ले गए जिसमें सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ था और उसकी पिटाई की तथा दो घंटे तक उसे कमरे में बंधक बना कर रखा, इसके बाद नगर कोतवाली के सब इंस्पेक्टर को बुलाकर उनके हवाले कर दिया गया।नबी द्वारा नगर कोत वाली में तहरीर दी गई, लेकिन उसके तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई ना ही रिपोर्ट लिखा गया और ना ही मेडिकल कराया गया।

इसके बाद आठ अगस्त और बारह अगस्त को उसके द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर तहरीर दी गई, जिसके साक्ष्य के तौर पर उसके द्वारा वीडियो क्लिपिंग व अन्य साक्ष्य भी दिए गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।पीड़ित थक हार कर देवी पाटन मंडल के आईजी अमित पाठक से मिलकर पूरी दास्तान बताई जिस पर अमित पाठक द्वारा सीओ सिटी आनंद कुमार राय को जांच करके रिपोर्ट दर्ज करा कर लौटती डाक से एफ आई आर की कॉपी तलब किया था, जिस पर नगर में तीन डॉक्टर एक वार्ड बाय ,एक फार्मासिस्ट और छः अज्ञात कुल 11 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है जिससे जिला अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ है।

# मौत का दूत' बन सड़कों पर फर्राटा मार रहे ओवर लोड वाहन

**कई बार हो चुके हैं हादसे, जिनमें जा चुकी है लोगों की जान**

**परिवहन और यातायात विभाग ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाने में असफल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शहर से लेकर जिले भर में ओवर लोड वाह न सडक़ों पर फर्राटा मार रहे हैं।कई बार यह वाहन दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं जिनमें लोगों की जान भी चली जाती हैं।लेकिन उसके बाद भी या तायात विभाग ऐसे वाहनों के ब्रेक लगाने में असफ ल साबित हो रहा है।यही वजह है कि सडक़ों पर य ह वाहन बेखौफ मौत का दूत बन हवा से बात कर ते हैं।जिला परिवहन व यातायात सहित पुलिस वि भाग की निर्षक्रियता के चलते इन दिनों जिलेभर में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही खूब हो रही है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर सड क़ पर जनता की सुरक्षा को दांव पर लगवा रहे हैं। क्योंकि भारी व ओवरलोड वाहनों के कारण सडक़ की दुर्गति हो रही है वहीं आमजनता के लिए सड क़ मार्ग खतरनाक साबित होता है।इसके बावजूद अफसर कार्रवाई करने में नाकाम हैं।आलम यह है कि धड़ल्ले से जिलेभर में भारी व ओवरलोड वाहन फर्राटा मारते हुए परिवहन व यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जो जो कि चिंता का विषय है।




### क्षमता से अधिक बैठाते हैं सवारी

ओवरलोड वाहनों से आए दिन हादसे होते हैं।ले किन फिर भी इनपर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। कई वाहन दिनभर सडक़ों पर क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटे भर रहे हैं। जिनमें ट्रैक्टर पिकअप,मेटाडोर,ट्रक आदि वाहन भी ओवर लोडिं ग कर सडक़ों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं।बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग सक्रिय दिख रहा है न ही पुलिस।बॉक्स पढ़ाते हैं सुरक्षा का पाठ, खुद नहीं करते अमलयातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस व परिवहन वि भाग लोगों को सडक़ सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है।

विभाग की टीमें समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधिक भार लेकर न चलने की हिदायत देते हैं।लेकिन यातायात के क र्ता-धर्ता खुद इन बातों पर अमल नहीं करते।अगर करते तो मौत के दूत बने ये ओवरलोडिंग वाहनों का आवागमन कब का बंद हो गया होता।

### नियमों की हो रही अनदेखी

जिस तरह से ओवरलोड वाहन सडक़ों पर दौड़ रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि विभाग पूरी तरह से सक्रिय नहीं है।नियम है कि कोई भी भार वाहक वाहन में क्षमता से अधिक भार नहीं लादा जाए, ले किन इस नियम का शहर में पालन नहीं हो रहा है। चालक पिकअप,ट्रक में तिरपाल लगाकार चाहे कै सा भी सामान हो वह कई फीट ऊपर तक भरते हैं और सडक़ों पर फर्राटा भरते हैं।

### सड़के भी होती हैं क्षतिग्रस्त

सड़कों पर बेखौफ हवा से बात करने वाले यह ओ वरलोडिंग वाहन न सिर्फ राहगीरों के लिए आफत बने हुए हैं बल्कि ऐसे ओवरलोड वाहनों से सडक़ों को भी भारी नुकसान पहुंचता है।इन वाहनों के आ वागमन से सडक़ों भी क्षतिग्रस्त होती हैं।जिससे य ह वाहन जान के साथ माल हानि का भी कारण ब न रहे हैं।जिम्मेदार बड़े-बड़े अधिकारी दोपहिया व चार पहिया वाहनों की चेकिंग का फरमान तो जारी करते हैं लेकिन ओवरलोड वाहनों पर कोई निर्देश नहीं दिया जाता जबकि बड़गांव पुलिस चौकी गुरु नानक चौराहा पर स्थित यातायात बूथ के सामने से ही प्रतिदिन ओवरलोड वाहन गुजरते हैं।जिन प र कोई कार्रवाई नहीं होती।

# पेंशनर को भी मिले आठवें वेतन आयोग का लाभ: रूपेश

**राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में हुई चर्चा**

**सभी सहमति बनी मांगों को पूरा करें मुख्यमंत्री: राजेश सिंह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक आवश्यक बैठक जिला चिकित्सालय सदर गोरखपुर पर संपन्न हुए जिसकी अध्यक्षता परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह एवं संचालन महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गोरखपुर रूपेश श्रीवास्तव और महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने कहा कि सरकार आठवें वेतन आयोग का लाभ रिटायर्ड कर्मचारियों को भी दे अन्यथा कर्मचारी समाज आंदोलन की राह अपनाएगा उन्होंने कहा कि विभिन्न कर्मचारी संगठन इस मुद्दे को लेकर अपना विरोध जाता रहे हैं तथा दिल्ली में धरना प्रदर्शन की भी तैयारी कर रहे हैं यूपीएस की खामियों को बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें कर्मचारियों की कटौती के पैसे की 90% धनराशि सरकार रख लेगी जो की बहुत ही गलत है, वह कर्मचारी के मेहनत के कमाई का पैसा है उसे ब्याज सहित वापस किया जाए तथा पेंशन के लिए सेवा अवधि 25 वर्ष से कम करके 20 वर्ष की जाए क्योंकि आरक्षण में 40 वर्ष तक लोग भर्ती हो रहे हैं ऐसी दशा में उनकी 25 वर्ष की सेवा कैसे पूरी हो पाएगी इसलिए सरकार इन सभी कमियों को शीघ्र दूर करें अन्यथा यूपीएस की जगह पुरानी पेंशन व्यवस्था ही बहाल करें नहीं तो कर्मचारी मजबूर होकर आंदोलन की राह अपनाएगा।परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहां की माननीय मुख्यमंत्री जी कर्मचारियों से सहमत बने सभी मांगों को शीघ्र पूरा करें। परिषद के संरक्षक अशोक पांडे और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल मैं केंद्र सरकार से रेलवे यात्रा रियायत पुनः बहाल किए जाने की मांग उठाया।इस अवसर पर रूपेश कुमार श्रीवास्तव, मदन मुरारी शुक्ल, गोविंद जी, इंजीनियर रामसमुझ, राजेश सिंह, अशोक पांडेय, पंडित श्याम नारायण शुक्ल, अनूप कुमार, इजहार अली, कनिष्क गुप्ता गो सेवक वरूण बैरागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## झोपड़ी में घुसी तेज रफ्तार कार

गोरखपुर । बच्ची को बचाने में चालक ने लगाई ब्रेक, हादसे में तीन घायलगोला गोरखपुर।गोला थाना क्षेत्र के चंदौली में रामजानकी मार्ग पर एक बच्ची को बचाने के प्रयास में कार हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार कार डीएल 2सी एएच 6402 गोला जा रही थी। जिसमें दो लोग सवार थे। अचानक मार्ग पर एक बच्ची के आने से कार चालक ने ब्रेक लगा दिया जिससे कार सड़क से नीचे पलटते हुए एक झोपड़ी में जा घुसी। हादसे में कार सवार दो लोग और झोपड़ी में सो रहा एक युवक चोटिल हो गए।कार को बरपरवा निवासी रवि प्रजापति (23) पुत्र महेंद्र थाना बेलघाट चला रहा था। उनके साथ बहुडिहे निवासी अरविंद (22) पुत्र राधेश्याम भी थे। दोनों गोला में एक मोटर पार्ट्स की दुकान में काम करते हैं। वे बेलघाट से एक कार को मरम्मत के लिए ला रहे थे।झोपड़ी चंदौली निवासी बेलाश निषाद की थी, जो परिवार के साथ रामजानकी मार्ग के किनारे रहते हैं। दुर्घटना के समय उनका बेटा झोपड़ी में सो रहा था, जिसे मामूली चोटें आईं। झोपड़ी के पास मौजूद ताड़ के पेड़ों ने कार की रफ्तार कम कर दी, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। घायल कार सवारों का इलाज सीएचसी गोला में चल रहा है।

# युवती का अपहरण कर की शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। हजारा थाना क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा की रहने वाली सुस्मिता मधु पत्नी आकाश ने पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि नवंबर माह 2023 में आकाश ने अपने परिजनों की मदद से उसका अपहरण किया था। मामले में पुलिस से शिकायत करने पर आकाश के पिता ने शादी की बात कही थी। और उसके बाद पीड़िता के साथ अपने पुत्र आकाश की शादी कर दी थी। आरोप है। कि अब उक्त लोग उसको प्रताडित कर घर से निकाल रहे हैं।

पीड़िता ने घर से जाने से मना कर दिया इस पर महिला का पति अपने परिजनों को लेकर वृंदावन दूसरी शादी करने को चला गया हैं। पीड़िता अपनी सुसराल में अकेली रहकर मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रही हैं। उसके बाद भी उक्त लोग रिस्तेदार व पड़ोसियों की मदद से उसको प्रताड़ित कर रहे हैं। 21 मई 2025 को उक्त मामले में पुलिस से शिकायत की पर कौई सुनवाई नहीं हुई हैं। पीड़िता ने एक बार फिर सीओ प्रगति चौहान से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# गन्ने के पौधे जून-जुलाई माह में तेज़ी से पकड़ते है ऊँचाई : जिला गन्ना अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी द्वारा गन्ना विकास परिषद् पीलीभीत के ग्राम मंगदपुर, कुकरा,मुड़िया रतनपुर व रमपुरा,टाह का भ्रमण किया तथा किसान ओमप्रकाश, चंद्रसेन,हरिशंकर मौर्य व सुरेंद्र से वार्ता किया।जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि जून माह गन्ना फसल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस समय फसल की उचित देखरेख से उत्पादन में वृद्धि तथा अधिक किल्लों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सकती है।जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे कुछ ऐसे कार्य है।जिनको समय से करके गन्ने की उपज में वृद्धि की जा सकती है। इनमें महत्पूर्ण है,मिट्टी चढ़ाना। गन्ने के पौधे जून-जुलाई माह में तेज़ी से ऊँचाई पकड़ते हैं। इस समय पौधों के पास मिट्टी चढ़ाना अत्यंत आवश्यक होता है, जिससे पौधों को सहारा मिलता है। और गिरने से बचाव होता है।साथ ही यह प्रक्रिया नए किल्लों के स्वास्थ्य को भी प्रोत्साहित करती है।जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है।अधिक स्वास्थ्य किल्ले पाने के लिए समय पर सिंचाई, निराई-गुड़ाई और मिट्टी चढ़ाना जरुरी है। इसके बाद जरुरी है संतुलित उर्वरक का प्रयोग करना। यूरिया की दूसरी खुराक जून माह में अवश्य दें।जैविक खाद या गोबर की खाद भी डालें ताकि मिट्टी में नमी और जीवांश बना रहे। खेत में पौधों के बीच खाली जगह छोड़ने से किल्लों को फैलने का स्थान मिलता है।पीली पत्तियों व सूखी झाड़ियों की समय-समय पर सफाई करें। लाल सड़न जैसी बीमारियों के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत प्रभावित पौधों को खेत से बाहर करें। समय समय पर सिंचाई एवं जल प्रबंधन करें। मानसून की प्रतीक्षा में खेतों को सूखने न दें। जरूरत पड़ने पर हल्की सिंचाई करें लेकिन जलभराव से बचें। प्रत्येक सिचाई के बाद ओट आने पर गुड़ाई जरूर करें। नालियों की सफाई रखें ताकि वर्षा जल का आसानी से निकास हो सके।जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा समस्त गन्ना किसानों से अनुरोध किया कि वे बताये गये सभी कार्य समय से अपनाएं और गन्ने की उपज में वृद्धि के साथ-साथ अधिक किल्लों की प्राप्ति सुनिश्चित करे स जिससे कि प्रति हे अधिक पैदावार प्राप्त हो सके। अच्छी पैदावार कोई संयोग नहीं,बल्कि वह समय पर की गयी मेहनत और सही तकनिकी का परिणाम होता है। जून महीने मे गन्ना फसल की गयी उचित देखभाल ही नवंबर मे गन्ने की मिठास बढ़ाती है।

## व्यापारी नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर।उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल पूरनपुर नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिनियम में बदलाव करने के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी पूरनपुर कार्यालय पर नायब तहसीलदार त्रिपाठी को सोपा गया जिसमें भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि जब तक अधिनियम में बदलाव नहीं किया जाएगा तब तक किसी प्रकार का भी सैंपल नहीं भरा जाए छोटे दुकानदारों का वार्षिक टर्नओवर ?12 लाख रुपए से 40 लाख रुपए किया जाए और जुर्माना लाइसेंस फीस का दुगना किया जाए व्यापारी हमेशा सरकार का सहयोग करता है।ईमानदारी से कार्य करता है। सारे नियम कानून का पालन करता है उसके बावजूद भी उसका शोषण होता है।अब यह शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ज्ञापन देने के दौरान रवि जायसवाल,जफर अली, मयंक सक्सेना, रामगोपाल कक्कड़, नितिन वर्मा, मोहम्मद हसन, अवनीश सक्सेना, अक्कू रजवी,रिजवान सिद्दीकी, परवेज खा,आशीष गुप्ता, आसिफ अंसारी, शान मोहम्मद, बृजेश शुक्ला, अनुराग दीक्षित ,विशेष दीक्षित,श्याम सिंह, अनुज गुप्ता ,अंकित अग्रवाल, सौरभ जयसवाल सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर सपा नेता राजकुमार 'राजू' ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विधानसभा क्षेत्र के गांव पिपरा मुजफ्ता मे धूम क्रिकेट टूरनामेंट सीजन 7 एवं मोहनपुर मे मोहनपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काट कर एवं सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने शुभारंभ किया है।इस अवसर पर उपस्थित नौजवान खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों को सफल आयोजन की सपा नेता ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ भी दी साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की पिपरा मुजफ्ता मे उद्घाटन मैच नवदिया दुर्जनपुर ब हरिपुर किशनपुर के बीच हुआ दोनो तरफ से बेहतर क्रिकेट खेला गया इस दौरान सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा ''खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता है, बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है।खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है और खिलाड़ियों के बीच वही जोश और अपनापन महसूस करता हूं।खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती देता है, बल्कि अच्छे इंसान बनने की नींव भी रखता है।उन्होंने आयोजन समिति का भी हौसला बढ़ाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कही इस मौके पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव,राजाराम शुक्ला, फतेह चंद्र शुक्ला उर्फ लालाराम,डॉ राधेश्याम कश्यप, लालाराम शर्मा अध्यापक, प्रमोद कुमार पासवान उर्फ गुड्डू ,प्रमोद कश्यप ,रितेश यादव,पवन यादव,प्रभात ,अनुज,विकास यादव ललितकश्यप, कीर्तन शुक्ला ,धर्मवीर वाल्मीकि, विपिन सूर्यवंशी, सत्यदेव कुशवाहा, अभिषेक शुक्ला उर्फ छोटू ,प्रीतम भार्गव, विनय राठौर ,राहुल शर्मा ,प्रियांशु यादव, आकाश राठौर ,डॉक्टर किशन वर्मा ,राम गोपाल चौहान, सुधीर वाल्मीकि, शिवम यादव आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे है।

## वृद्ध पर किया जानलेवा हमला, सीएचसी में भर्ती

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुर के रहने वाले अकरम खां पुत्र जसनूर खां दोपहर दो बजे नमाज पढ़कर मस्जिद से घर वापस जा रहे थे ।रास्ते में घात लगाये बैठे जावेद व अजमतुल्ला पुत्रगण नैनू खां व मारूफ पुत्र भूरा व गुड्डू पुत्र सईदुल रहमान ने लाठी-डण्डे तथा लोहे की राड़ से जानलेवा हमला बोल दिया हाथ व पैर तोड़ दिया जिससे वह लहूलहान होकर जमीन पर गिर गया। शोर-शराबा सुनकर लड़कियों ब मोहल्ले के लोगों ने आकर बमुश्किल बचाया आनंद खाना में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की शिकायत कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार से की गई है।



## दरगाह पर मुशायरे का हुआ आयोजन

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात उर्स ए शाहजी मोहम्मद शेर मियां के मुबारक मौके पर दरगाह शरीफ पर एक अजीमो शान तरही मन्क़बत के मुशायरे का आयोजन किया गया जिसकी सदारत हजरत मुनने मियां साहिबे सज्जाद दरगाह हुजूर हाजी शाहजी मोहम्मद शेर मियां ने फरमाई मेहमाने खुसुसी खानकह उस्मानिया के सज्जादा हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हसन मियां और निजामत उस्मान खा रजी ने कीद्य तरही मिसरह इस प्रकार से था।मोतबर है आपका दर हजरते शाहजी मियां इस मुशायरे में काफी तादाद में शायरों ने अपने कलाम पेश किया हैं।मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हसन मियां,शराफत हुसैन शाद, मोहम्मद इरफान सागर, उस्मान रजी, मोहम्मद हाशिम नाज ,जियाउद्दीन जिया, अशरफ जमा कविश, रियासत हुसैन ,मुराद शकील अंजुम, अफसार सिद्दीकी, अमीर अहमद, मोहम्मद दानिश,नवाबुद्दीन शयदा सरकार नियाजी, डॉक्टर असलम राना ,बुंदन खा नूर, अब्दुल कादिर,अजीम फैजी, रेहान रजा ,ओवैस रजा ,कदीर अहमद, जहीर अहमद, बाबर बाग ,अतहर नूरी ,अब्दुल सईद खा, साबिर हाशमी इनके अलावा काफी तादाद में शायरों अपने कलाम पेश किया मुशायरा देर रात तक कामयाबी के साथ चला हैं।

## एटूजेड डायमंड कॉलोनी की रजिस्ट्री रोकने की मांग मंडलायुक्त ने दिए जांच के आदेश

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** टनकपुर हाईवे पर स्थित एटूजेड डायमंड कॉलोनी को लेकर विवाद गहरा गया है। विश्व हिंदू परिषद ने गंभीर आरोप लगाते हुए रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा मेरठ की कंपनी एटूजेड इन्फ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही इस कॉलोनी में कथित तौर पर धोखाधड़ी व अनियमितताएं पाई गई हैं विहिप के अनुसार, गांव डियूनी केसरपुर के पास स्थित इस कॉलोनी में एक अवैध मजार का निर्माण किया गया था। प्रशासन के आदेश के बाद इस नई मजार को हटा दिया गया। हालांकि, कॉलोनाइजर ने पुरानी मजार के चारों ओर दीवारें बनाकर उसे कार्यालय और गोदाम में तब्दील कर दिया विश्व हिन्दू परिषद ने जिलाधिकारी से जांच की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों को भी शिकायत भेजी हैआरोप है कि धारा 80 के तहत भू–उपयोग में अनियमितताएं की गई हैं। पहले दो उपजिलाधिकारियों ने इस मामले को खारिज कर दिया था। अब बरेली मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को जांच का जिम्मा सौंपा है रजिस्ट्रार से जांच पूरी होने तक कॉलोनी की रजिस्ट्री रोकने की मांग की है विश्व हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को भी इस मामले से अवगत कराया।

## सिलाई प्रशिक्षण से ग्रामीण युवतियों में बढ़ी आत्म निर्भरता : गणेश त्रिपाठी

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास क्षेत्र गौरीगंज के बरना टीकर में महिला सशक्तीकरण एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत सामाजिक संगठन न्याय भारती द्वारा महिलाओं और बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण किया गया। न्याय भारती संस्था के अध्यक्ष गणेश त्रिपाठी ने कहा कि समाज में बदलाव तब आता है जब लोगों को अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिलता है।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से संस्था की ओर से संचालित सिलाई सेंटर में तीन माह का प्रशिक्षण ले चुकी महिलाओं तथा बच्चियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही बेटियों के लिये दस्तकारी ज्ञान होना भी अति आवश्यक है। सिलाई केवल कपडों की सिलाई ही नही बल्कि आत्म निर्भरता की डोर भी है। जब महिलाएं और बच्चियां इस केंद्र से जुड़ी थी तब उनके पास केवल सीखने की ललक थी लेकिन आज वो अपने हुनर से स्वयं और अपने परिवार के भविष्य को संवारने के लिए तैयार हैं। प्रशिक्षका ममता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बताया कि प्रशिक्षण के दौरान न केवल सिलाई का कौशल सिखाया गया बल्कि व्यवसायिक जानकारी,बाजार की मांग,बैंकिंग सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में संजय त्रिपाठी, वेदप्रकाश,सिराज अहमद सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## निकली भव्य तिरंगा शोभायात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा माहौल

**सुल्तानपुर।** अखंडनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कलान ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के पास से सोमवार को एक भव्य तिरंगा शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। कलान चौराहे से शुरू हुई यात्रा में लोगों ने बैंड–बाजों की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए पूरे क्षेत्र को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की भी भागीदारी रही। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.वेद प्रकाश सिंह उर्फ राजू भैया ने कहा, यह शोभायात्रा राष्ट्रीय एकता,अखंडता और समरसता का प्रतीक है। तिरंगा हम सभी को एक सूत्र में पिरोता है और देश के लिए मर–मिटने का संकल्प देता है। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रही। अखंडनगर थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह की अगुवाई में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। तिरंगा यात्रा शिव धाम बेलवाई पहुंचकर संपन्न हुई, जहां स्थानीय शिव मंदिर में पूजा–अर्चना कर राष्ट्र की अखंडता और शांति की कामना की गई।

## हाई स्पीड कार नीलगाय से टकराई, कार सवार एक की मौत

अलीगंज/सुल्तानपुर। रात लगभग 12:00 बजे सुलतानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे फोरलेन कुड़वार थाना क्षेत्र असरोगा टोल प्लाजा मीर का पुरवा रोड के पास अचानक नीलगाय आ जाने से हाई स्पीड स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार दो लोगों में से एक की हालत नाजुक देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही घायल की मृत्यु हो गई। मृतक सलमान (27) सुल्तान बंधुआ कला राईनपुर सागरा थाना बंधुआ कला सुलतानपुर का निवासी मृतक के दो भाइयों और अफसान और फुरकान है मृतक की 5 वर्ष पूर्व शादी हुई थी और दो बच्चे हैं और दो बच्चे हैं बड़ा बेटा 4 वर्ष का और छोटी बेटी 1 वर्ष की है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिवार के लोगों का रो–रो कर बुरा हाल है।

# ई–रिक्शा और कार की भिड़ंत, दो की मौके पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। ई-रिक्शा और तेज रफ्तार कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया।घायलों में कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने दो मृतकों के शवो के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।सोमवार दोपहर बाद पूरनपुर से बंडा जाने वाले आसाम हाइवे पर कसगंजा मोड़ पर कार की टक्कर से ई रिक्शा सवार एक दर्जन घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने डॉक्टर ने चालक सहित दो की मृत घोषित कर दिया। हाईवे पर हुए

**कई घायलों का हाल–चाल जानने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष**

हादसे को लेकर खलबली मच गई। घुंघचाई पुलिस सभी को लेकर सीएचसी पहुंची। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए। घटना से अस्पताल में ही परिजनों का रोकर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुरिया सलेमपुर की रहने वाली नन्ही देवी अपनी बेटी कविता, कलावती, सौम्या, शिखा और पुत्र ऋतिक बंडा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी रिक्शा पर घुंघचाई निवासी हर्षित की मां कुसुम और बेटी निष्ठा सवार थी। इसके अलावा मीरगंज बरेली निवासी प्रियंका और रेखा भी ई रिक्शा से बंडा की ओर जा रहे थे। जैसे ही ई रिक्शा सवार पूरनपुर बंडा हाईवे कसगंजा के पास पहुंचे। तभी सामने से तेज रफ्तार से आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि ई रिक्शा नीचे खाई में जा गिरा।इसमें सवार चालक बलरामपुर निवासी राजेंद्र सहित एक दर्जन लोग जख्मी हो गए। हाईवे पर हुए हादसे को लेकर अफरा मच गई। घुंघचाई पुलिस ने सभी घायलों को लेकर पूरनपुर सीएचसी पहुंची। इलाज के दौरान डॉक्टर ने चालक राजेंद्र और शिखा को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतक और घायलों के परिजन भी पहुंच गए। स्टाफ की कमी होने चलते उपचार मिलने भी काफी देर हुई। प्राइवेट लड़कों के प्रयास से सभी घायलों को उपचार शुरू हुआ। इलाज के दौरान आधा दर्जन दिन से अधिक की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल लेकर कर दिया गया। घुंघचाई थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कार और ई रिक्शा में भिंडत हुई है। इसमें ई रिक्शा चालक सहित दो की मौत हुई है। घायलों का उपचार चल रहा है। चालक कार छोड़कर फरार हो गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पुलिस ने बुलेट सवार युवकों के कब्जे से तमंचा और स्मैक किया बरामद

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मुंशीगंज पुलिस ने एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस व बीस ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान बुलेट सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोक कर नाम पता पूंछने पर एक ने अपना नाम पता अभय प्रताप सिंह उर्फ अंगद सिंह पिता धर्मराज सिंह निवासी दांदूपुर थाना मुंशीगंज तो दूसरे ने अपना नाम पता रविशंकर दूबे पुत्र बलभद्र दूबे निवासी डिहवा रघुनाथपुर थाना मुंशीगंज बताया। बुलेट संख्या डीएल 3ट्ट डी ई 7088 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में अभय प्रताप सिंह उर्फ अंगद सिंह के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस व रविशंकर दुबे के कब्जे से बीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# गौवंश हत्या व गोवंश तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था और विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कूरेभार के द्वारा बकरीद से पूर्व गौवंश हत्या व गोवंश तस्करी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर उपस्थित संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि सम्पूर्ण देशवासी भलीभाति जानते ही है कि गोवंश हमारी सात्विक ऊर्जा. आर्थिक समृद्धि एवं आरोग्य का सर्वश्रेष्ठ श्रोत है। इसी दिव्य-वैज्ञानिक आधार को देखते हुए कटका क्लब सामाजिक संस्था देश में बढ़ती गोवंश तस्करी व हत्याओं की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बकरीद के मौके पर यह मांग करता है कि राज्य सरकारें व स्थानीय पुलिस-प्रशासन इन घटनाओं के विरूद्ध न सिर्फ कठोर कार्यवाही करें, बल्कि भविष्य में इनकी पुनरावृत्ति रोकने हेतु पूरी संवेदनशीलता के साथ समुचित कदम उठाएं। इस मौके पर उपस्थित सुल्तानपुर विभाग गौ रक्षा प्रमुख विहिप काशी प्रांत लल्लू तिवारी ने बताया कि कुछ राज्यों में गोवंश हत्या रोधी कानून लचर है किन्तु आपके राज्य में कठोर कानून के बावजूद पुलिस-प्रशासन के लचर रवैए, लापरवाही या मिलीभगत से गोवंश हत्यारे व गोवंश तस्कर सक्रिय है। इसलिए ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में गोरक्षकों को मजबूरी में अपने प्राण संकट में डालकर सकड़ों पर उतरना पड़ता है जो बेहद चिंता जनक है। ज्ञापन देने में उपस्थित राष्ट्रीय संत रवि चिन्मयानंद पांडेय, कथावाचक शनि मिश्र, वृजेन्द्र मिश्र आईटी सेल प्रभारी, एडवोकेट अमन तिवारी दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियों की नहीं हुईं गिरफ्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मंदिर पुजारी को मिल रहीं धमकियां, डिप्टी सीएम से कार्यवाही की गुहार**

सुल्तानपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के बालमपुर गांव में लाउड स्पीकर से शुरू हुए मंदिर मस्जिद के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को दर्जनों की संख्या में लोग लखनऊ स्थित डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के पास पहुंचे। पूरे मामले से अवगत कराया। सूत्रों की माने तो जिले से मस्जिद ढहाने की रिपोर्ट भेजी गई है। बताते चले कि बालमपुर गांव में स्थिति मंदिर व मस्जिद में बजने वाले लाउड स्पीकर को लेकर बीते पखवारे से दोनों समुदायों में विवाद चला आ रहा है। पहले विशेष समुदाय के लोगों ने मंदिर में बजने वाले लाउड स्पीकर की शिकायत की, उसके बाद जवाब में हिन्दू पक्ष ने मस्जिद के निर्माण पर आपत्ति जताई। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जाँच पड़ताल कर मस्जिद का निर्माण अवैध बताते हुए रोक दिया। बताया जाता है भूमि ग्राम समाज की है, उसके बाद भी निर्माण पर लोग आमादा रहे। सप्ताहभर पहले निर्माण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां लोगों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। गाली गलौज करते हुए पुलिस से अभद्रता की थी। बड़ी संख्या में पुलिस फ़ोर्स गांव पहुंची तो हमलावर भाग निकले। दरोगा मनोज सिंह की तहरीर पर पांच नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की आज तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। शिकायतकर्ता मंदिर के पुजारी पारसनाथ मिश्रा ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। डिप्टी सीएम को प्रार्थना पत्र देकर मस्जिद के ध्वस्तीकरण, आरोपियों की गिरफ्तारी व स्वंय की जान माल की सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है।

## उधारी मांगने पर पत्रकार को छत से फेंकने पर इलाज के दौरान हुई मौत

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना अमेठी क्षेत्र के गांव भगवानपुर मजरे उमापुर गानापट्टी में उधारी का पैसा मांगने पर एक पत्रकार को घर पर बुलाकर छत से धक्का देकर गिरा दिया गया है जिससे युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष की अगुवाई में प्रतिनिधि मण्डल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया तो अमेठी पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नही कर सकी है। मृतक के सुपुत्र अमित कुमार त्रिपाठी पुत्र प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती अठारह मई की शाम को मेरे पिता प्रदीप कुमार तिवारी को फोन करके गांव के ही कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ संतोष गुप्ता पुत्र बृजलाल गुप्ता ने पिता जी से लिये गये एक लाख रुपया उधार वापस देने के लिये पुलिस लाइन के समीप स्थित अपने घर पर बुलाया घर पर कृष्ण कुमार उर्फ संतोष का भांजा शिवम गुप्ता सहित अन्य तीन लोगों के साथ उसके पिता को मारा–पीटा तथा एक लाख रुपया वापस न देकर उनकी हत्या करने की नियत से छत से ढकेल दिया जिससे उनको गम्भीर चोटें आयी जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी गर्दन के पास से टूट गयी जिन्हें उपरोक्त विपक्षीगण मौके पर मृत समझकर छोड़कर भाग गये। एक अज्ञात व्यक्ति की सूचना पर एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी अमेठी में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल गौरीगंज के लिये रेफर कर दिया गया किन्तु वहां भी हालत में सुधार न होने पर इलाज के लिये दिल्ली अपोलो हास्पिटल लेकर गया।

# एयर चीफ मार्शल की जायज चिन्ता

रक्षा व्यय के मामले में भारत की वैश्विक स्थिति में भी सुधार होने की संभावना है। इस मामले में भारत वर्तमान में चौथे स्थान पर है। 2047 तक रक्षा खर्च के मामले में हम तीसरे स्थान पर पहुंच सकते हैं। इसके बावजूद अगर रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल विचारणीय हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा। एयरफोर्स चीफ की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब भारत ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को हवाई क्षमता का प्रदर्शन कर ध्वस्त किया था। इसी टकराव ने यह भी दिखाया कि जंग में लड़ाकू विमानों की भूमिका कितनी अहम हो चुकी है।वैसे भी देखा जाए तो भारतीय सेना के लिए सीमाओं पर सुरक्षा, बढ़ती तकनीक, और आंतरिक सुरक्षा चिन्ता के कुछ मुख्य विषय हैं। सेना के पास संसाधन और आधुनिक उपकरण की कमी है।भारत की सीमाएं लंबी हैं और विभिन्न चुनौतियों से जूझती हैं, जैसे कि सीमा पार आतंकवाद और संघर्ष। सेना को इन चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। तकनीक में प्रगति के साथ, सेना को भी नवीनतम तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। इसमें साइबर सुरक्षा, ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में विकास शामिल है। सेना में भर्ती होने वाले लोगों को विभिन्न कठिनाइयों और संघर्षों का सामना करना पड़ता है। सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि वे अक्सर कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। इन सभी चिंताओं को दूर करने के लिए, सरकार को सेना को पर्याप्त संसाधन और आधुनिक उपकरण प्रदान करने और सीमा सुरक्षा, तकनीक और आंतरिक सुरक्षा में सुधार करने की आवश्यकता है। चिंता की बात यह है कि जो चीन के पास है, वह किसी न किसी तरह पाकिस्तान के पास पहुंच ही जाता है। हालिया टकराव में ही उसने तुर्किये के ड्रोन और चीन के लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया। भारत के लिए ताजा रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है कि चीन अपने जे -35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। सरकार ने 5वीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट के निर्माण को मंजूरी तो दी है, पर अगर उम्मीद पूरी हुई तो भी इनको बनने में 10 साल लग जाएंगे। भारतीय वायु सेना के पास 42.5 स्क्वाड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए, लेकिन हैं केवल 30। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अभी तक स्वदेशी तेजस मार्क - 1। की डिलिवरी नहीं कर पाया है। इसकी वजह से वायु सेना की रक्षा तैयारियों पर असर पड़ रहा है। एयर चीफ पहले भी यह मुद्दा उठा चुके हैं। ऐसे में सवाल है कि जिस मसले पर सरकार को अपनी ओर से चुनौतियों की पहचान और उसका हल निकालने की पहल करनी चाहिए, उसकी फिक्र वायुसेना प्रमुख को जाहिर करने की जरूरत क्यों पड़ी। ऐसे में अगर सैन्य बलों की ओर से परियोजनाओं के समय पर पूरा नहीं होने पर चिंता जाहिर की जाती है, तो यह सरकार के लिए तत्काल विचार करने और कमियों पर गौर करने का मामला होना चाहिए। वायुसेना प्रमुख की यह बात बेहद अहम है कि युद्ध का चरित्र बदल रहा है तो हर दिन हम नई तकनीकें देख रहे हैं। जाहिर है, इसी मुताबिक खुद को तैयार रखने की जरूरत है। भारत ने ऐसी परिस्थितियॉ को कई बार देखा है जिसके कारणा पाकिस्तान या चीन जैसे पड़ोसी नाहक ही टकराब जैसे हालात पैदा करते रहते हैं। हालत यह है कि पाकिस्तान को किसी भी समय संघर्ष विराम का उल्लंघन करने में हिचक नहीं होती, तो चीन की गतिविधियां भी भारत के लिए चिंता का कारण रही हैं। ऐसे में सीमा पर कब कैसी परिस्थितियां पैदा हो जाएं, यह तय कर पाना मुश्किल है।ऐसे में अगर लड़ाकू विमानों की खरीद का सौदा तय हो जाए, लेकिन उसकी आपूर्ति और तैनाती के समय को लेकर सजगता नहीं बरती जाए, तो इसके क्या नतीजे हो सकते हैं ? पिछले कुछ वर्षों के दौरान युद्ध और तकनीकी के मोर्चे पर दुनिया भर में जिस तरह के बदलाव आए हैं, उसमें जरूरत इस बात की है कि सेना को सभी और नए जरूरी साजो-सामान से लैस किया जाए। रक्षा परियोजनाओं के तहत अगर किसी संदर्भ में वायदे किए जाते हैं, तो उन्हें समय पर पूरा करने को लेकर भी उतनी ही सजगता होनी चाहिए।

# सफर और अच्छे सेहत की साथी

## विश्व साइकिल दिवस पर विशेष

**समय के साथ साइकिल की उपयोगिता और महत्व भी बदलता गया है और आज के आधुनिक दौर में साइकिलें अधिकांशतः व्यायाम अथवा शारीरिक फिटनेस के तौर पर प्रयोग की जाती हैं। आज के जमाने में लोग घंटों साइकिल चालकर इससे सेहत और वातावरण को पहुंचने वाले फायदों के बारे में जागरुकता फैलाते हैं। हालांकि यूरोप, डेनमार्क, नीदरलैंड इत्यादि दुनिया के कई हिस्से आज भी ऐसे हैं, जहां साइकिल के जरिये ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाया जाता है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 के बीच काफी अच्छा चला लेकिन उसके बाद समय बदलता गया और साइकिल का चलन भी कम होता गया। बीते कुछ वर्षों में पर्यावण की महत्ता और साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ को देखते हुए लोग साइकिल की ओर आकर्षित हुए हैं और यही कारण है कि अब केवल भारत ही नहीं बल्कि जापान, इंग्लैंड सहित कई विकसित देशों में भी साइकिलों का उपयोग बढ़ रहा है। भारत का साइकिल उद्योग आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और भारत साइकिल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। साइकिल पर्यावरण के लिए यातायात का सबसे उत्तम साधन है क्योंकि इसके उपयोग से डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही प्रदूषण स्तर भी कम होता है। साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने में भी साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है। यही कारण है कि साइकिल की विविधता, मौलिकता और परिवहन के एक व्यापक और सहज साधन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 03 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है।**

एक समय ऐसा था जब लोग मीलों दूर का सफर भी पैदल अथवा बैलगाड़ियों के माध्यम से कई-कई दिनों में पूरा किया करते थे। साइकिल के आविष्कार ने लोगों की दुनिया ही बदल डाली। साइकिल ने लोगों के लिए मीलों दूर का सफर भी आसान बना दिया। कुछ दशक पूर्व तो बहुत से छात्र स्कूल तक पहुंचने के लिए भी मीलों दूर का सफर साइकिल से ही तय किया करते थे। हालांकि वह ऐसा दौर था, जब साइकिल को आमतौर पर निर्धनता का प्रतीक समझा जाता था और साइकिल को गरीब तथा मध्यम वर्ग के यातायात का ही अहम हिस्सा माना जाता था। तब खासकर मजदूर वर्ग के लोग, दूध वाले, स्कूल जाने वाले छात्र इत्यादि ही साइकिल पर दिखते थे। साइकिल की कीमत तब ज्यादा नहीं होती थी और प्रायः एक ही जैसी साइकिलें बाजार में मिलती थी लेकिन समय के साथ बदलती तकनीक के दौर में साइकिलें भी हाईटेक होती गईं और आज बाजार में कुछ हजार से लेकर लाखों रुपये तक की साइकिलें उपलब्ध हैं। समय के साथ साइकिल की उपयोगिता और महत्व भी बदलता गया है और आज के आधुनिक दौर में साइकिलें अधिकांशतः व्यायाम अथवा शारीरिक फिटनेस के तौर पर प्रयोग की जाती हैं। आज के जमाने में लोग घंटों साइकिल चालकर इससे सेहत और वातावरण को पहुंचने वाले फायदों के बारे में जागरुकता फैलाते हैं। हालांकि यूरोप, डेनमार्क, नीदरलैंड इत्यादि दुनिया के कई हिस्से आज भी ऐसे हैं, जहां साइकिल के जरिये ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाया जाता है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 के बीच काफी अच्छा चला लेकिन उसके बाद समय बदलता गया और साइकिल का चलन भी कम होता गया। बीते कुछ वर्षों में पर्यावण की महत्ता और साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ को देखते हुए लोग साइकिल की ओर आकर्षित हुए हैं और यही कारण है कि अब केवल भारत ही नहीं बल्कि जापान, इंग्लैंड सहित कई विकसित देशों में भी साइकिलों का उपयोग बढ़ रहा है। भारत का साइकिल उद्योग आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और भारत साइकिल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। साइकिल पर्यावरण के लिए यातायात का सबसे उत्तम साधन है क्योंकि इसके उपयोग से डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही प्रदूषण स्तर भी कम होता है। साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने में भी साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है। यही कारण है कि साइकिल की विविधता, मौलिकता और परिवहन के एक व्यापक और सहज साधन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 03 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 03 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा साइकिल सवारी से मिलने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आवागमन के लिए सबसे सस्ता साधन इत्यादि को देखते हुए की थी। दरअसल साइकिल का महत्व धीरे-धीरे घटता जा रहा था, तकनीक के विकास के साथ ही पैट्रोल-डीजल इत्यादि से चलने वाली गाड़ियों का उपयोग बढ़ने लगा और लोगों ने समय की बचत तथा सुविधा के लिए साइकिल चलाना बेहद कम कर दिया। इसीलिए साइकिल के उपयोग और जरूरत के बारे में बच्चों और अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पर्यावरण सुरक्षा को भी साइकिल चलन को बढ़ावा देने का अहम उद्देश्य माना है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार साइकिल दिवस मानव प्रगति, उन्नति, स्थिरता, सामाजिक समावेश और शांति की संस्कृति के प्रतीक के रूप मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत को लेकर अमेरिका के मोंटगोमरी कॉलेज के प्रोफ़ेसर लेसजेक सिबिल्स्की ने एक अभियान चलाया था, जिसका समर्थन तुर्कमेनिस्तान और 56 अन्य देशों ने किया था। सिबिल्सकी ने ही साइकिल दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद सिबिल्सकी और उनके साथियों द्वारा उसका प्रचार-प्रसार किया गया। साइकिल यातायात का ऐसा साधन है, जो वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इसे चलाने के लिए पेट्रोल, डीजल या सीएनजी जैसे किसी ईंधन की जरूरत नहीं पड़ती। साइकिल चलाने से अच्छा व्यायाम हो जाता है, जिससे वजन कम करने से लेकर मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। साइकिल चलाना एक प्रकार की एरोबिक एक्सरसाइज है, जिससे शरीर को चुस्त-दुरूस्त रखने, पतला होने और मांसपेशियों को टोन करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाने वाले व्यक्ति को कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह जैसी भयानक बीमारियों का जोखिम कम होता है और यदि कोई व्यक्ति प्रकृति के करीब साइकिल चलाता है तो यह उसे तरोताजा रखने के साथ-साथ उच्च रक्तचाप जैसी समस्या को भी दूर रखने में मददगार है। साइकिल चलाने से मूड अच्छा होने में भी मदद मिलती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आया है कि प्रतिदिन आधा घंटा साइकिल चलाने से ही हम मोटापा, हृदय रोग, मानसिक बीमारी, मधुमेह, गठिया इत्यादि कई बीमारियों से बच सकते हैं। चिकित्सकों के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ घुटनों की समस्या नहीं हो, इसके लिए प्रतिदिन साइकलिंग करनी चाहिए, जिससे जोड़ों में किसी प्रकार का दर्द नहीं होगा। साइकिल चलाने से न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बल्कि मस्तिष्क अधिक सक्रिय रहता है, ब्रेन पावर बढ़ती है। विशेषज्ञों का मानना है कि साइकिल चलाने से 15 से 20 प्रतिशत अधिक दिमाग सक्रिय होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साइकलिंग करने से इम्यून सिस्टम तो अच्छा होता ही है, साथ ही इम्यून सेल्स भी एक्टिव हो जाते हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। साइकलिंग परिवहन का सबसे सस्ता साधन है, जिससे रत्तीभर भी पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता। आधा घंटा साइकलिंग करने से बॉडी फिट रहती है। शरीर पर चर्बी नहीं आती। पाचन क्रिया ठीक रहती है। हृदय और फ़ेफड़े मजबूत बनते हैं और कई जानलेवा बीमारियां दूर रहती हैं। चूंकि साइकिल स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का साधन है, इसलिए दुनियाभर में साइकिल के चलन को बढ़ावा देने का सीधा सा अर्थ है वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करना क्योंकि साइकलिंग में स्वाभाविक शून्य उत्सर्जन मान होता है, इसीलिए यह कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कमी में बड़ा योगदान देती है। **–योगेश कुमार गोयल**



# सत्ता और नैतिकता में विरोधाभास क्यों?

## संजीव ठाकुर

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत है। भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है। राजनेताओं से अपेक्षा होती है कि वह समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर काम करें किंतु अनैतिक राजनीति इस प्रतिबद्धता में एक बड़ी बाधा है, और इसके साथ ही राजनेता अनैतिक प्रथाओं का समावेश कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मैं कतई गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की भाषा भी निम्न स्तर तथा अनैतिक होते जा रही है, और यही कारण है कि राजनीति में अयोग्य लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत में प्रत्येक पेशेवर व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए योग्यता निर्धारित की गई है, किंतु जनता पर शासन करने वाले जनप्रतिनिधियों की कोई भी योग्यता निर्धारित नहीं की गई है। संविधान में ही योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन संसद द्वारा पारित जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसका कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसीलिए संविधान तथा इस अधिनियम में जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता एवं एवं अपराधिक निर्योग्यता का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे राजनीति थोड़ी साफ सुथरी हो और नैतिकता तथा आत्मबल में वृद्धि हो। पढ़े लिखे, शिक्षित लोगों की राजनीति में आने से वहां का वातावरण थोड़ा शुद्ध होने की संभावना बनती है,और देश के विकास को भी बल मिलता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि सामान्यता अपराधी प्रवृत्ति लोगों को विधानसभा या लोकसभा में टिकट नहीं दी जानी चाहिए, जिससे उनका राजनीति में प्रवेश प्रतिबंधित हो सके।

## सेहत मंत्र

# तेजी से गिर रहा है वजन, तो यह है किसी बड़ी बीमारी होने का संकेत

वर्तमान समय में, हर व्यक्ति एक आकर्षक शरीर पाने की चाह रखता है और इसके लिए लोग अपने वजन को कम करने या बढ़ाने की फिराक में लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपका वजन लगातार और तेजी से गिर रहा हो तो यह खुश होने का समय नहीं है, बल्कि आपको सतर्क हो जाने की आवश्यकता है। दरअसल, लगातार वजन गिरना सामान्य नहीं होता। यह दर्शाता है कि आप कुछ गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए हैं। तो चलिए जानते हैं उन बीमारियों के बारे में, जिनके शुरूआती लक्षण वजन गिरना होता है? आज के समय में थॉयराइड की समस्या बेहद आम है। इसे आप अपने वजन के घटने या बढ़ने के आधार पर पता लगा सकते हैं। आमतौर पर थॉयराइड दो प्रकार का होता है? हाइपरथॉयराइड और हाइपोथॉयराइड। जब आपका वजन तेजी से गिरता है तो यह संकेत है कि आप हाइपरथॉयराइड की चपेट में आ गए है। हाइपरथॉयराइड होने पर आपकी थॉयराइड ग्रंथि अति सक्रिय हो जाती है। इस बीमारी में आपका वजन तो तेजी से गिरता है ही, साथ ही आपको सोने में भी परेशानी होती है और आपको हमेशा ही गर्मी का अहसास होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो एक बार थॉयराइड का टेस्ट अवश्य करवाइए। आज के समय में भारत विश्व की डायबिटीक कैपिटल बन गया है। भारत में न सिर्फ अधिकतर लोग मधुमेह पीड़ित हैं, बल्कि इसके लक्षणों के बारे में न पता होने के कारण वे इसकी चपेट में आ जाते हैं। अगर आपका लगातार वजन गिर रहा है और आपको बार?बार प्यास लगती है। साथ ही आपको बार?बार पेशाब जाना पड़ता है तो यह संकेत हैं कि आपके शरीर में इंसुलिन का स्तर गड़बड़ा गया है। काम का बढ़ता बोझ लोगों के लिए कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। कभी-कभी अत्यधिक काम, या फिर पर्सनल व प्रोफ़ेशनल लाइफ में परेशानियों के चलते व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है और उसे खुद भी इसका पता नहीं चलता।

## धर्म मंत्र

# कुंवारी कन्याओं द्वारा हनुमान जी की पूजा से विवाह में होती है देरी

हिंदू धर्म शास्त्रों में हनुमान जी की पूजा से जुड़े नियमों का वर्णन मिलता है। वहीं लोगों के बीच कई ऐसी मान्यताएं प्रचलित हैं, जिनका शास्त्रों में वर्णन नहीं मिलता है। इसमें से एक नियम है कि कुंवारी कन्या द्वारा हनुमान जी की पूजा नहीं करनी चाहिए। लोक मान्यता है कि यदि कोई कुंवारी कन्या हनुमान जी की पूजा-अर्चना करती है, तो उनकी शादी में देरी होने लग जाती है। इसलिए किसी भी कुंवारी कन्या को हनुमान जी की पूजा नहीं करनी चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस लोक मान्यता में कितनी सच्चाई है। क्या वाकई में कुंवारी कन्या द्वारा हनुमान जी की पूजा करने से शादी में देरी होती है। धार्मिक शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि किसी भी महिला को हनुमान जी के पूजा के समय कई नियमों का पालन करना चाहिए। लेकिन शास्त्रों में यह वर्णन नहीं मिलता है कि कुंवारी कन्या द्वारा हनुमान जी की पूजा करने से विवाह में विलंब हो सकता है। असल में यह लोगों द्वारा बनाई और फैलाई गई एक भ्रांति है। जिसके पीछे यह वजह हो सकती है कि हनुमान जी ने विवाह नहीं किया था। हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी थे और इसी वजह से कुंवारी कन्याओं द्वारा हनुमानजी के पूजन और विवाह में देरी की मान्यता फैली है। हालांकि शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि यदि किसी महिला या फिर लड़की को भय लगे, या फिर उनको ऐसा लगने लगे कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उनको नुकसान पहुंच सकता है।

## पर्यटन



# शोरगुल और भीड़ से दूर माशोबरा के जंगलों में घूमने का अलग ही है मजा

शिमला जिले में स्थित माशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। जहां आपको घूमने के कई सारे ऑप्शन मिलेंगे। समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। मशोबरा एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल ये जगह एडवेंचर के साथ-साथ रिलैक्सिंग और एन्जॉयमेंट के लिए भी बेस्ट है। एडवेंचर के लिए ये हैं ऑप्शन्सः यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। जाखू मंदिरः शिमला में 8500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित हनुमान जी के इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि ये रामायण के वक्त से है। इतनी ऊंचाई पर बने होने की वजह से शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के दर्शन कर सकते हैं। जाखू पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने हुए इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 किमी का सफर तय करना पड़ता है। महासू देवता मंदिरः भगवान शिव को माशोबरा और आसपास के इलाके के लोग महासू देवता के नाम से पुकारते हैं। हर साल मई महीने के तीसरे मंगलवार को यहां 2 दिनों का महासू जत्रा उत्सव मनाया जाता है। जिसमें यहां के स्थानीय लोग अपने लोक गीत, नृत्य और तीरंदाजी का प्रदर्शन करते हैं। तो अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो मई महीने में अपना ट्रिप प्लान करें। रिज़र्व फॉरेस्ट सेंचुरीः नेचर लवर्स के लिए मशोबरा का यात्रा इसलिए भी यादगार साबित हो सकती है क्योंकि यहां की इस फॉरेस्ट सेंचुरी में आपको अलग-अलग तरह के बहुत सारे पक्षी देखने को मिलते हैं। चीड़, देवदार के घने जंगलों में पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको किसी भी प्रकार का दूसरा शोर सुनाई नहीं देगा. ट्रैकिंग के अलावा कैंपिग और पिकनिक जैसी कई एक्टिविटीज़ यहां कर सकते हैं।

# मौजूदा पीढ़ी के लिए प्रकाश मार्ग है बेंत का जीवन चरित्र : न्यायमूर्ति राजीव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने युवा अधिवक्ताओं का आवाहन किया कि सरदार बेन्त सिंह के जीवन एवं कार्यशैली से प्रेरणा लेकर कम समय में अधिक व अच्छा कार्य करना चाहिए।

न्यायमूर्ति श्री सिंह ज़िला बार एसोसिएशन, बाराबंकी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ''आयोजित *स्मृति दिवस*'' समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने आगे कहा सरदार बेन्त सिंह के जीवन से अधिवक्तागण से ख़ास तौर युवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए ! उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह का जीवन चरित्र मौजूदा पीढ़ी के लिए प्रकाश मार्ग की भाँति है। न्यायमूर्ति ने स्व.सरदार बेंत सिंह जी के दोनों अधिवक्ता पुत्रों सरदार आलोक सिंह एवं राजा सिंह को गुणवान पुत्र बताया और कहा कि बाढ़े पुत्र पिता के धर्मा की कहावत यहाँ चरितार्थ हो रही है।





न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओ से कहा कि स्व. बेंत सिंह जी ने अपने अध्यक्ष कार्यकाल में एक भी दिन हड़ताल नही होने दी थी, न्यायिक सिस्टम पूरी क्षमता से चलना चाहिए और हड़ताल से दूर रहना चाहिए। जनपद न्यायधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा स्व0 बेंत सिंह जी से नए अधिवक्ताओ को यह सीख लेनी चाहिए कि बोलने से साथ मौन रहना भी ज़रूरी होता है कहाँ क्या बोलना है, क्या नही बोलना है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुधा सिंह ने स्व0 सरदार बेंत सिंह जी को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताया और उनकी जीवन शैली से युवा पीढ़ी को सीख लेने की ज़रूरत बताई। उल्लेखनीय है कि स्व. सरदार बेंत सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री तथा अध्यक्ष भी रहे। ज़िला बार एसोसिएशन बाराबंकी के लगभग 5 वर्षों तक अध्यक्ष रहे, इस दौरान उन्होंने अनावश्यक हड़ताल पर रोक लगा कर न्याय व्यवस्था सुचारू की। वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान के।कुशल संचालन एवं जिला बार के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता की गई। स्व0 सरदार बेंत सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिंह एवं राजा सिंह द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री राजीव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस स्मृति दिवस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्षगण मुचकुंद सिंह, जगत बहादुर सिंह, बृजेश दीक्षित, महेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह, हिसाल बारी किदवई, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्षगण दिलीप गुप्ता, मालिक अमीनुद्दीन, शंकर दयाल शर्मा, नरेश कुमार सिंह, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, महामंत्री रामराज यादव, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, सरदार अवतार सिंह, नरेन्द्र सिंह, खुशीराम यादव, संजय कुमार गुप्ता, रविंदर पाल सिंह, विजय प्रताप सिंह, दानिश सिद्दीकी, नवीन कुमार रस्तोगी, मनोज श्रीवास्तव हैप्पी, रमाकांत शुक्ला, पवन मिश्रा, हाईकोर्ट लखनऊ के अधिवक्तागण दिग्विजय सिंह, अभय कुमार सिंह, पी एन सिंह, फारुख अयूब, हेमंत, उत्कर्ष शुक्ल, प्रकाश शुक्ला, रोहित निगम, शावेज़ खान, मुस्ते हसन ज़ुबैर ''जिम्मी'', सरफ़राज़ हुसैन, अमित सिंह, सफ़वान किदवई, मो. आमिर, पंकज रावत, संदीप कुमार, रूबी सिंह सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

अंत मे स्व. सरदार बेंत सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट एवं राजा सिंह एडवोकेट द्वारा सभी का आभार जताया।

## तालाब की खोदाई में भारी हेराफ़ेरी

**बनीकोडर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड बनीकोडर में मनरेगा योजना के तहत तालाब खोदाई के कार्य में अनियमितता की खबर प्रकाश मे आई है। ग्राम पंचायत गजपतिपुर में 10 मास्टर रोल भरे गए और 98 लेबरों की ऑनलाइन हाजिरी एनएमएमएस पोर्टल पर अपलोड की गई, जिसमें सभी फोटो एक ही हैं और पुरानी लग रही हैं। इससे सरकारी धनराशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।इस मामले में सीडीओ ने डीसी मनरेगा को जांच के निर्देश दिए।

## भ्रष्टाचार की भेंट मनरेगा योजना

**सिद्धौर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में जमकर मनमानी किए जाने की चर्चा है, कि काम पर मजदूर कम, और कागज़ों में अधिक दर्शाए जाने का खेल भारी पैमाने पर हो रहा है।सूत्रों का कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गहनता से पड़ताल की जाय ।तो ईमानदारी का राग अलापने वालों की सारी सत्यता उभर कर सामने आ जाय। जानकारों का कहना है कि शायद ही कोई ऐसी ग्राम पंचायत होगी जहां सही ढंग से कार्य किया /कराया जा रहा हो, वर्ना लगभग हर जगह के एक जैसे ही हालात बताए जा रहे हैं। जो जांच का विषय है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी खाक

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की भोर लगभग तीन बजे सफदरगंज थाने के पीछे शार्ट सर्किट से लगी आग से दो बाइक सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सफदरगंज थाना मुख्यालय के पीछे स्थित नहरगंज नईबस्ती निवासी मो. इसराइल पुत्र आशिक अली के घर लगे विद्युत मीटर मे शार्ट सर्किट चलते लगी आग से मो0 इसराइल की एच आप डिल्कस बाईक नम्बर यूपी 41 बी एफ 8290 मो. आवेश पुत्र आशिक अली यूपी 41 बी के 8705 प्लास्टिक की पानी टंकी दहेज मे मिली कुर्सीया जलकर खाक हो गयी सूचना पर पहुंचे हलका लेखपाल एव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय वर्मा ने नुकसान हुए सामान का आकलन किया।

# जिलाधिकारी ने की योग दिवस तैयारियों की समीक्षा





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल आयोजन हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागों को उनके दायित्व स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव और जीवन में संतुलन लाने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांव-गांव, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और कार्यालयों में योग प्रशिक्षण शिविर, अभ्यास सत्र और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, 21 जून की सुबह जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ संगठनों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और नागरिकों की सहभागिता रहेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि योग दिवस को जनआंदोलन के रूप में विकसित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अ. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, जिला आयुष अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आडिटोरियम का लिया जायजा

बैठक के पहले जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मुख्य आयोजन स्थल राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, ध्वनि, विद्युत, पानी, बैठने की व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा, पार्किंग तथा प्रवेश-निकास की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की कवरेज व योग करने हेतु आने वाले मीडिया के बन्धुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं समुचित रूप से कर ली जाय।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार की मौत, तीन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता






रामनगर, बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने एक आर्टिका कार को जोरदार टक्कर मार दी। यह भीषण हादसा लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंचल आंचल ढाबे के निकट सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक महिला सहित दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी और घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान शांति मौर्या, सुधीर मौर्या, रामशंकर (सभी निवासी गोंडा) और कार चालक अयान कुरैशी (उम्र 23 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी कार सवार गोंडा की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम को हटवाया और यातायात बहाल किया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रतीत हो रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों की स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर से सड़क सुरक्षा और वाहन संचालन में सतर्कता की आवश्यकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

> आर्टिका कार और ट्रक में भिड़ंत हो गई थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तीन घायल है घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है ।
>
> **विकास चंद्र त्रिपाठी, एएसपी उत्तरी बाराबंकी**

**प्राइवेट वाहनों के कमर्शियल उपयोग पर सख्त कार्रवाई**

# नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : अंकिता शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



> इस विशेष चेकिंग अभियान का उद्देश्य न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है, बल्कि आम जनता को यह संदेश देना भी है कि कानून से खिलवाड़ किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा।
>
> **अंकिता शुक्ला, एआरटीओ प्रशासन**

बाराबंकी। परिवहन विभाग बाराबंकी द्वारा टैक्स चोरी और नियमों की अनदेखी कर निजी (प्राइवेट) वाहनों का व्यवसायिक (कमर्शियल) उपयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया गया है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 1 जून से 15 जून 2025 तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले में अलग-अलग स्थानों पर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज सोमवार को लखनऊ-बाराबंकी हाईवे पर एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला एवं यात्री/मालकर अधिकारी श्री रवि चंद्र त्यागी ने की।

टीम ने जांच के दौरान निजी उपयोग हेतु पंजीकृत ऐसे वाहनों को चिन्हित किया जिनका वास्तविक उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। जांच में कुल 7 ऐसे वाहन पाए गए जो निजी उपयोग की श्रेणी में पंजीकृत थे, परंतु उनका प्रयोग यात्रियों और माल की ढुलाई के लिए वाणिज्यिक रूप से किया जा रहा था। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने और कर चोरी में संलिप्त पाए जाने पर इन सभी वाहनों को तत्काल प्रभाव से सीज कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, एक अन्य वाहन के विरुद्ध अनियमितताओं के आधार पर चालान की कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग की यह कार्रवाई न केवल नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि विभाग नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। निजी वाहनों का व्यावसायिक उपयोग परिवहन नियमों का सीधा उल्लंघन है। इससे न केवल सरकार को राजस्व की हानि होती है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा भी प्रभावित होती है। यह अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा और जो भी नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम और एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

### बैठक में विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी रहे उपस्थित

### शांति व सौहार्द के साथ मनाए त्योहार : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) व शनिवार को आयोजित होने वाले भंडारों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., सभी एसडीएम व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शांति समिति बैठक की। जिसमें जनपद से विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले बधाई देते हुए बैठक में भाग लेने वाले संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं से सुरक्षा संबंधी सुझावों के आदान-प्रदान करने को कहा। साथ ही सभी से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि खुले व सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं दी जाएगी। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना करें। सड़क पर नमाज अदा न करें। साथ ही कोई भी नई परंपरा प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कुर्बानी के फ़ोटो व वीडियो न बनाये जाए और न ही उनको सोशल मीडिया पर शेयर/अपलोड किया जाए। कोई नई परम्परा न डाली जाए। यातायात न बाधित हो, सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव ने स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के विषय में जानकारी दी और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला अस्पताल सहित सीएचसी पीएचसी पर चिकित्सकों से जरूरी परामर्श लें। पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि सभी को जागरूक करें कोई नई परम्परा न डाली जाए। कुर्बानी से सम्बंधित फ़ोटो वीडियो न अपलोड की जाए। अफवाहों को पुलिस प्रशासन से वेरिफाई कर ले, उन्हें शेयर न करें। सब लोग शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। कुर्बानी के बाद अवशेषों को नगर पंचायत की गाड़ियों में निर्धारित स्थान पर गड्ढों में ही दबाएं। पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करता है या फिर किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधि करता दिखाई देता है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने की पुलिस को दे, ताकि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, बल्कि अफवाह की पुष्टि अधिकारियों से करें। सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही डीएम व एसपी ने सभी से अपील की है कि इंटरनेट मीडिया पर ऐसे कमेंट या पोस्ट न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत व अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। बैठक में प्रशिक्षु श्री तेजस के., अपर पुलिस अधीक्षक श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी, सभी एसडीएम, ईओ नगर पालिका, सभी नगर पंचायतों के ईओ, अधीक्षण अभियंता विद्युत, एक्सईएन जलनिगम, सहित जनपद के पीस कमेटी के सम्मानितजन, संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा देवा महादेवा की पावन धरती पर आयोजित सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में आये हुए सभी सम्भ्रांतजनों को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। सभी लोग पीस कमेटी की बैठक के सन्देश को आगे बढ़ाए। जनपद स्तरीय अधिकारी समय से सभी तैयारियां पूरी कर लें। विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति और साफ-सफ़ाई के इंतजाम सुनिश्चित कर लें। रास्ते में आवारा पशु न दिखाई दे। किसी प्रकार की कोई दिक्कत त्योहार में मनाने में ना आने पाए, जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना होने पाए। फ़ोटो, वीडियो और रील आदि सोशल मीडिया पर किसी भी दशा में कोई शेयर/अपलोड ना करे, रास्तों पर नमाज ना पढ़ी जाये और यातायात बाधित ना होने पाए। शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाए।

# जनप्रतिधियों की बपौती बना सरकारी धन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड बनीकोडर अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालपुर राजपुर को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामींण के तहत 10 लाख 25 हजार की धनराशि आंवटित की गई थी। जिसके माध्यम से गांव में कूडा घर, कूडा वाहन, नाडेप, खाद गड्ढा आदि का निर्माण कर ग्राम पंचायत को संचालन किये जाने के निर्देश दिये गए।, किंतु ग्राम पंचायत द्वारा गांव बनाए गए कूडा घर का संचालन न करने से कूडा घर के आस पास बड़ी बड़ी घास उगी नजर आ रही है जबकि नाडेप और खाद गड्ढे की स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है यही नही ग्राम पंचायत द्वारा घर घर से कूडा एकत्र करने के लिए खरीदे गये कूडा वाहन से सवारियां ढोयी जा रही है।

## आईपीएल 2025 को मिलेगा नया चैंपियन

# फाइनल में भिड़ेंगी आरसीबी और पंजाब किंग्स

**आज अहमदाबाद में होगा खिताबी मुकाबला, दोनों टीमें पहली बार जीत के लिए करेंगी जंग**




एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) को आठ साल बाद नया चैंपियन मिलने जा रहा है। रविवार रात अहमदाबाद में हुए क्वालिफायर-2 में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में जगह बना ली। अब 3 जून को फाइनल मुकाबले में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। खास बात यह है कि आईपीएल के इतिहास में न तो आरसीबी और न ही पंजाब कभी खिताब जीत पाई हैं। ऐसे में इस बार ट्रॉफी किसी नई टीम के नाम होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह चौथा आईपीएल फाइनल होगा। इससे पहले टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन तीनों बार हार का सामना करना पड़ा। 2009 में डेक्कन चार्जर्स, 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों उन्हें खिताब गंवाना पड़ा था। पंजाब किंग्स (पूर्व नाम किंग्स इलेवन पंजाब) दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा था। 2011 से प्लेऑफ की शुरुआत के बाद से 2024 तक पंजाब सिर्फ एक बार ही प्लेऑफ में पहुंची थी। इस बार टीम ने लीग स्टेज में दमदार प्रदर्शन कर नंबर-1 पर रहते हुए प्लेऑफ में एंट्री ली और अब फाइनल में पहुंची है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह आईपीएल इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग टीमों को फाइनल तक पहुंचाया है। 2020 में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में पहुंचाया था, 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया और अब 2025 में पंजाब को फाइनल तक लाने में सफल रहे हैं। पंजाब और आरसीबी दोनों ने लीग स्टेज में शानदार प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने 14 में से 9 मैच जीते, 4 हारे और एक मैच बेनतीजा रहा। नेट रन रेट में भी दोनों में मामूली अंतर था। लीग स्टेज में पंजाब ने बेंगलुरु को उनके होम ग्राउंड पर हराया था, जबकि आरसीबी ने रिवर्स फिक्सचर में मुल्लांपुर में जीत दर्ज की थी। क्वालिफायर-1 में दोनों टीमों की भिड़ंत हुई थी, जहां आरसीबी ने पंजाब को सिर्फ 101 रन पर समेटकर 10 ओवर शेष रहते मैच जीत लिया और सीधे फाइनल में पहुंच गई। वहीं पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई को हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। अब सभी की निगाहें 3 जून को अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल 2025 के फाइनल पर टिकी होंगी, जहां क्रिकेट प्रेमियों को एक नया चैंपियन देखने को मिलेगा।

# जो रूट के शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में हराकर सीरीज जीती

एजेंसी



नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज़ जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत मेज़बान टीम ने रविवार को कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ रूट ने न सिर्फ अपना 18वां वनडे शतक लगाया, बल्कि वनडे क्रिकेट में 7,000 रन भी पूरे कर लिए। जो रूट ने 139 गेंदों पर 166 रन बनाए और टीम को संकट से निकालते हुए जीत दिलाई। इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम सिर्फ 2 रन पर अपने दोनों ओपनर-जेमी स्मिथ और बेन डकेट-को खो बैठी थी। कप्तान हैरी ब्रूक (47) और फिर रूट ने पारी को संभाला। रूट ने विल जैक्स (49) के साथ 143 रन की साझेदारी की और फिर निचले क्रम के बल्लेबाज़ों के साथ मिलकर टीम को 7 गेंद बाकी रहते जीत दिला दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। 18 साल के ओपनर ज्वेल एंड्रयू खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद ब्रैंडन किंग (59) और कीसी कार्टी (103) ने 141 रन की तेज़ साझेदारी कर पारी को संभाला। कार्टी ने चौथा वनडे शतक लगाया, हालांकि उन्हें शुरुआत में दो जीवनदान भी मिले। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद ने 63 रन देकर 4 विकेट झटके और वेस्टइंडीज की लय तोड़ी। इसी के साथ रशीद इंग्लैंड के सबसे सफल स्पिनर बन गए। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 47.4 ओवर में 308 रन पर ऑलआउट हो गई। 309 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने सिर्फ 2 रन पर दोनों ओपनर खो दिए। कप्तान ब्रूक और रूट ने पारी को संभालने की कोशिश की। ब्रूक 47 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रूट ने एक छोर संभाले रखा। एक समय स्कोर 6 विकेट पर 225 था, लेकिन रूट ने आदिल रशीद (10*) के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। इस मैच में रूट ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज़ का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया, उन्होंने पूर्व कप्तान ऑइन मॉर्गन को पीछे छोड़ा। तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला मंगलवार को लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा।

# एसीसी ने मेजबान श्रीलंका के अनुरोध के बाद महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट स्थगित किया

एजेंसी

लाहौर। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है। उन्होंने कहा, ''एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे। नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नयी तारीखों की घोषणा करेगा। एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है।

# ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, टी20 में जारी रखेंगे करियर

**2023 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक दोहरा शतक जड़ने वाले मैक्सवेल ने कहा- अब टीम को भविष्य के लिए तैयार होने देना चाहिए**

एजेंसी



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे टी20 फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगे और 2026 में होने वाले अगले टी20 वर्ल्ड कप तक खेलते रहने की उम्मीद है। 36 वर्षीय मैक्सवेल ने यह ऐलान 'द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट' में एक लंबे इंटरव्यू के दौरान किया। उन्होंने बताया कि 2022 में पैर टूटने के बाद वनडे क्रिकेट उनके शरीर पर भारी पड़ रहा था। इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी उन्हें काफी थकान महसूस हुई। मैक्सवेल ने कहा, ''मुझे लगने लगा था कि मैं टीम को थोड़ा पीछे खींच रहा हूं। मैंने चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की और कहा कि मैं 2027 वर्ल्ड कप तक नहीं खेल पाऊंगा। अब समय है कि मेरी जगह किसी और को तैयार किया जाए।'' उन्होंने आगे कहा, ''मैं कभी भी ऐसे नहीं खेलना चाहता था कि बस रिकॉर्ड या निजी संतोष के लिए टीम में बना रहूं। जब मुझे लगे कि मैं टीम के भविष्य का हिस्सा नहीं हूं, तब विदा लेना ही बेहतर है। मैक्सवेल ने 149 वनडे मैचों में 33.81 की औसत से 3990 रन बनाए और 77 विकेट लिए। हालांकि उनकी सबसे बड़ी खासियत थी उनका विस्फोटक अंदाज ऽ 126.70 का स्ट्राइक रेट, जो एंड्रे रसेल के बाद ग्क्क इतिहास का दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। 2000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में यह सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 201* रन की पारी ने उन्हें अमर बना दिया। यह न केवल ऑस्ट्रेलिया की ओर से पहला दोहरा शतक था, बल्कि किसी भी बल्लेबाज द्वारा रन चेज़ में बनाया गया पहला दोहरा शतक भी था ऽ और वो भी नंबर 6 पर आकर, जब ऑस्ट्रेलिया 91/7 के संकट में था। करियर की कुछ और शानदार पारियां: 2023 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड्स के खिलाफ मात्र 40 गेंदों में शतक- वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे तेज़ शतक। 2015 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंदों में शतक - वर्ल्ड कप का चौथा सबसे तेज़ शतक। 2020 इंग्लैंड दौरा- मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ 73/5 से पीछा करते हुए एलेक्स कैरी के साथ 212 रनों की साझेदारी कर मैच जिताया। 2015 वर्ल्ड कप क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 44 रन और दो विकेट। 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में रोहित शर्मा का अहम विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी। 2014 पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अंतिम ओवर में डबल विकेट मेडन कर सिर्फ दो रन डिफेंड किए। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, ''ग्लेन वनडे इतिहास के सबसे डाइनामिक खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका बैटिंग टैलेंट, गेंदबाज़ी में योगदान और फील्डिंग में ऊर्जा अतुलनीय रही है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, ''ग्लेन की विस्फोटक बल्लेबाज़ी ने दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता।

## अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर यहां आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''पंजाब किंग्स का यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया है, ''मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी।

# सर्राफा बाजार में तेजी से उछला सोना चांदी भी एक लाख के स्तर पर पहुंची

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना आज 290 रुपये से लेकर 320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये से लेकर 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,500 रुपये से लेकर 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन-स्कोडा, हुंदै की भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में रुचि: कुमारस्वामी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि मर्सिडीज बेंज, स्कोडा-फॉक्सवैगन, हुंदै और किआ सहित वैश्विक वाहन विनिर्माता कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण में रुचि दिखाई है। इन कंपनियों ने 'भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना' के संबंध में सरकार और उद्योग के बीच बातचीत के दौरान रुचि जतायी है। योजना के बारे में विस्तृत दिशानिर्देश मंत्री ने जारी किये। हालांकि, इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन इसके दिशानिर्देश सोमवार को जारी किये गये। अधिकारियों ने कहा कि योजना के तहत आवेदन करने की सुविधा एक-दो सप्ताह में शुरू हो जाएगी और यह देखना बाकी है कि कौन सी कंपनियां वास्तव में आगे बढ़ेंगी और आवेदन करेंगी। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन, स्कोडा, हुंदै, किआ इन सभी कंपनियों ने पहले ही वाहन विनिर्माण में रुचि दिखाई है। वैश्विक विनिर्माताओं को इस योजना के तहत निवेश के लिए प्रोत्साहित करने को स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूरी की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर के सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) मूल्य के साथ ई-4डब्ल्यू की पूरी तरह से विनिर्मित इकाइयों (सीबीयू) का आयात करने की अनुमति दी जाएगी। स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अवधि 120 दिन (या अधिक) के लिए होगी। इसके अलावा, भारी उद्योग मंत्रालय को 15 मार्च, 2026 तक जरूरत के मुताबिक आवेदन की सुविधा देने का अधिकार होगा।

# उड़ान की वास्तविक लागत एक दशक पहले की तुलना में 40 प्रतिशत कम : आईएटीए महानिदेशक

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने सोमवार को कहा कि लागत और कर चुनौतियों में वृद्धि के बावजूद उड़ान की वास्तविक लागत एक दशक पहले की तुलना में 40 प्रतिशत कम हो गई है। आईएटीए की यहां वार्षिक आम बैठक में वॉल्श ने साथ ही कहा कि आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के परिणामस्वरूप विमानन उद्योग की वृद्धि दर धीमी हो गई है। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 42 वर्ष बाद भारत में हो रही है। आईएटीए वैश्विक स्तर पर 350 से अधिक वाहकों का प्रतिनिधित्व करता है। इसने सोमवार को एक अनुमान में कहा कि विमानन कंपनियां इस साल 979 अरब अमेरिकी डॉलर के राजस्व पर 36 अरब डॉलर का लाभ कमाएगी। इस वर्ष अपेक्षित लाभ का शुद्ध मुनाफा 3.7 प्रतिशत या प्रति यात्री शुद्ध लाभ 7.20 अमेरिकी डॉलर होगा। वॉल्श ने कहा, '' हमारी लाभप्रदता उस विशाल मूल्य के अनुरूप नहीं है जो हम एक मूल्य श्रृंखला के केंद्र में सृजित करते हैं जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.9 प्रतिशत का समर्थन करती है तथा 8.65 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती लागत और कर चुनौतियों के बावजूद, उड़ान की वास्तविक लागत एक दशक पहले की तुलना में 40 प्रतिशत कम है। भारत, विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। हवाई यातायात की मांग बढ़ रही है, जबकि हवाई किराये के बारे में चिंताएं बनी हुई हैं। इस बीच, विमानन उद्योग को प्रभावित करने वाली आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए आईएटीए महानिदेशक ने कहा कि विमान के मामले में विनिर्माण क्षेत्र बुरी तरह विफल हो रहा है।

# भारत-ओमान व्यापार समझौते पर जल्द ही अच्छी खबर आएगी: पीयूष गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। फ्रांस की यात्रा पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को पेरिस में टोटल एनर्जीज के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिक पॉयने से यहां मुलाकात की। इस दौरान पैट्रिक पॉयने ने भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में गहन सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है। इस पर कुछ अच्छी खबर 'बहुत जल्द' आ सकती है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने सीईओ पैट्रिक पॉयने से मुलाकात के दौरान भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में गहन सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। वह 3 जून को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक लघु-मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भाग लेंगे।इसके बाद गोयल ने पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि ओमान एफटीए पर आपको बहुत जल्द ही अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांसी नेताओं और कारोबारियों से बातचीत करने के लिए आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। इस साल जनवरी में गोयल की मस्कट यात्रा के बाद वार्ता को बहुत ज़रूरी प्रोत्साहन मिला। उन्होंने कहा कि ओमान भारत के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही एक अन्य जीसीसी सदस्य यूएई के साथ ऐसा ही समझौता है, जो मई, 2022 में लागू हुआ। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपी) के रूप में नामित इस समझौते के लिए वार्ता औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू हुई। उन्होंने कहा कि कहा, ''ये समझौते दोनों पक्षों के लिए बाजार खोलने की दिशा में हैं, जिससे सभी प्रक्रियाओं में प्रतिस्पर्धात्मकता, उत्पादकता और दक्षता बढ़ेगी।'' वाणिज्य मंत्री ने बताया कि बजट में घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन जल्द ही शुरू हो सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## द्विपक्षीय उड़ान अधिकारों पर भारत का दृष्टिकोण ''निष्पक्ष एवं संतुलित'' : इंडिगो सीईओ

**नयी दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो के प्रमुख पीटर एल्बर्स ने सोमवार को कहा कि द्विपक्षीय उड़ान अधिकारों पर सरकार का रुख ''निष्पक्ष एवं संतुलित'' है। उन्होंने कहा कि किसी पक्ष के बार-बार काई दावा करने से वह बात सही नहीं हो जाती। पीटर एल्बर्स ने विभिन्न विदेशी विमानन कंपनियों द्वारा भारत में अधिक उड़ानें संचालित करने का अधिकार मांगने की पृष्ठभूमि में यह बयान दिया। कुछ भारतीय विमानन कंपनियों ने इसको लेकर चिंता जाहिर की है जो अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार करने पर विचार कर रही हैं। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और इंडिगो तथा एयर इंडिया बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर रही हैं। साथ ही विदेशी शहरों के लिए अधिक सीधी सेवाएं संचालित कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की यहां वार्षिक आम बैठक के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में एल्बर्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि द्विपक्षीय समझौते का मतलब है कि दोनों पक्षों को किसी बात पर सहमत होना होगा और यदि एक पक्ष बार-बार कोई दावा करता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसकी बात सही मान ली जाए। उन्होंने कहा, '' यह एक द्विपक्षीय समझौता है, जिसका अर्थ है कि दोनों पक्षों को इस बात पर सहमत होना होगा कि दोनों पक्षों के लिए क्या हितकारी होगा। यदि एक पक्ष बहुत शोर मचाता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि दूसरा पक्ष कहने लगे कि हां, हम ऐसा ही करेंगे। एल्बर्स ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने विभिन्न देशों के साथ कई नए द्विपक्षीय उड़ान समझौते किए हैं। वह द्विपक्षीय उड़ान अधिकारों पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। खाड़ी क्षेत्र की विमानन कंपनी एमिरेट्स के अध्यक्ष सर टिम क्लार्क ने भारतीय बाजार में खुली पहुंच की वकालत करते हुए रविवार को कहा था कि द्विपक्षीय उड़ान अधिकारों पर प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का कोई मतलब नहीं है।

## कोल इंडिया का उत्पादन मई में मामूली गिरावट के साथ 6.35 करोड़ टन पर

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन मई महीने में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत घटकर 6.35 करोड़ टन रहा है। कोल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में कंपनी का कोयला उत्पादन 6.44 करोड़ टन था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों यानी अप्रैल-मई में भी कंपनी का कोयला उत्पादन घटकर 12.56 करोड़ टन रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 12.62 करोड़ टन था। कोयला खदानों से आपूर्ति किए जाने वाले कोयले का उठान भी मई में 7.8 प्रतिशत घटकर 6.4 करोड़ टन रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में यह 6.94 करोड़ टन था। अप्रैल-मई की अवधि में कोयले की आपूर्ति भी घटकर 12.85 करोड़ टन रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 13.37 करोड़ टन थी। कोल इंडिया लिमिटेड का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान है। इसने वित्त वर्ष 2024-25 में 78.11 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया था जो उसके वार्षिक लक्ष्य से लगभग सात प्रतिशत कम था। कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में 87.5 करोड़ टन उत्पादन और 90 करोड़ टन आपूर्ति का लक्ष्य रखा है।

## अमेरिका के शुल्क को दोगुना करने से एल्युमीनियम क्षेत्र को नुकसान होगा: उद्योग

**नयी दिल्ली।** एल्युमीनियम उद्योग के निकाय एएआई ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एल्युमीनियम आयात पर शुल्क को दोगुना करने की घोषणा से भारतीय विनिर्माताओं को नुकसान होगा। एएआई ने कहा कि उद्योग पहले ही सस्ता आयात बढ़ने के कारण दबाव में है। ट्रंप ने 30 मई को घोषणा की थी कि वह चार जून से एल्युमीनियम आयात पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को दोगुना कर देंगे। भारतीय एल्युमीनियम संघ (एएआई) ने कहा, ''ट्रंप द्वारा घोषित 50 प्रतिशत शुल्क से भारतीय एल्युमीनियम उद्योग को नुकसान होगा, जो पहले से ही सस्ता आयात बढ़ने से दबाव में है। देश के लिए इस धातु का रणनीतिक महत्व है और यह रक्षा, वैमानिकी, ऊर्जा बदलाव, दूरसंचार, बिजली और निर्माण जैसे उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है। एएआई ने कहा कि प्राथमिक एल्युमीनियम और खराब गुणवत्ता वाले कबाड़, दोनों ही बड़ी मात्रा में देश में आ रहे हैं, जिससे घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ रहा है।

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है : खुर्शीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि जब वह आतंकवाद के खिलाफ भारत का संदेश दुनिया तक पहुंचाने के राष्ट्र के मिशन पर विदेश में है तो देश में कुछ लोग अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं के कारण उनके खिलाफ उल्टी सीधी बात कर रहे हैं।

श्री खुर्शीद ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा आतंकवाद के खिलाफ़ अभियान पर भारत का संदेश दुनिया तक पहुँचाने के मिशन में हूं लेकिन यह खेदजनक है कि देश में कुछ लोग राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के गुणभाग में लगे हैं। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है। मलेशिया में पत्रकारों से बात करते हुए श्री खुर्शीद ने कहा हम यहां वही कर रहे हैं जो देश के लिए जरूरी है। आप किसी भी दल में हों, जरूरत है देश के पक्ष में बोलने के लिए एक आवाज की और हम यहां वही कर रहे हैं। मैं यहां भारत सरकार का विरोध करने



नहीं आया हूं। मैं यहां भारत के लिए बोलने आया हूं। मेरे लिए भारत और केवल भारत ही सबसे पहले है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने सरकार ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद को विदेश भेजे गये सांसदों के प्रतिनिधि मंडल में शामिल है जबकि कांग्रेस द्वारा सुझाए गए नामों की सूची में उनके नाम शामिल नहीं थे। इसी को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना कर रही और पार्टी के कुछ नेता श्री खुर्शीद और श्री थरूर पर निशाना साध रहे हैं।

# विमानन क्षेत्र में वैल्यू चेन लीडर के रूप में उभरेगा भारत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के विमानन क्षेत्र में आये क्रांतिकारी बदलावों की सराहना करते हुए आज कहा कि देश में विमानन क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है और आने वाले दिनों में दुनिया, भारत को एक विमानन बाज़ार नहीं, बल्कि एक वैल्यू चेन लीडर के रूप में भी देखेगी इसलिए दुनिया की बड़ी विमानन कंपनियों के लिए भारत में निवेश के लिए आज एक बेहतरीन अवसर है।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित किया। श्री मोदी ने विश्व स्तरीय हवाई बुनियादी ढांचे के विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आश्वस्त है। उन्होंने वैश्विक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की भूमिका को न केवल एक विशाल बाजार के रूप में बल्कि नीतिगत नेतृत्व, नवाचार और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में भी रेखांकित किया। आज भारत अंतरिक्ष-विमानन क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर के रूप में उभर रहा है। यह देखते हुए कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में



ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जो अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह शिखर सम्मेलन और संवाद न केवल विमानन के लिए बल्कि वैश्विक सहयोग, जलवायु प्रतिबद्धताओं और न्यायसंगत विकास को आगे बढ़ाने के लिए भी एक मंच के रूप में काम करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिखर सम्मेलन में चर्चा वैश्विक विमानन को नई दिशा प्रदान करेगी, इसकी अनंत संभावनाओं को उजागर करेगी और इसकी क्षमता को अनुकूलित करेगी। उन्होंने चंद घंटों में विशाल दूरी एवं अंतरमहाद्वीपीय यात्राओं को पार करने की मानवता की क्षमता पर रेखांकित की और इस बात पर जोर दिया कि 21वीं सदी की आकांक्षाएं पारंपरिक यात्रा से परे विकसित होती रहती हैं। उन्होंने नवाचार की तीव्र गति और तकनीकी प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे-जैसे गति बढ़ती है, दूर के गंतव्य हमारी नियति बन रहे हैं। श्री मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं के व्यावसायीकरण की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के साथ यात्रा अब पृथ्वी के शहरों तक ही सीमित नहीं है। उन्हें नागरिक उड्डयन में एकीकृत करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि इस तरह के विकास में समय लगेगा, लेकिन वे परिवर्तन और नवाचार के केंद्र के रूप में विमानन के भविष्य को उजागर करते हैं, जिसके लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को चलाने वाले तीन मूलभूत स्तंभों की रूपरेखा बतायी, पहला, एक विशाल बाजार-न केवल उपभोक्ताओं का संग्रह बल्कि भारत के आकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है। दूसरा, एक मजबूत जनसांख्यिकीय और प्रतिभा पूल-जहाँ युवा नवप्रवर्तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्ज़ा में सफलताओं का नेतृत्व कर रहे हैं। तीसरा, एक खुला और सहायक नीतिगत पारिस्थितिकी तंत्र - औद्योगिक विकास को सक्षम करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन शक्तियों के साथ भारत अपने विमानन क्षेत्र को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में नागरिक उड्डयन में भारत के उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। उड़ान योजना की सफलता को भारतीय नागरिक उड्डयन इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताते हुए, श्री मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत, डेढ़ करोड़ से अधिक यात्रियों को सस्ती हवाई यात्रा से लाभ हुआ है, जिससे कई नागरिक पहली बार उड़ान भर सके हैं। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि भारत की एयरलाइंस दो अंकों की वृद्धि हासिल करना जारी रखती हैं, जिसमें सालाना 24 करोड़ यात्री उड़ान भरते हैं-जो दुनिया भर के अधिकांश देशों की कुल आबादी को पार कर जाती है। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2030 तक इस संख्या के 50 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने की उम्मीद है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में सालाना 35 लाख मीट्रिक टन माल का परिवहन हवाई मार्ग से किया जाता है और इस दशक के अंत तक यह मात्रा बढ़कर एक करोड़ मीट्रिक टन हो जाएगी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत बनाने की सशक्त कड़ी है : शिवराज चौहान

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। विकसित कृषि संकल्प अभियान के पांचवे दिन सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मोतिहारी पहुंचे। जहां पीपरा कोठी कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में किसानो कों संबोधित करते कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने की सशक्त कड़ी है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि उत्पादन में लागत को कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। विकसित कृषि और समृद्ध किसान के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को नई तकनीकी सिखा रही हैं। जिसका उद्देश्य आधुनिक तरीके खेती को बढावा देना है,जिससे कम लागत में बेहतर कृषि उपज प्राप्त किया जा सके। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढावा देना है। जिसमे प्राकृतिक खेती, कृषि में ड्रोन का उपयोग, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन इत्यादि को भी शामिल किया गया है। इस अभियान का मूल मंत्र है ''लैब टू लैंड जिसमे ह्लएक देश एक कृषि और एक टीम का निर्धारण कर देश में कृषि और किसानो को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है।उन्होने किसानो से इस अभियान का भरपूर लाभ उठाने का आह्रान किया। अपने संबोधन के दौरान कृषि मंत्री ने महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का स्मरण चंपारण की भूमि का नमन किया।उन्होने कहा आजादी के मार्ग प्रशस्त करने वाली इसी भूमि पर मिर्चा धान का चूड़ा और रसीली लीची का बेहतर उत्पादन हो रहा है।जिसके संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार बेहतर योजना लाने पर विचार कर रही है। शिवराज सिंह चौहान ने केविके परिसर में लगे स्टॉलों का भी अवलोकन किया। जिसमें केंद्रीय कारा, आईसीआर, स्वास्थ्य विभाग, लोहिया स्वच्छता विभाग, पशु व मत्स्य संसाधन विभाग, जीविका, समावेशिक शिक्षा व पीएम पोषण विभाग, आईसीडीएस, इफको, सात निश्चय, मशरूम रिसर्च, मधुमक्खी पालन विभाग, डीआरसीसी, कृषि अभियंता व प्रौद्योगिकी विभाग, प्राकृतिक खेती विद्यालय, पोषक अनाज व मूल्य संवर्धन उत्कृष्ट केंद्र, जल जीवन हरियाली, लीची व आम उत्पादन, मृदा जांच केंद्र का स्टॉल शामिल रहा। इसके साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसान चौपाल लगाकर किसानो की बाते सुनी। जिसमे बेतिया के किसान आनंद कुमार के मिर्चा चूड़ा और मोतिहारी के पापाया मैन राजेश यादव के पपीते को देख सराहना की। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी, बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार, बिहार सरकार के कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. पीएस पांडेय, निदेशक अटारी डॉ. अंजनी कुमार, विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, पवन जयसवाल, सुनिलमणि तिवारी, पूर्व विधायक सचिंद्र सिंह, उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, पवन राज, प्रकाश अस्थाना, केवीके प्रमुख डॉ. अरविंद कुमार सिंह, एमजीआईएफआरआई के निदेशक डॉ. एसके पूर्वे सहित बड़ी संख्या किसान उपस्थित थे।

# रविशंकर प्रसाद ने लंदन में प्रवासियों को आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख से अवगत कराया

एजेंसी

नई दिल्ली। सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल फ्रांस, इटली, डेनमार्क का दौरा पूरा करने के बाद लंदन पहुंचा। लंदन में अपने प्रथम दिन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मध्य लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और डॉ. बीआर अंबेडकर संग्रहालय का दौरा किया। इसके उपरांत हजारों की संख्या में उपस्थित भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख से अवगत कराया।

उन्होंने प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान जनरल्स की दुकान बन गया है। रविशंकर प्रसाद ने प्रवासी भारतीय समुदाय से कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का उद्देश्य पाकिस्तान समर्थित आतंकी शिविरों को समाप्त करना था। भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन निर्दोष भारतीयों की हत्या की कीमत आतंकियों को चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद और सरकारी तंत्र एक साथ हैं, इसलिए हर आतंकी घटना को युद्ध के रूप में देखा जाएगा। प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रविशंकर प्रसाद ने कहा, ''पीओके में लोगों के साथ किस तरह का दुर्व्यवहार हो रहा है, क्या आप जानते हैं? वे भारत में आने के लिए रो रहे हैं। बलूचिस्तान में महिलाओं के साथ सबसे बर्बर व्यवहार किया जा रहा है। पाकिस्तान आज बहुत परेशान है। हमने चार पारंपरिक युद्ध लड़े, इनमें से कोई भी भारत ने शुरू नहीं किया, हमने केवल जवाब दिया और पाकिस्तान सभी युद्ध हार गया। 'जिन्ना ने पाकिस्तान बनाया, वह जनरल की दुकान बन गई। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अंबेडकर संग्रहालय में आकर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। इस भवन में डॉ. अंबेडकर दो वर्षों तक रहे थे। भारत सरकार ने इस महत्वपूर्ण आवास को अधिग्रहित कर संरक्षित किया है, जिसका अब भारतीय उच्चायोग द्वारा सावधानीपूर्वक रखरखाव किया जाता है। यह संग्रहालय डॉ. अंबेडकर के जीवन और कार्य से जुड़े सभी पांच स्थलों को 'स्मृति स्थल' के रूप में संरक्षित किया गया है, जो उनकी स्थायी विरासत को दर्शाता है। रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, समिक भट्टाचार्य, शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस सांसद गुलाम अली खटाना और अमर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर और राजदूत पंकज सरन शामिल हैं।

# झुग्गियों को तोड़कर गरीबों को बेघर कर रही भाजपा : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है।

आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में सदा से ही अंतर रहा है। एक बार फिर से भाजपा ने इस बात को सिद्ध कर दिया है। भाजपा ने गरीब झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई है, तो मकान देने के बजाय उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर इन गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है। यह गरीब लोग जो बड़ी ही मुश्किल से मेहनत मजदूरी करके अपना घर चला पाते हैं, भाजपा ने इनको भी नहीं बख्शा, उनके साथ भी धोखा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा के तमाम नेता झुग्गियों में प्रवास करने का ढोंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है, कि किसी पार्टी की सरकार राज्य में और केंद्र में भी सरकार है और प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए वादे को उन्हीं की पार्टी की राज्य सरकार धूमिल कर रही है। आप नेता ने कहा यह कोई एक मामला नहीं है, दिल्ली में जगह-जगह पर झुग्गियों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी वजीरपुर इलाके में कई बुलडोजरों की सहायता से झुग्गियों को तोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा लगातार की जा रही इस प्रकार की कार्रवाई से यह साफ हो गया है, कि भाजपा ना तो गरीब लोगों के सर पर छत रहने देना चाहती है और ना ही उन्हें रोजी-रोटी कमाने देना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी आश्चर्य की बात है की पूरी दिल्ली में गरीब झुग्गी वालों पर भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा इतनी बर्बरता की जा रही है और उसके बावजूद मीडिया में कहीं कोई खबर नहीं है, यह बड़े ही शर्म की बात है।

# निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी चिंतनीय : सिसोदिया

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने निजी स्कूलों की बेतहाशा फीस बढ़ोत्तरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे अभिभावक परेशान हैं, लेकिन सरकार ने आंखें मूंद रखी हैं। श्री सिसोदिया ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हर माँ-बाप की सबसे बड़ी चिंता होती है, अपने बच्चे का भविष्य। लेकिन जब स्कूल की फीस ही भविष्य पर बोझ बन जाये, तो उसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठाना ज़रूरी हो जाता है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद निजी स्कूलों की फीस बेकाबू हो गयी है। माता-पिता परेशान हैं, लेकिन सरकार ने आँखें मूंद रखी हैं। उन्होंने कहा, आज हम विपक्ष में हैं, लेकिन जनता के हित के लिए हमारे कदम रुकेंगे नहीं, हमारी आवाज़ थमेगी नहीं। आम आदमी पार्टी का दृढ़ संकल्प है कि हम हमेशा बच्चों के साथ खड़े रहेंगे, माता-पिता के साथ खड़े रहेंगे। आप नेता ने कहा, मैं, मनीष सिसोदिया, आज भी उस संकल्प के साथ बोल रहा हूँ।

# असम की 'निर्वासन' नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने निर्वासित करने की असम सरकार की हालिया नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता से सोमवार को कहा कि वह इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन से कहा कि वह राहत के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय जा सकते हैं। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े के विशेष उल्लेख करने पर सवाल करते हुए कहा, क्षमा करें। हम इसे सुनने के इच्छुक नहीं हैं। आप (याचिकाकर्ता) गुवाहाटी उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे हैं। श्री हेगड़े ने अदालत के समक्ष कहा कि याचिका शीर्ष अदालत द्वारा पहले पारित आदेश के आधार पर दायर की गई थी। अदालत पर हालांकि इन दलीलों पर असर नहीं हुआ और उसने मामले पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में इस नीति के बारे में आरोप लगाया गया है कि इसमें कथित तौर पर राष्ट्रीयता सत्यापन या कानूनी उपायों के बावजूद संदिग्ध विदेशी व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए ''व्यापक और मनमाना अभियान'' शामिल है।

सुनवाई करते हुए पीठ ने वकील से कहा, कृपया गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाएं।ङ्क इस पर श्री हेगड़े ने कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय के समक्ष उचित उपाय करने के लिए याचिका वापस ले लेंगे। न्यायालय ने उनकी इस गुहार को स्वीकार कर लिया। याचिका में यह घोषित करने की मांग की गई थी कि असम द्वारा अपनाई गई 'निर्वासन' नीति संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है और बाध्यकारी न्यायिक मिसालों के विपरीत है। याचिका में यह भी कहा गया है कि ह्लअसम सरकार द्वारा लागू की गई 'निर्वासन' नीति संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है, क्योंकि इसमें संबंधित व्यक्तियों को उचित प्रक्रिया के बिना निर्वासित किया जाता है। इस वजह से संदिग्ध व्यक्तियों को अपने निर्वासन का विरोध करने का अवसर नहीं मिलता और उनके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होता है। याचिकाकर्ता संगठन ने कहा कि धुबरी, दक्षिण सलमारा और ग्वालपाड़ा जैसे सीमावर्ती जिलों में लागू की जा रही 'निर्वासन' की यह नीति न केवल कानूनी रूप से अक्षम्य है, बल्कि इससे कई भारतीय नागरिकों खासकर गरीब और हाशिए पर पड़े समुदायों के लोगों को राज्य से बाहर करने खतरा भी है। ऐसे लोगों को या तो एकतरफा विदेशी घोषित कर दिया गया है या जिनके पास अपनी स्थिति को चुनौती देने के लिए कानूनी सहायता प्राप्त करने का कोई जरिया नहीं है। याचिका में कहा गया है, उक्त आदेश के अनुसार, असम सरकार ने कथित तौर पर विदेशी न्यायाधिकरण की घोषणा, राष्ट्रीयता सत्यापन या कानूनी उपायों के अभाव में भी, विदेशी होने के संदेह वाले व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक और मनमाना अभियान शुरू किया है।

# पेज एक का शेष

## आयोजन आज...

सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ हमारे जवान तैनात किए जाएंगे। मंदिर हो या फिर बाहर हर जगह सुरक्षा के ज़बरदस्त इंतजाम किए गए हैं। एटीएस और एसटीएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं ताकि समारोह निर्विघ्न संपन्न हो। 11 जनवरी 2025 को प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भी तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु शामिल हुए थे। इस बार भी भव्य आयोजन में भारी भीड़ की उम्मीद है। अयोध्या में उत्सव का माहौल है। राम भक्तों में इस समारोह को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक और यादगार बन सके।

## 'अगली कोविड महामारी'...

निपटारा करते हुए केंद्र सरकार को इसे एक ज्ञापन के रूप में मानने और 12 सप्ताह के भीतर तर्कसंगत आदेश के माध्यम से इस पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। जैन ने कहा कि आदेशों के बावजूद, नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने के संबंध में केंद्र द्वारा कोई दिशानिर्देश तैयार नहीं किए गए। अदालत ने कहा कि केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित अधिकारियों को अदालत के निर्देशों से अवगत कराया जाए और छह सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट पेश की जाए। इसके बाद अदालत ने सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाल दी। अदालत को बताया गया कि 30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी और याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों की चार उप-समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया। केंद्र द्वारा संचालित अस्पतालों के समिति सदस्यों को नमूना संग्रह, नमूना संग्रह केंद्रों और नमूना परिवहन नीति के लिए प्रक्रिया के मानकों को परिभाषित करना था और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी।

## देश में कोराना के ...

हैं और लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है। कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1435 केरल में और उसके बाद 506 महाराष्ट्र में हैं। दिल्ली में 483 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 338, पश्चिम बंगाल में 331, कर्नाटक में 253, तमिलनाडु में 189, उत्तर प्रदेश में 157, राजस्थान में 69, पुड्डुचेरी में 38, आंध्र प्रदेश में 30, हरियाणा में 28, मध्य प्रदेश में 23, गोवा में 10, झारखंड में 11, ओडिशा में 12, जम्मू-कश्मीर में नौ, छत्तीसगढ में सात, बिहार और असम में पांच-पांच, पंजाब में छह, सिक्किम में चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में तीन-तीन, मिजोरम में दो और चंड़ीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

## सबसे अधिक राजस्व...

जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। वहीं मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित किये गये। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमशः जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है। भू राजस्व संबंधित मामलों के निस्तारण में भी जौनपुर अव्वल इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व जौनपुर निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर हैं। वहीं अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने 50 के मानक के मुकाबले 146 मामलों का निस्तारण कर 292 प्रतिशत हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि 138 मामले निस्तारित कर बाराबंकी दूसरे और 114 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रथम जौनपुर अपने मानक 60 के सापेक्ष कुल 80 राजस्व वादों निस्तारण कर सूची में 37वें स्थान पर है, जबकि अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय जौनपुर अपने मानक 60 के सापेक्ष कुल 63 राजस्व वादों का निस्तारण कर सूची में 37वें स्थान पर हैं।

## पराग्वे लैटिन अमेरिका...

डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्ज़ा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है। हमारा भूगोल भले ही अलग हो, लेकिन हमारे लोकतांत्रिक आदर्श और जनकल्याण की एक ही सोच है। श्री मोदी ने कहा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और नशीली दवाओं की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ का एक अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएँ, आकांक्षाएँ और चुनौतियां समान हैं, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन, पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर सके। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा आपसी विश्वास, व्यापार और घनिष्ठ सहयोग के स्तंभों को नई ताकत प्रदान करेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों में नए आयाम भी जोड़ेगा। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जहाँ हमने कई विषयों पर बढ़ते सहयोग पर चर्चा की। हम इन सभी क्षेत्रों में पराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी कुमारन ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्लदोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा और सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, खनन सहित द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयाम पर व्यापक चर्चा की। मेहमान राष्ट्रपति पेना पलासियोस की राष्ट्रपति भवन में शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात होगी जहाँ उनके लिए एक भोज आयोजित किया जाएगा। श्री कुमारन ने कहा, भारत और पराग्वे ने संयुक्त राष्ट्र सहित कई बहुपक्षीय मंचों पर एक साथ काम किया है और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर घनिष्ठ संपर्क बनाए रखा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए भारत के उम्मीदवार के लिए पराग्वे से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस ने श्री मोदी को पराग्वे आने के लिए आमंत्रित किया।

## यूरिया के ज्यादा इस्तेमाल...

प्रतिशत नाइट्रोजन ही फसलों द्वारा ग्रहण की जाती है और बाकी पर्यावरण में बर्बाद हो जाती है, जिससे उत्पादकता और मिट्टी की सेहत पर असर पड़ता है। इस चर्चा में मौजूद विशेषज्ञों ने मिट्टी की सेहत और मानव पोषण के बीच सीधे संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जिंक की कमी वाली मिट्टी बच्चों में अवरुद्ध वृद्धि (स्टंटिंग) का एक प्रमुख कारण बनती है और यह देश की दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता के लिए भी एक खतरा है। बैठक में यह सहमति बनी कि मिट्टी की सेहत को फिर से बहाल करना केवल पैदावार बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि भोजन की पोषण गुणवत्ता सुधारने और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य व विकास को सुरक्षित करने के लिए भी जरूरी है।

# मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से पूर्ण करें: नीतीश कुमार

■ मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ तथा पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्यों का लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर रुककर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और यहां पर आकर मिलेगा। मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड में मीठापुर रेलवे क्रासिंग के पास दोनों तरफ सर्विस रोड होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से पूर्ण करें। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, बाईपास में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। पटना तथा पटना के बाहर जाने वाले लोगों को भी काफी सहूलियत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री पुनपुन घाट पर भी गए और वहां किए गए सौंदर्योगीकरण कार्य का भी जायजा लिया। वहां उपस्थित लोगों से मुख्यमंत्री ने उनका हालचाल जाना। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य तथा पुनपुन घाट के सौंदर्गीकरण का कार्य कराए जाने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस क्षेत्र का आपने कायाकल्प कर दिया है। क्षेत्र के विकास के लिए आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनपुन घाट तक अब लोग आसानी से पहुंच सकेंगे और उन्हें अपने पतरों को पिंडदान करने में सहूलियत होगी। उनकी सारी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारा इस क्षेत्र से पुराना लगाव है। हम हमेशा इधर आते रहे हैं। लोगों की सुविधाओं के लिए हम लगातार कार्य में लगे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने महुली में बिहटा-सरमेरा पथ तथा पटना-गया-डोभी पथ के क्रॉसिंग प्वाइंट अंडर पास के समीप रूककर निर्माणाधीन सर्विस रोड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस सर्विस पथ के निर्माण से बिहटा-सरमेरा पथ का पटना-गया-डोभी पथ से लिंक हो जाएगा।

# 24.28 करोड़ रुपये से सोनपुर मेला का होगा आधुनिकीकरण विकसित होंगी डिजिटल और हरित सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सोनपुर मेला स्थल, सारण में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। सोमवार को यहां उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 की उप-योजना (सीबीडीडी ) के तहत सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है। इससे स्थानीय रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार सोनपुर मेले को देशभर में ही नहीं , बल्कि वैश्विक पर्यटन के लिए डिजिटल और पर्यावरण-संवेदनशील स्थल के रूप में विकसित कर रही है। श्री चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत प्रवेश द्वार, हाट निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, घाट तक संपर्क, पार्किंग और शटल सेवा का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नये स्वरूप में प्लास्टिक मुक्त मेला क्षेत्र, अपशिष्ट प्रबंधन, सौर ऊर्जा और पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसी हरित पहल पर भी काम किया जाएगा। वहीं डिजिटल पहल के तहत मेला मोबाइल ऐप, कैशलेस भुगतान, वर्चुअल दर्शन और स्मार्ट पार्किंग जैसी सेवाओं का निर्माण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सारण जिले का सोनपुर मेला स्थल एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि मेला स्थल के समग्र विकास से आने वाले पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं मिलेंगी,व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे और सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उल्लेखनीय है कि सोनपुर में गंगा-गंडक नदी के संगम पर हर वर्ष शरद ऋतु में कार्तिक पूर्णिमा ( इस वर्ष 5 नवंबर) पर महीने भर चलने वाला मेला लगता है। इसे एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला हाथी-घोड़ा, गाय-बैल और दूसरे पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए प्रसिद्ध रहा है।

# छह माह से मंडावली में रह रहा था गिरफ्तार बांग्लादेशी दंपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के मंडावली इलाके से अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेश के दो नागरिकों के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इन दोनों के पास से बांग्लादेश के पहचान पत्र भी बरामद हुए हैं। दरअसल, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इन दोनों का 29 मई को पकड़ा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की तलाश और कार्रवाई का जिम्मा सौंपा गया था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंडावली गांव में मामून खान (30) और इसकी पत्नी माऊ खान (24) को संदिग्धों की गतिविधियों के बाद पकड़ लिया था। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश के निवासी हैं और बिना किसी वैध वीजा या दस्तावेज के भारत में रह रहे हैं। डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि पुलिस की जांच के बाद दोनों के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों ने करीब छह महीने पहले भारत-बांग्लादेश सीमा तक पहुंचने और वहां से बिना किसी पासपोर्ट के खेतों के बीच से सीमा पार की और दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली आने के बाद दोनों ने मंडावली इलाके में सब्जी बेचने का काम शुरू कर दिया।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बदरीविशाल के भी किए दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बदरीनाथ धाम के भी दर्शन किए। उन्होंने बदरीविशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और बदरीविशाल से देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री रेखा के बदरीविशाल धाम पहुंचने पर बीकेटीसी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व आज सबसे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार के साथ केदारनाथ धाम पहुंची थीं जहां हेलीपैड पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति व श्रीकेदार सभा के पदाधिकारियों और केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया । मुख्यमंत्री रेखा ने केदारनाथ मंदिर पहुंच कर रूद्राभिषेक किया और पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश और लोक मंगल की कामना की। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद कहा कि वह परिवार के साथ बाबा के धाम में पूजा-अर्चना करने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हैं। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को बाबा केदार का प्रसाद और रुद्राक्ष की माला भेंट की। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड सरकार और मंदिर समिति की यात्रा व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, पुजारी बागेश लिंग, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उमेश पोस्ती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रमोद बगवाड़ी, प्रदीप सेमवाल, अरविंद सेमवाल, पारेश्वर त्रिवेदी कुलदीप धर्म्वाण आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार के साथ उत्तराखंड के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने हरिद्वार में गंगा नदी में पुण्य स्नान किया और यमुना को साफ करने का संकल्प लिया। इसके बाद उन्होंने हरिद्वार में हरिहर आश्रम में स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज से भी मुलाकात की थी और साध्वी ऋतंभरा के कनखल स्थित वात्सल्य गंगा आश्रय धाम के लोकार्पण में भाग लिया था।

## महिला ने बच्चों के साथ मिलकर की सौतन की हत्या

नई दिल्ली। दक्षिणी पूर्वी जिले के जामिया नगर इलाके में सोमवार सुबह एक महिला ने बच्चों के साथ मिलकर अपनी सौतन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद महिला ने घर में चोर घुसने की कहानी बनाकर पुलिस को फोन कर दिया। सूचना के बाद पहुंची जामिया नगर थाना पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दक्षिण पूर्वी दिल्ली जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जामिया नगर इलाके में सोमवार सुबह 4:25 बजे पुलिस को सूचना मिली कि इलाके के एक फ्लैट में दो संदिग्ध घुसे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को चौथी मंजिल के एक फ्लैट में 35 वर्षीय महिला नसबु का खून से लथपथ शव मिला। महिला के गले और पेट पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि नसबु अपने पति अंसार खान की दूसरी पत्नी थी। अंसार खान की पहली पत्नी अफसरी और उनके तीन नाबालिग बेटे उसी फ्लैट में रहते हैं। अंसार खान फिलहाल सऊदी अरब में काम कर रहा है।

## सभी वर्गों के समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा सवर्ण आयोग : राजकुमार सिंह

भागलपुर। सवर्ण आयोग के सदस्य पद का दायित्व संभालने के उपरांत भागलपुर पहुंचे राजकुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आयोग की भावी कार्ययोजना, सामाजिक समरसता के प्रति प्रतिबद्धता एवं सवर्ण समाज के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान राजकुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा गठित यह आयोग सवर्ण समाज के सभी वर्गों के समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि आयोग का उद्देश्य किसी वर्ग विशेष को प्राथमिकता देना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आयोग जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करेगा तथा नीति-निर्माताओं को ठोस सुझाव प्रदान करेगा।

# सीमापुरी से 16 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। शाहदरा जिले के सीमापुरी इलाके में विदेशी सेल और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 30 मई को खुफिया सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में 4 पुरुष, 5 महिलाएं और 7 बच्चे (जिनकी उम्र 5 वर्ष से अधिक है) शामिल हैं।

डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि जिले की विदेशी सेल को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी नागरिक उत्तर प्रदेश-दिल्ली सीमा के पास शहीद नगर से होते हुए सीमापुरी में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना को पुख्ता कर एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें विदेशी सेल और स्पेशल स्टाफ के अधिकारी शामिल थे। पुलिस ने निगरानी और सूत्रों से प्राप्त पहचान के आधार पर सीमापुरी में प्रवेश कर रहे समूह को रोक लिया और मौके पर ही सभी 16 लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान पुष्टि हुई कि सभी बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के भारत में घुसे थे। गिरफ्तारी के बाद सभी को दस्तावेजी प्रक्रिया के लिए थाने लाया गया और विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया है। गिरफ्तार लोगों ने पूछताछ में बताया कि वे करीब 18-19 साल पहले बांग्लादेश के अपने गांवों से गरीबी से तंग आकर रोजगार की तलाश में निकले थे। ये गांव भारत-बांग्लादेश सीमा से केवल 40-50 किलोमीटर दूर स्थित हैं। आगे पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने रात के अंधेरे में सीमा पार की थी। सीमा पार करने के बाद ये लोग पश्चिम बंगाल के कूचबिहार क्षेत्र में कुछ समय रुके और फिर ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। बाद में हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में स्थित ईंट-भट्टों में मजदूरी करने लगे। इन भट्टों पर काम करते हुए ये लोग बिना किसी सरकारी जांच के वर्षों तक छिपकर रहते रहे। भट्टा मालिकों ने उन्हें बिना दस्तावेज के काम पर रखा क्योंकि वे सस्ते श्रमिक के रूप में काम करते थे।

# लूटपाट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह हाल के दिनों में क्षेत्र में हुई दो बड़ी लूट की वारदातों में शामिल थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 40,000 नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने सोमवार को बताया कि पहली वारदात 21 मई को घटी, जब संदीप कुमार नामक युवक, जो एयरटेल में कलेक्शन एजेंट है, 90,000 रुपये लेकर गीता कॉलोनी स्थित ऑफिस जा रहा था। जैसे ही वह ईस्ट आज़ाद नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो दो हेलमेट पहने बदमाशों ने उसकी स्कूटी रोककर हथिथार के बल पर लूट को अंजाम दिया। दूसरी वारदात 22 मई को हुई, जब विश्वास नगर निवासी राज कुमार सिंह 3.34 लाख की नकदी लेकर लौट रहे थे। झिलमिल रेलवे अंडरपास के पास दो युवकों ने उन्हें रोका, मारपीट की और उनकी स्कूटी समेत नकदी लूटकर फरार हो गए। डीसीपी के अनुसार इन घटनाओं के बाद शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ, थाना कृष्णा नगर, विवेक विहार और तकनीकी निगरानी टीमों ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। सीसीटीवी विश्लेषण और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर मुख्य आरोपित रमेश्वर माथुर उर्फ रामू की पहचान की गई। पुलिस ने लगातार निगरानी के बाद उसे उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव तहौर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि उसने लूटी गई रकम का एक बड़ा हिस्सा क्लब में खर्च किया और कुछ पैसों से अपने कर्ज चुकाए।

# बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, प्रशासनिक विफलता का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। अनियमित बिजली आपूर्ति और घंटों बाधित बिजली सेवा से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। जिले में पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत दोस्तलीबीघा पंचायत के लोगों ने सोमवार को पकरीबरावां बाजार में मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम के साथ ही विरोध प्रदर्शन एक घंटा तक जारी रहा। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई । आम जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गया। जाम में फंसे बच्चे चीख पुकार मचा रहे थे । ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में न तो बिजली नियमित रहती है और न ही वोल्टेज की स्थिति संतोषजनक है। रविवार की शाम से ही आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे लोगों को पीने के पानी से लेकर दैनिक जरूरतों तक में भारी परेशानियों झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में जरूरत से कम क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया गया है और लोड अधिक होने के कारण आए दिन आपूर्ति बाधित हो जाती है। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीण आरोप लगा है कि जिलाधिकारी को भी इसकी सूचना दी गई । बावजूद समस्या के निदान की दिशा में किसी तरह का सार्थक कदम नहीं उठा या जा सका । जो प्रशासनिक विफलता का परिणाम है। इधर, सड़क जाम की सूचना मिलते ही पकरीबरावां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। हालांकि स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग की ओर से अबतक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र में नाराजगी व्याप्त है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का आरोप लगा है कि सरकारी खर्च पर जनरेटर की मजा ले रहे अधिकारियों को किसानों की तनिक भी चिंता नहीं है। अपने मौज मस्ती में व्यस्त हैं ।अपने जिम्मेवारियों का पालन नहीं कर रहे हैं। अधिकारियों पर नौकरी की घड़ियां गिन शुभ लाभ का भी आरोप लगाया गया है।

## 'मेवाती गैंग' का सरगना गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 'मेवाती गैंग' के सरगना राहुल खान को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर अंतरराज्यीय स्तर पर एटीएम चोरी, डकैती, हत्या की कोशिश, गौ वध और अवैध हथियारों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एजीएस यूनिट ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपित राहुल खान को हरियाणा के नूंह जिले के गांव अड़बर से गिरफ्तार किया। आरोपित की गिरफ्तारी पूर्व में पकड़े गए अपराधी सबीर की निशानदेही पर की गई, जिसने खुलासा किया कि उसके पास से बरामद हथियार राहुल खान ने ही उपलब्ध करवाए थे। सबीर और एक अन्य आरोपित मुन्फ़ेद को 13 मई को दिल्ली के बिजवासन-नजफगढ़ रोड के पास से एक बोलेरो गाड़ी में पकड़ा गया था। उनके पास से दो पिस्तौल बरामद हुए थे। पूछताछ के दौरान आरोपित ने एक ठिकाने का खुलासा किया, जहां से दिल्ली के छावला नाले के पास से एक और अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि पकड़े गए राहुल खान के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के विभिन्न थानों में कुल 20 से अधिक संगीन अपराधों के मामले दर्ज हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063